ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● श्रावण शुक्ल पक्ष 15 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 30 अगस्त 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 207 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

आमिर खान 2024 में क्रिसमस रिलीज के ... पेज 12 पर



# जेएसएलपीएस ने लांच किया फॉरेस्ट हनी

## 9000 परिवारों को मिलेगा लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (जेएसएलपीएस) की महिला किसान सशक्तीकरण सशक्तिकरण परियोजना (एमकेएसपी) अंतर्गत फॉरेस्ट शहद की लॉन्चिंग राज्य के विभिन्न जिलों से आई सखी मंडल की महिलाओं ने किया। झारखंड के सुदूर घने जंगलों में पारंपरिक रूप से उत्पादित होने वाले शहद प्राकृतिक रूप से एकत्र की जाती है। औषधीय गुणों से भरपूर फॉरेस्ट हनी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है।



झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक रूप से फॉरेस्ट हनी का उत्पादन होता आ रहा है लेकिन सही तकनीक और बाजार व्यवस्था की जानकारी के अभाव में यह विलुप्ति के कगार पर था। मंगलवार को एमकेएसपी परियोजना के तहत जेएसएलपीएस ने पहल करते हुए राज्य के चार जिलों रांची, लातेहार, खूंटी एवं सिमडेगा के 10 प्रखंडों में 183 गांव के सखी मंडल से जुड़े 9000 परिवारों को वैज्ञानिक विधि से मधु उत्पादन का प्रशिक्षण देकर आजीविका के नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

इसके अलावा महिलाओं द्वारा उत्पादित शुद्ध शहद सामुदायिक संस्थानों के माध्यम से शहद संग्रहण कर पलाश ब्रांड के तहत पैकेजिंग कर बाजार में उपलब्ध करवाए जाएंगे। इनोवेटिव हनी लाईवलीहुड परियोजना के तहत सखी मंडल की महिलाओं द्वारा महिला अग्रणी किसान सशक्तिकरण वेबसाइट लांच हुआ।

सीओओ विष्णु चरण परिदा ने कहा कि फॉरेस्ट हनी उत्पादन के जरिए सखी मंडल की महिलाओं को आजीविका के नए अवसर प्रदान कर सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने फॉरेस्ट हनी की पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रोडक्ट क्वालिटी पर खास जोर देते हुए बताया की उनके द्वारा उत्पादित प्रोडक्ट राज्य के साथ-साथ सरस मेले में राष्ट्रीय स्तर पर भी लोगो द्वारा खरीदी और पसंद की जाती है।

## केन्द्रीय कैबिनेट का फैसला

# घरेलू गैस सिलेंडर 200 रुपये सस्ता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार ने घरेलू उपयोग से जुड़े गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस फैसले को आज मंजूरी प्रदान की। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि ओणम और रक्षा बंधन पर मोदी सरकार ने बहनों को एक बड़ी सौगात दी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस की कीमतों में इजाफे के बावजूद सरकार ने देश में गैस



के दामों को बढ़ने नहीं दिया है। अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए इनके दाम में 200 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से कटौती की गई है। उन्होंने कहा, गैस सिलेंडर सस्ता हुआ फिर एक बार, राखी पर बहनों को मोदी सरकार का उपहार। उन्होंने बताया कि इसका देश के 33 करोड़ उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इससे सरकार पर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7,680 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इसके अलावा ठाकुर ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत 75 लाख बहनों को सरकार मुफ्त में गैस कनेक्शन देगी। सरकार पहले ही धुएं से मुक्ति के लिए 9.60 करोड़ बहनों को उज्जवला योजना का लाभ दे चुकी है। इसके लिए गैस सिलेंडर, चूल्हा, पाइप व अन्य सामग्री बिना एक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### नसीम अंसारी हत्याकांड के तीन दोषियों को उम्रकैद

**रांची।** रांची के नेवरी इलाके में हुई नसीम अंसारी हत्याकांड के तीनों दोषियों के खिलाफ अपर न्यायायुक्त दिनेश राय की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुना दिया है। अदालत ने मोईद अंसारी, सज्जू खान और मोख्तार अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने तीनों पर बीस-बीस हजार का जुमार्ना भी लगाया है। अदालत ने यह निर्देश दिया है कि दोषियों से मिलने वाली जुर्माने की राशि मृतक के परिजनों को दी जाएगी। इससे पूर्व अदालत ने गत 23 अगस्त को तीनों आरोपितों को दोषी करार दिया था। इस संबंध में मृतक के भाई रजब अंसारी ने सदर थाना में कांड संख्या 207/16 दर्ज करवाई थी। यह घटना 20 मई 2016 को हुई थी। केस के सूचक की ओर अधिवक्ता मासूम खान और जीशान खान ने बहस की।

### रीमा कुजूर की हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**रांची।** बुढ़मू थाना पुलिस ने रीमा कुजूर हत्याकांड मामले का खुलासा करते हुए अजय भगत को गिरफ्तार किया है। वह बुढमू का रहने वाला है। इसके पास से हत्या में प्रयुक्त दउली, खून लगा कपड़ा बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी हारिस बिन जमा ने मंगलवार रात संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 27 अगस्त को कुएं से एक युवती का शव बरामद किया गया था। मामले में परिजनों ने हत्या का मामला दर्ज कराया था।

### चतरा में ब्राउन शुगर के साथ दंपती गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने 60 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ मंगलवार को एक दंपति को गिरफ्तार किया है। दंपति की गिरफ्तारी सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा स्थित उसके घर से हुई। गिरफ्तार दंपति सुनीता देवी और पति बिरजु भुइयां हैं। बताया जा रहा है कि आरोपित महिला यूपी के लखनऊ में करीब दो वर्ष पूर्व अफीम के साथ पकड़ी गई थी। एक साल जेल में रहने के बाद जमानत पर उसे रिहा किया गया था। जेल से निकलने के बाद अब वह चतरा में फिर से मादक पदार्थ के कारोबार में जुट गई थी।

## सीएम ने केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी को लिखा पत्र, बोले

# राज्य की संस्कृति का हो सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्रालय, भारत सरकार में मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न कोयला खनन परियोजनाओं एवं निजी कोयला परियोजना का नामकरण स्थानीय स्थल, गांव, मौजा, पंचायत, प्रखंड, झारखंड राज्य के महापुरुषों एवं दर्शनीय स्थलों आदि के



अनुरूप किया जाए।


हेमंत सोरेन ने पत्र में अनुरोध किया है कि कोल इंडिया लिमिटेड, निजी कंपनियों एवं अन्य लोक उपक्रमों के द्वारा संचालित खनिज परियोजनाओं का नामकरण भारत सरकार द्वारा स्थानीय जनमानस की भावनाओं, परंपरा, संस्कृति आदि के आधार पर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने चतरा जिला में संचालित खनन परियोजनाएं आम्रपाली कोयला परियोजना, अशोक कोयला परियोजना एवं मगध कोयला परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा है कि इन कंपनियों द्वारा जन भावनाओं के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# कार ने 14 को रौंदा, चार की मौत, 10 घायल

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

झारखंड के पलामू जिले में नशे में चूर कारचालक ने 14 लोगों को रौंद दिया। इनमें से चार की मौत हो गई। बाकी घायलों में एक व्यक्ति की हालत बेहद नाजुक है। यह वाकया सोमवार रात चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव के पास शाहपुर-गढ़वा मुख्य मार्ग पर चढवना के पास हुआ। सभी घायलों का एमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतकों में नरसिंहपुर पथरा निवासी वशिष्ठ महतो का पुत्र उदल प्रसाद चौरसिया और उनका पोता रोहित कुमार (चाचा-भतीजा) एवं कोटा निवासी मधु मेहता शामिल हैं। इनकी मौत घटनास्थल पर हुई। एक जख्मी ने आज (मंगलवार) इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों से मिलने के बाद स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया ने बताया कि




चढवना टोला में पहाड़ी बाबा के पास सावन के अंतिम सोमवार की खुशी में मेला एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने जा रहे थे। तभी यह हादसा हुआ। चालक एक किलोमीटर आगे कार छोड़कर फरार हो गया। चैनपुर पुलिस सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची। विधायक चौरसिया ने मुख्यमंत्री से प्रत्येक मृतक के आश्रित को 10 लाख रुपये और घायलों को इलाज एवं आर्थिक सहयोग प्रदान करने की मांग की है।

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर शोक संदेश में दिवंगत लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि घायलों का इलाज किया जा रहा है। दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# टीपीसी के दो उग्रवादियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



### टीपीसी एरिया कमांडर के लिए वसूलते थे रंगदारी

### सिम कार्ड समेत अन्य चीजें भी कराते थे एरिया कमांडर को मुहैया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने चान्हो में पुल निर्माण करने वाले ठेकेदार ने रंगदारी देने से इंकार करने पर उसके कंस्ट्रक्शन साइट पर हमला कर मारपीट करने के मामले का खुलासा कर लिया है। इस घटना को उग्रवादी संगठन टीपीसी के सदस्यों ने ही अंजाम दिया था। पुलिस ने दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में सूरज कुमार साहु उर्फ मुकेश साहू और विकास राम शामिल है। दोनों बुढ़मू थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी हारिश बिन जमा ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी टीपीसी सुप्रीमो दिनेश और एरिया कमांडर विक्रम गंझू के लिए काम करते हैं। संगठन के लिए व्यवसायियों और जमीन कारोबारियों से लेवी वसूल कर एरिया कमांडर तक पहुंचाते हैं। यहां तक कि एरिया कमांडर को मोबाइल और उसका सिम भी उपलब्ध कराते हैं। पकड़ाए दोनों उग्रवादियों को संगठन का विस्तार और युवाओं को जोड़ने की जिम्मेवारी दी गई थी। पूछताछ में दोनों उग्रवादियों ने पुलिस के समक्ष इस बात को स्वीकारा भी। उग्रवादियों ने पूछताछ में ठेकेदार से रंगदारी मांगने और उसके साइट पर हमले की भी बात बतायी है।

पुल निर्माण करने वाले ठेकेदार मुमताज अंसारी से दो अलग-अलग मोबाइल नंबर से रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी मांगने वाले खुद को टीपीसी एरिया कमांडर विक्रम गंझू बताया। धमकी दी कि रंगदारी की रकम नहीं मिली तो फौजी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जब मोबाइल नंबर की जांच पड़ताल की तो पता चला कि दोनों नंबर स्थानीय महिलाओं की है। उन महिलाओं से जब पुलिस ने पूछताछ किया तो दोनों ने मोबाइल नंबर उनका होने की बात इंकार कर दिया। इसके बाद जब पुलिस ने दोनों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## क्रिप्टो करेंसी के जरिए 95 लाख की ठगी का मामला

# महाराष्ट्र से दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

### महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से हुई गिरफ्तारी

### जीवनसाथी.कॉम के जरिए की ठगी

### किंगपिन विदेश में है, गिरफ्तार आरोपी है कुरियर कर्मी

### 22 बैंको के खातों का प्रयोग





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद में छापेमारी कर क्रिप्टोकरंसी के जरिए ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। साइबर अपराधियों के इस गिरोह ने धनबाद के रहने वाले एक व्यक्ति से क्रिप्टोकरंसी में निवेश का झांसा देकर 95 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था।

महाराष्ट्र पुलिस की सहायता से सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने क्रिप्टोकरंसी के जरिए ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों प्रतीक सन्तोषराव राउत और अभिषेक संतोष तुपे औरंगाबाद से गिरफ्तार किया है। झारखंड में क्रिप्टो करेंसी के जरिए ठगी के कई मामले रिपोर्ट हुए है, लेकिन यह पहला मामला है जिसमे सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच को कामयाबी हाथ लगी है। इस मामले में सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने 40 लाख 74 हजार रुपये फ्रिज भी करवा दिया था। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से मोबाइल, सिम कार्ड, एटीएम, आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित कई बैंकों के चेक बरामद किए गए हैं।

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि जीवनसाथी.कॉम पर उपलब्ध प्रोफाइल के माध्यम से साइबर अपराधियो ने धनबाद के एक व्यक्ति से फिशिंग वेबसाइट बानोक्वाइन डॉट कॉम पर क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के बहाने 95 लाख रुपये की ठगी की थी। ठगी के बाद सीआईडी रांची में आईटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सभी फर्जी वेबसाइटों का मूल स्थान हांगकांग, चीन और कंबोडिया में पाया गया। मनी ट्रेल से यह जानकारी हासिल हुई कि ठगी के पैसे महाराष्ट्र, यूपी और दिल्ली के कुछ इंडियन बैंक खातों में भी भेजे गए है। जिसके बाद सीआईडी झारखंड ने आई4सी, गृह मंत्रालय की मदद से एसपी महाराष्ट्र साइबर संजय शिंत्रे की मदद मांगी। महाराष्ट्र पुलिस ने ठगी के इस मामले में पूरी मदद की जिसके कारण मामले का खुलासा हुआ और दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। झारखंड सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि गिरफ्तार दोनों साइबर अपराधी एजेंट मात्र है। इस कांड का मुख्य आरोपी विदेश में बैठा हुआ है जिसके बारे में सीआईडी को पूरी जानकारी मिल गई है। मुख्य आरोपी भारत का ही रहने वाला है उसके पासपोर्ट संबंधित जानकारी इकट्ठा की जा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश

# ईडी को मुहैया कराएं दाखिल आरोप पत्र की प्रतिलिपि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि यदि ईडी चाईबासा में मनरेगा घोटाले मामले के अनुसंधान से संबंधित दस्तावेज की प्रतिलिपि की मांग करती है तो उसे उपलब्ध कराए। चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

इससे पहले ईडी ने कोर्ट को बताया कि मामले में कई केस में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने आरोप पत्र दाखिल कर दिया है लेकिन आरोप पत्र की प्रतिलिपि मांगे जाने पर राज्य सरकार द्वारा ईडी को मुहैया नहीं कराया जा रहा है। इस पर कोर्ट ने सरकार को ईडी द्वारा मांगे जाने वाले दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा कि ईडी चाहे तो संबंधित कोर्ट से आरोप पत्र की सर्टिफाइड कॉपी भी निकाल सकती है।

इससे पहले राज्य सरकार की ओर से मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताया गया कि एसीबी ने मामले में 14 प्राथमिकी दर्ज की



है। इनमें से 10 केस में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है जबकि चार केस में अभी अनुसंधान चल रहा है। राज्य सरकार के स्टेटस रिपोर्ट पर सुनवाई के लिए 31 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने पैरवी की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने एसीबी में दर्ज 14 एफआईआर के संबंध में सरकार से पूछा था कि इन केस की वर्तमान में जांच की क्या स्थिति है। इस पर सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी गई थी, जिसे सरकार की ओर से मंगलवार को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

## रक्षाबंधन का चांद होगा सुपर ब्लूमून, सारिका ने कहा


# चंद्रमा और ज्यादा चमकीला दिखेगा

### नीला नहीं, सफेद चमक के साथ बड़ा और चमकदार दिखेगा सुपर ब्लूमून

**एजेंसी। भोपाल**

खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए बुधवार, 30 अगस्त का दिन बेहद खास होने जा रहा है। इस दिन रक्षाबंधन के मौके पर आसमान में ब्लू सुपरमून नजर आने वाला है। ब्लूमून नाम से दिखने जा रहे इस सुपरमून की चमक जहां आम पूर्णिमा की तुलना में अधिक होगी, वहीं उसका आकार भी कुछ बड़ा दिखेगा। यह जानकारी मंगलवार को भोपाल की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दी।

उन्होंने बताया कि बुधवार को हमसे लगभग 3 लाख 57 हजार 181 किलोमीटर दूर रहकर चांद पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए निकट बिंदु पर होगा। इस कारण वह माइक्रोमून की तुलना में लगभग 14 प्रतिशत बड़ा और 30 प्रतिशत



अधिक चमकदार दिखेगा।

सारिका ने बताया कि दो पूर्णिमा के बीच 29.5 दिन का अंतर होता है और अगर पहली पूर्णिमा महीने की 1 या 2 तारीख को आती है तो दूसरी पूर्णिमा भी उस ही माह आ जाती है। एक ही अंग्रेजी कैलेंडर माह में दो पूर्णिमा आने पर दूसरी पूर्णिमा के चंद्रमा को मंथली ब्लूमून नाम दिया गया है। एक अगस्त को पूर्णिमा के बाद बुधवार, 30 अगस्त को दूसरी पूर्णिमा है।

उन्होंने बताया कि ब्लूमून का दूसरा प्रकार सीजनल ब्लूमून होता है। अगर तीन महीने के किसी खगोलीय सीजन में चार पूर्णिमा आती है, तो तीसरी पूर्णिमा का चांद सीजनल ब्लूमून कहलाता है। सीजनल ब्लूमून कम बार आता है। एक अनुसंधान के अनुसार 1100 सालों में 408 सीजनल ब्लूमून तथा 456 मंथली ब्लूमून की घटना की गणना की गई है। अगला ब्लूमून 2024 में 19 अगस्त को होगा और यह सीजनल ब्लूमून होगा।

सारिका ने बताया कि यह सुपरब्लूमून नीला नहीं दिखेगा, बल्कि पूर्णिमा के चांद की तरह ही चमक रहा होगा। दुर्लभ वस्तुओं या घटनाओं के नाम के आगे ब्लू लगा दिया जाता है। अतः मान्यता के अनुसार कुछ लोगों ने इसे ब्लूमून नाम दिया है।

उन्होंने बताया कि नीले नहीं सफेद चमक के साथ दिखने जा रहे ब्लूमून नाम के सुपरमून की चमक को रक्षाबंधन बनाते हुए आसमान में देखने का लुफ्त उठा सकते हैं। इसे तिरंगामून नाम भी दे सकते हैं, क्योंकि इस चांद के शिवशक्ति पाइंट के आसपास हमारे तिरंगे के साथ प्रज्ञान रोवर भी चहलकदमी कर रहा है।

# झारखंड हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों को अब आजीवन मिलेंगे दो स्टाफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीशों को राज्य सरकार के खर्च पर आजीवन दो स्टाफ उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है। झारखंड सरकार ने इसके लिए द हा कोर्ट ऑफ झारखंड (कंडीशंस ऑफ इंगेजमेंट ऑफ को-टर्मिनस एम्प्लॉयीज) रूल्स, 2019 नामक प्रस्तावित नियमावली अनुमोदन के लिए राज्यपाल के पास भेजी है। को-टर्मिनस आधार पर स्टाफ नियुक्ति की ऐसी ही नियमावली पूर्व में भी राज्यपाल के पास भेजी गई थी। तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने तब इस प्रस्ताव पर सवाल उठाए थे और यह अनुमोदित नहीं हो पाया था। झारखंड कैबिनेट ने 11 अगस्त को इस प्रस्तावित नियमावली को राज्यपाल के पास भेजने का निर्णय लिया। यह नियमावली लागू हो जाने पर न्यायाधीशों के साथ को-टर्मिनस आधार पर दो स्टाफ उनके पूरे जीवन के लिए संलग्न किए जाएंगे। न्यायाधीश का निधन होने पर उनके जीवनसाथी (पति या पत्नी) को भी यह सुविधा प्राप्त होगी। न्यायाधीश के सेवाकाल में ही ये कर्मी नियुक्त होंगे और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके साथ ही रहेंगे। सेवा काल में अगर जज का तबादला दूसरे राज्य में होता है तो दोनों कर्मी भी उनके साथ जाएंगे। इन दोनों कर्मियों का वेतन राज्य सरकार ही देगी। चतुर्थ श्रेणी के दोनों कर्मियों के लिए शुरूआती वेतन करीब 20-20 हजार रुपये होंगे।

प्रस्तावित नियमावली के अनुसार जज के सेवाकाल में ही ये कर्मी नियुक्त होंगे और जज की सेवानिवृत्ति के बाद भी उनके साथ ही रहेंगे। इन कर्मियों का चयन भी न्यायाधीश स्वयं करेंगे। सेवा काल में अगर जज का तबादला दूसरे राज्य में होता है तो दोनों कर्मी भी उनके साथ जाएंगे। अगर कर्मी किसी ऐसे राज्य में जज के साथ जाते हैं जहां इन कर्मियों के लिए भुगतान को लेकर कोई कानून नहीं है तो झारखंड सरकार ही उनका भुगतान करती रहेगी। वर्तमान में न्यायाधीशों को हर माह लगभग आठ हजार रुपये निजी स्टाफ रखने के लिए दिए जाते हैं। इस तरह के प्रावधान दक्षिण भारत के एक-दो राज्यों में पहले से लागू हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व जजों को सेवानिवृत्ति के बाद अतिरिक्त सुविधाओं में बढ़ोतरी की अधिसूचना जारी की थी। केंद्र की अधिसूचना के मुताबिक उन्हें रिटायरमेंट के एक साल बाद तक एक सचिव और एक ड्राइवर मिलेगा।

# बाबूलाल की संकल्प यात्रा से घबराई हेमंत सरकार : डॉ लक्ष्मीकांत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के प्रदेश प्रभारी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राज्य के सत्तापक्ष द्वारा बाबूलाल मरांडी पर लगाए गए आरोप को लेकर हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला। डॉ वाजपेयी ईसरी में मंगलवार को प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। वाजपेयी ने कहा कि को खुद ईडी के डर से भागा भागा फिर रहा हो वो बाबूलाल मरांडी पर बेतुका,अनर्गल आरोप लगा रहा। उन्होंने कहा कि ये तो केवल भ्रम फैलाकर जनता को दिग्भ्रमित किया जा रहा। सरकार में हिम्मत है और आरोप में दम है तो उनके पास जितनी जांच एजेंसियां हैं उससे जांच कराएं और दोषियों को सजा दें। उन्हे ऐसा करने से कौन रोक रहा है? बाबूलाल मरांडी भागने वाले नेता नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट भी कहेगा, जाकर ईडी के सवालों का जवाब दें। उन्होंने कहा कि दरअसल हेमंत सरकार बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को मिल रहे व्यापक जन समर्थन से घबरा गई है। संथाल परगना की जनता ने लाखों की संख्या में यात्रा में शामिल होकर सरकार की नींद हराम कर दी है। इसलिए सत्ता पक्ष बौखलाया है और मरांडी जी पर आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में केवल राज्य के खान खनिज बालू पत्थर,जमीन को लूटा है। यह भ्रष्टाचार की बात अब गांव-गांव तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने एक भी वायदे चाहे प्रतिवर्ष 5 लाख नौकरी देने का हो या बेरोजगारी भत्ता, किसानों की दो लाख की ऋण माफी कुछ भी पूरा नहीं किया। उल्टे पिछली रघुवर सरकार की कल्याणकारी योजनाएं एक रुपए में महिलाओं के नाम रजिस्ट्री,मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना में प्रतिवर्ष 25 हजार रूपए किसानों के खाते में भेजना जैसी योजनाओं को बंद कर दिया। डबल सिलिंडर, गैस चूल्हा योजना भी बंद। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की सरकार ने रघुवर सरकार के तर्ज पर एक रुपए की रजिस्ट्री योजना को लागू किया है।

## शव के साथ एनएच 75 जाम करना ग्रामीणों को पड़ा महंगा

# 18 पर नामजद व 200 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
थाना क्षेत्र के कृषक उच्च विद्यालय गडरी,गुड्डु स्कूल की 10 की छात्रा साक्षी कुमारी की मौत के बाद गुस्साये परिजन व ग्रामीणों काठीटांड एनएच 75 जाम करना महंगा पड़ गया। सड़क जाम करने को लेकर सीआई संतोष कुमार ने 18 नामजद व 150 से 200 अज्ञात लोगों पर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। आरोपियों में गुड्डु निवासी इंद्रदेव महतो, सिकंदर महतो, दिलीप महतो, तिगरा गंगा टोली के महबा मिंज, हिसरी महतो टोली के आकाश महतो, राजू महतो, अमृत महतो, सोनू महतो, लालू महतो, विकास महतो, आशीष महतो, देवानंद महतो, मनोरंजन महतो, अफीन्दर महतो, आनंद महतो के अलावा बिजुलिया के बासुदेव महतो, हरमू की भाजपा नेत्री शोभा यादव, जोहरा पार्टी के इटकी निवासी विजय महतो नामजद व सौ से अधिक अज्ञात लोग शामिल है। इन पर प्रशासनिक काम मे बाधा, लोक परिशांति, गंभीर बाधा, एनएच 75 को जाम करने,गाली गलौज, धक्का मुक्की, मारपीट करने तथा मरीज को अस्पताल ले जा रहे एम्बुलेंस को रोकने का आरोप है। इन पर आईपीसी की धारा 143, 145, 147, 148, 149, 151, 152, 109, 341, 323, 342, 353, 427, 506 सुसंगत धाराओं पर कांड संख्या 347/23 दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## देर रात भी न करें ट्रैफिक नियमों का उलंघन

# माफी मांगने से भी नहीं चलेगा काम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अगर आप सोचते हैं कि आप रात के समय ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर सड़क पर खुलेआम निकलेंगे और आपको कोई नहीं पकड़ेगा तो आप बहुत बड़े गफलत में हैं ,अब रात में भी सड़क पर आपका सामना ट्रैफिक पुलिस से होगा और आपका चालान भी कटेगा।

**ट्रैफिक पुलिस रोस्टर वाइज चलाएगी चेकिंग अभियान**
सड़क हादसों और क्राइम पर ब्रेक लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस भी अब रोस्टर वाइज रात के समय भी सड़कों पर ड्यूटी में तैनात रहेगी ,इसकी शुरूआत हो चुकी है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर नाइट वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया है। रांची के ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमां के नेतृत्व में सोमवार की देर रात तक राजधानी की विभिन्न चौक - चौराहे और प्रमुख सड़कों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 50 से ज्यादा वाहन चालक चेकिंग के दौरान पकड़े गए।

**हाथ जोड़ के माफी मांगने लगे चालक :** देर रात तक राजधानी में चले इस अभियान से हड़कंप मच गया ,देर रात तक सड़को पर तेज बाइक चला कर धूम मचाने वालों की तो आफत ही हो गई। बिना हलेमेट पहन बाइक वाले तो ट्रैफिक एसपी के सामने हाथ जोड़ कर माफी भी मांगने लगे।हालांकि इसका उन्हें कोई फायदा नहीं मिला और सबका चालान काटा गया। रात में कई लोग तेज स्पीड में वाहन चलाते भी घेर कर पकड़े गए ,कई ट्रिपल सवार भी पकड़े गए सबका चालान कटा।

**हादसों और अपराध पर ब्रेक लगाने की कवायद :** रांची के ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने बताया कि राजधानी में देर रात तक अड्डेबाजी करने वाले रैश ड्राइविंग करने वाले और दूसरे तरह के ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके पीछे यही मकसद है कि राजधानी में हादसे रुके और लोगों की कीमती जान बचाई जा सके। राजधानी में जो लोग यह समझ रहे हैं कि वह देर रात निकल रहे हैं और पुलिस उन्हें नहीं पड़ रही है तो वह गलतफहमी में है एक तो उनका कैमरा के माध्यम से भी चालान कट रहा है और जो उससे बच जा रहे हैं उनका रात्रि में तैनात पुलिसकर्मी चालान काट रहे हैं। ट्रैफिक एसपी के अनुसार रांची के सभी लोगों से उनकी अपील है कि वह रात के समय में बेवजह सड़कों पर ना घूमें।

## केंद्र सरकार ने घरेलू सिलेन्डर में कमी कर उपहार नहीं उपहास किया : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने उज्वला योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को उनके गैस सिलेंडर के भुगतान में 200 रुपये की कमी कर उपहार नहीं उपहास किया है। यह एक स्वस्थ आदमी का गला रेतने के पश्चात उनके नश्वर शरीर में खून चढ़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि देश में लगातार बढ़ती मंहगाई, घटते रोजगार, बढ़ती बेरोजगारी, आदिवासी एवं दलितों पर लगातार हो रहे अत्याचार इस बात की गवाही देते हैं कि देश आज किस रास्ते की ओर जा रहा है। हरियाणा में नूह जैसी असभ्य तरीके से अल्पसंख्यक समुदाय पर किये गए अत्याचार एवं चिन्हित कर उनके आशियाने को उजाड़ने वाली भाजपा का शासन तंत्र आज कितना निरंकुश हो गया है।

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
### (जिला भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र–VI

**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**
**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना सं0:–815/भू0अ0, हजारीबाग। दिनांकः– 19.08.2023

चुंकि समाहर्त्ता/समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–गोन्दलपुरा, थाना–सं0–142, थाना–बड़कागॉव, अंचल–बड़कागॉव, जिला–हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना भू अर्जन अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0 आई0 ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा निम्न है:–

हजारीबाग जिला के बड़कागॉव अंचल अन्तर्गत अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित परियोजना गोन्दुलपारा कोयला खान में रैयती भूमि की मात्रा न्यूनतम है और इसे टाला नहीं जा सकता क्योंकि इस गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक का स्थल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदत निर्देशांक (Co-ordinates) के कारण पूर्व निश्चित है एवं प्रस्तावित गोन्दलपुरा कोल ब्लॉक का आवंटन अदाणी इन्टरप्राईजेज लि0 को कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश सं0 NA-104/10/2020-NA, दिनांक 08.03.2021 द्वारा किया गया है। अतः अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित भूमि की सीमा परियोजना के लिए आवश्यक न्यूनतम सीमा है। प्रस्तावित परियोजना कोयला खनिज धारित क्षेत्र है जिसका अन्वेषण केन्द्रिय संस्था, सी0एम0पी0डी0आई0 के द्वारा किया गया है। जिससे दूसरे जगह स्थानांतरित नही किया जा सकता है। इस प्रकार प्रस्तावित विस्थापन को कम नही किया जा सकता है। समाजिक समाघात अध्ययन के समस्त पहलुओं पर विचार के उपरांत पाया गया कि यह परियोजना लोकप्रयोजनार्थ है एंव सार्वजनिक उद्देश्य को पूरा करती है। प्रस्तावित परियोजना का परिचालन लम्बी अवधि के लिए होगा। परियोजना से प्रत्यक्ष एंव अप्रत्यक्ष रूप से लगभग अधिकांश व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। प्रारंभिक चरण में प्रस्तावित विकास का परिचालन चरण एक से दूसरे अवसर को जन्म देगा। जिससे अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों की संख्या में गुणोत्तर वृद्धि होगी। विकास योजना में खनन से संबंधित कौशल (जैसे ड्राईविंग, तकनीकी कौशल व बुनियादी प्रबंधन कौशल) वयस्क बुनियादी शिक्षा व प्रशिक्षण और सामान्य जीवन कौशल का विकास शामिल होगें। सामुदायिक विकास परियोजनाओं को और अधिक सुदृढ कर समाजिक स्थिति को संतुलित किया जा सकता है। परियोजना की सामाजिक लागत एवं प्रतिकूल सामाजिक प्रभाव की तुलना में संभावित लाभ अधिक है।

भू–अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 एस0आई0ए0 प्रतिवेदन के अनुसार 781 है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–गोन्दलपुरा, थाना–सं0–142, थाना–बड़कागॉव, अंचल–बड़कागॉव, जिला–हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के कमोवेश 285.715 एकड़ यानि 115.63 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है जो निम्नवत है:–

| क्र0सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1170 | 55 | 1163 | नीज | धान–III | 0.2800 | पनुवा भुईयां पिता स्व0 लखीया भुईयां वो छठीया भुईयां, जीतन भुईयां, चितुआ भुईयां पिता स्व0 बढन भुईयां वो कदुआ भुईयां पिता स्व0 करमा भुईयां वो लदुनुआ भुईयां, जुगला भुईयां पिता स्व0 बुधुवा भुईयां वो लोलन भुईयां पिता स्व0 दुखीया भुईयां वो जगदीश भुईयां, लटना भुईयां, रेवा भुईयां पिता स्व0 मुदिया भुईयां वो कैला भुईयां पिता स्व0 जुगना भुईयां सा0 देह। | प्लॉट–1108 | प्लॉट–1162 | प्लॉट–1155 | प्लॉट–1162 |
| 1171 | 57 | 1164 | नीज | धान–III | 0.7700 | घुजा महतो वो हिरू महतो पिता चान्दो महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1106 | प्लॉट–1165 | प्लॉट–1162 | प्लॉट–1169 |
| 1172 | 25 | 1165 | नीज | धान–III | 0.0100 | उगनी देवी पति धाना महतो वो इतवरिया देवी उर्फ गलनी देवी पति लखपत महतो साकिन हरली। | प्लॉट–1164 | प्लॉट–1167 | प्लॉट–1166 | प्लॉट–1169 |
| 1173 | 25 | 1165/I | नीज | धान–III | 0.1400 | भुखली देवी पति मोहर महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–1164 | प्लॉट–1167 | प्लॉट–1166 | प्लॉट–1169 |
| 1174 | 25 | 1165/II | नीज | धान–III | 0.2300 | अन्दु महतो वो रामचरण महतो वो बालेश्वर महतो पिता दुखी महतो वो सहजु महतो पिता बाना महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1164 | प्लॉट–1167 | प्लॉट–1166 | प्लॉट–1169 |
| 1175 | 29 | 1166 | नीज | धान–III | 0.2300 | तेतर महतो उर्फ भीमप्रकाश महतो पिता स्व0 मोती महतो, बलकु महतो, शिवनन्दन महतो मोहन महतो पिता स्व0 घनु महतो वो भीखन महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो वो मिथलेश महतो पिता स्व0 फागुन महतो वो लोकन महतो पिता डोमन महतो, प्रभु महतो पिता स्व0 रमल महतो, राजकुमार महतो, गणेश महतो पिता स्व0 भुखन महतो वो हिरू महतो घुजा महतो पिता स्व0 चान्दो महतो साकिन देह। | प्लॉट–1165 | प्लॉट–1167 | प्लॉट–1161 | प्लॉट–1167 |
| 1176 | 57 | 1167 | नीज | धान–III | 0.4900 | घुजा महतो वो हिरू महतो पिता चान्दो महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1165 | प्लॉट–1168 | प्लॉट–1166 | प्लॉट–1169 |
| 1177 | 25 | 1168 | नीज | धान–III | 0.2300 | उगनी देवी पति धाना महतो वो इतवरिया देवी उर्फ गलनी देवी पति लखपत महतो साकिन हरली। | प्लॉट–1167 | प्लॉट–1224 | प्लॉट–1161 | प्लॉट–1169 |
| 1178 | 33 | 1169 | नीज | धान–II | 0.7300 | भेखन महतो, मानिक महतो, सारू महतो पिता स्व0 जगन महतो वो बाजो महतो उर्फ हेमराज महतो पिता स्व0 जगदिश महतो वो शशि कुमार, बुद्विनाथ महतो पिता स्व0 नन्हक महतो वो मो0 इन्दु पति स्व0 मुरलीधर महतो साकिन देह। | प्लॉट–1105 | प्लॉट–1223 | प्लॉट–1165 | प्लॉट–1170 |
| 1179 | 33 | 1169/I | नीज | धान–II | 0.3600 | दिपनी देवी पति बलकु महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–1105 | प्लॉट–1223 | प्लॉट–1165 | प्लॉट–1170 |
| 1180 | 66 | 1170 | नीज | धान–III | 0.6700 | गांगो गोप, विशुन गोप, सहदेव गोप, दशरथ गोप पिता स्व0 नारायण गोप वो झमन गोप पिता स्व0 सुखलाल गोप सा0 देह। | प्लॉट–1104 | प्लॉट–1171 | प्लॉट–1169 | प्लॉट–1171 |
| 1181 | 23 | 1171 | नीज | धान–III | 0.8300 | बिगन तुरी पिता स्व0 हरदयाल तुरी वो गुरूदयाल तुरी पिता स्व0 जीरवा तुरी वो सुदामा तुरी, कोमल तुरी, जीतन तुरी पिता स्व0 अमर तुरी वो सहदेव तुरी, अशोक तुरी गणेश तुरी, सुनील पिता स्व0 पुसन तुरी वो रघु तुरी वो ईश्वर तुरी, चेतलाल तुरी, रमेश तुरी पिता स्व0 किशुन तुरी वो जगदेव उर्फ वकील तुरी, बिन्दु तुरी, नारायण तुरी, छोटे तुरी, बलदेव तुरी पिता स्व0 जदु तुरी वो चमन तुरी वो लटन तुरी पिता स्व0 जगन तुरी वो बासुदेव तुरी पिता स्व0 मगन तुरी वो दशमी देवी पति उगन तुरी वो कोल्हा तुरी पति स्व0 गंदौरी तुरी वो भीखारी तुरी वो रामधनी तुरी पिता हिरवा तुरी निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1102 | प्लॉट–1215 | प्लॉट–1170 | प्लॉट–1173 |
| 1182 | 23 | 1172 | नीज | धान–III | 0.1400 | बिगन तुरी पिता स्व0 हरदयाल तुरी वो गुरूदयाल तुरी पिता स्व0 जीरवा तुरी वो सुदामा तुरी, कोमल तुरी, जीतन तुरी पिता स्व0 अमर तुरी वो सहदेव तुरी, अशोक तुरी गणेश तुरी, सुनील पिता स्व0 पुसन तुरी वो रघु तुरी वो ईश्वर तुरी, चेतलाल तुरी, रमेश तुरी पिता स्व0 किशुन तुरी वो जगदेव उर्फ वकील तुरी, बिन्दु तुरी, नारायण तुरी, छोटे तुरी, बलदेव तुरी पिता स्व0 जदु तुरी वो चमन तुरी वो लटन तुरी पिता स्व0 जगन तुरी वो बासुदेव तुरी पिता स्व0 मगन तुरी वो दशमी देवी पति उगन तुरी वो कोल्हा तुरी पति स्व0 गंदौरी तुरी वो भीखारी तुरी वो रामधनी तुरी पिता हिरवा तुरी निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1101 | प्लॉट–1171 | प्लॉट–1171 | प्लॉट–1174 |
| 1183 | 23 | 1173 | नीज | धान–III | 0.3800 | बिगन तुरी पिता स्व0 हरदयाल तुरी वो गुरूदयाल तुरी पिता स्व0 जीरवा तुरी वो सुदामा तुरी, कोमल तुरी, जीतन तुरी पिता स्व0 अमर तुरी वो सहदेव तुरी, अशोक तुरी गणेश तुरी, सुनील पिता स्व0 पुसन तुरी वो रघु तुरी वो ईश्वर तुरी, चेतलाल तुरी, रमेश तुरी पिता स्व0 किशुन तुरी वो जगदेव उर्फ वकील तुरी, बिन्दु तुरी, नारायण तुरी, छोटे तुरी, बलदेव तुरी पिता स्व0 जदु तुरी वो चमन तुरी वो लटन तुरी पिता स्व0 जगन तुरी वो बासुदेव तुरी पिता स्व0 मगन तुरी वो दशमी देवी पति उगन तुरी वो कोल्हा तुरी पति स्व0 गंदौरी तुरी वो भीखारी तुरी वो रामधनी तुरी पिता हिरवा तुरी निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1172 | प्लॉट–1212 | प्लॉट–1171 | प्लॉट–1174 |
| 1184 | 59 | 1174 | नीज | धान–III | 0.3100 | ईश्वरी महतो पिता शिवन महतो वो छोटु महतो वो श्यामदेव महतो पिता तेजा महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1100 | प्लॉट–1211 | प्लॉट–1173 | प्लॉट–1175 |
| 1185 | 4 | 1175 | नीज | धान–III | 0.7800 | कंचन महतो पिता लालधारी महतो देवाली महतो, केवाली महतो, अघनु महतो, बाबूलाल महतो, बुद्विनाथ महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 बेचु महतो वो अमृत महतो, चेतलाल महतो, बली महतो पिता स्व0 बैजनाथ महतो वो मो0 बुची पति विनय महतो साकिन देह। | प्लॉट–1099 | प्लॉट–1211 | प्लॉट–1174 | प्लॉट–1176 |
| 1186 | 4 | 1175/I | नीज | धान–III | 0.2600 | नन्हकु महतो महाबीर महतो बरजु महतो पिता चेतल महतो अंश समान जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1099 | प्लॉट–1211 | प्लॉट–1174 | प्लॉट–1176 |
| 1187 | 50 | 1176 | नीज | धान–III | 0.5850 | दिनेश्वर महतो पिता बालो महतो वो कार्तिक महतो वो तालेश्वर महतो माता स्व0 लखीया देवी वो पुतुल महतो वो मोती महतो वो चिन्तामन महतो पिता स्व0 टुकन महतो वो राधो महतो वो राजदेव महतो पिता बुटन महतो वो साहेब महतो वो सुरज महतो वो गालो पिता स्व0 धाकुर महतो वो विकास महतो वो मेघनाथ महतो वो राजु महतो पिता चन्द्रमा महतो वो ईश्वरी महतो वो विनोद महतो पिता स्व0 गालो महतो वो महेन्द्र महतो वो बाबुलाल महतो पिता देयाल महतो वो बीगन महतो वो भीम महतो वो अर्जुन महतो वो नकुल महतो वो सहदेव महतो पिता स्व0 हेमन महतो वो दुर्गा महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1177 | प्लॉट–1185 | प्लॉट–1175 | प्लॉट–1183 |
| 1188 | 50 | 1176/I | नीज | धान–III | 0.1650 | जीतन गोप पिता खेदन गोप निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–1177 | प्लॉट–1185 | प्लॉट–1175 | प्लॉट–1183 |
| 1189 | 19 | 1177 | नीज | धान–III | 0.0900 | कैला करमाली, रघु करमाली पिता स्व0 बीडा करमाली वो कामेश्वर करमाली, महेश करमाली पिता स्व0 धरम करमाली वो केदार करमाली पिता स्व0 गोबरधन करमाली वो सीदर करमाली, प्रभु करमाली, हरी करमाली पिता स्व0 रामधन करमाली वो राजकुमार करमाली, अशोक करमाली पिता स्व0 नान्दो करमाली वो कैलास करमाली पिता स्व0 जीवलाल करमाली, वो संजय करमाली, भानु करमाली, बिनोद करमाली पिता स्व0 सुरेश करमाली वो नीतुलाल पिता बीरमल करमाली, मो0 पारो देवी पति बसु करमाली भुखल करमाली पिता स्व0 झगु करमाली, रतन करमाली, सुरेश करमाली, कैलास करमाली पिता स्व0 नन्दु करमाली वो मनोज करमाली कन्हैया करमाली पिता स्व0 बाबुलाल करमाली वो रामा करमाली, लक्ष्मण करमाली पिता स्व0 समल करमाली वो मोहन करमाली वो चोहन करमाली पिता स्व0 इमल करमाली साकिन देह। | प्लॉट–1097 | प्लॉट–1176 | प्लॉट–1099 | प्लॉट–1176 |
| 1190 | 19 | 1177/I | नीज | धान–III | 0.0500 | फुलमति देवी पति खेमलाल राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–1097 | प्लॉट–1176 | प्लॉट–1099 | प्लॉट–1176 |
| 1191 | 19 | 1178 | नीज | परती कदीम | 0.1400 | कैला करमाली, रघु करमाली पिता स्व0 बीडा करमाली वो कामेश्वर करमाली, महेश करमाली पिता स्व0 धरम करमाली वो केदार करमाली पिता स्व0 गोबरधन करमाली वो सीदर करमाली, प्रभु करमाली, हरी करमाली पिता स्व0 रामधन करमाली वो राजकुमार करमाली, अशोक करमाली पिता स्व0 नान्दो करमाली वो कैलास करमाली पिता स्व0 जीवलाल करमाली, वो संजय करमाली, भानु करमाली, बिनोद करमाली पिता स्व0 सुरेश करमाली वो नीतुलाल पिता बीरमल करमाली, मो0 पारो देवी पति बसु करमाली भुखल करमाली पिता स्व0 झगु करमाली, रतन करमाली, सुरेश करमाली, कैलास करमाली पिता स्व0 नन्दु करमाली वो मनोज करमाली कन्हैया करमाली पिता स्व0 बाबुलाल करमाली वो रामा करमाली, लक्ष्मण करमाली पिता स्व0 समल करमाली वो मोहन करमाली वो चोहन करमाली पिता स्व0 इमल करमाली साकिन देह। | प्लॉट–1096 | प्लॉट–1176 | प्लॉट–1177 | प्लॉट–1183 |
| 1192 | 57 | 1179 | नीज | धान–III | 0.1300 | घुजा महतो वो हिरू महतो पिता चान्दो महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा। | प्लॉट–1183 | प्लॉट–1181 | प्लॉट–1183 | प्लॉट–677 |
| 1193 | 46 | 1181 | नीज | धान–III | 0.2400 | मुन्शीया महतो, बलवा महतो माता स्व0 उमरी देवी वो जोधी महतो पिता स्व0 उत्तीम महतो वो जमील महतो, रामटहल महतो, राजेश्वर महतो माता स्व0 मुनीया देवी सा0 देह। | प्लॉट–1179 | प्लॉट–1183 | प्लॉट–1183 | प्लॉट–677 |
| 1194 | 46 | 1182 | नीज | परती कदीम | 0.0200 | मुन्शीया महतो, बलवा महतो माता स्व0 उमरी देवी वो जोधी महतो पिता स्व0 उत्तीम महतो वो जमील महतो, रामटहल महतो, राजेश्वर महतो माता स्व0 मुनीया देवी सा0 देह। | प्लॉट–1183 | प्लॉट–1183 | प्लॉट–1183 | प्लॉट–1181 |
| 1195 | 14 | 1184 | नीज | धान–II | 0.0200 | जासो देवी पति तुलसी राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–1176 | प्लॉट–1183 | प्लॉट–1176 | प्लॉट–1183 |
| 1196 | 14 | 1185 | नीज | धान–III | 0.0600 | जासो देवी पति तुलसी राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–1176 | प्लॉट–1187 | प्लॉट–1186 | प्लॉट–1183 |
| 1197 | 59 | 1186 | नीज | धान–III | 0.0400 | जासो देवी पति तुलसी राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–1176 | प्लॉट–1187 | प्लॉट–1175 | प्लॉट–1187 |
| 1198 | 23 | 1187 | नीज | परती कदीम | 0.1800 | जासो देवी पति तुलसी राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–1185 | प्लॉट–1190 | प्लॉट–1186 | प्लॉट–1183 |
| 1199 | 4 | 1188 | नीज | परती कदीम | 0.0100 | कंचन महतो पिता लालधारी महतो देवाली महतो, केवाली महतो, अघनु महतो, बाबूलाल महतो, बुद्विनाथ महतो, सुरेश महतो पिता स्व0 बेचु महतो वो अमृत महतो, चेतलाल महतो, बली महतो पिता स्व0 बैजनाथ महतो वो मो0 बुची पति विनय महतो साकिन देह। | प्लॉट–1175 | प्लॉट–1175 | प्लॉट–1175 | प्लॉट–1187 |
| 1200 | 59 | 1189 | नीज | धान–III | 0.0200 | ललवा गोप, भदवा गोप पिता स्व0 चुटर गोप वो दसय गोप, किशोर गोप पिता स्व0 सोमर गोप वो मो0 मोहनी पिता स्व0 रामधनी गोप सा0 देह। | प्लॉट–1187 | प्लॉट–1190 | प्लॉट–1175 | प्लॉट–1190 |
| 1201 | 59 | 1190 | नीज | परती गड्हा | 0.0800 | ललवा गोप, भदवा गोप पिता स्व0 चुटर गोप वो दसय गोप, किशोर गोप पिता स्व0 सोमर गोप वो मो0 मोहनी पिता स्व0 रामधनी गोप सा0 देह। | प्लॉट–1187 | प्लॉट–1192 | प्लॉट–1175 | प्लॉट–1192 |
| 1202 | 9 | 1192 | नीज | धान–III | 0.3200 | साहेब भूईयां, करमी देवी पिता स्व0 नागेश्वर भूईयां वो मुंशी भूईयां, जगदिश भूईयां पिता स्व0 भगन भूईयां, संतोष भूईयां पिता स्व0 निर्मल भूईयां वो केशरा भूईयां पिता स्व0 तुला भूईयां साकिन देह। | प्लॉट–1187 | प्लॉट–1209 | प्लॉट–1175 | प्लॉट–1195 |
| 1203 | 9 | 1192/I | नीज | धान–III | 0.0400 | जासो देवी पति तुलसी राणा निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–1187 | प्लॉट–1209 | प्लॉट–1175 | प्लॉट–1195 |
| 1204 | 58 | 1193 | नीज | धान–III | 0.0200 | श्रीकान्त निराला, इन्द्रनाथ महतो, सिकेन्दर दांगी, बिनोद कुमार दांगी पिता स्व0 रामदयाल महतो वो लखन महतो, भुखल महतो, मिठु महतो पिता स्व0 उदा महतो वो चेतनी कोईरीन माता स्व0 भीखनी कोईरीन वो फिरांगी महतो, बलकु महतो पिता स्व0 अर्जुन महतो सा0 देह। | प्लॉट–1187 | प्लॉट–1194 | प्लॉट–1187 | प्लॉट–1187 |
| 1205 | 38 | 1194 | नीज | धान–III | 0.0700 | अन्तु राणा, मन्तु राणा, सरला राणा, गलका राणा पिता स्व0 बुधन बडही वो कैला राणा , मुटर राणा पिता स्व0 नन्हक राणा वो लीलू राणा, वो भुनेश्वर राणा पिता स्व0 शिवल बडही वो टेकन राणा पिता स्व0 यदू राणा वो सुरेश राणा, धनेश्वर राणा, महेश राणा, अशोक राणा पिता स्व0 किशुन राणा वो राकेश राणा, अनुप राणा, विक्की राणा पिता स्व0 विजय राणा, विशुन राणा पिता स्व0 सुधा बड़ही, वो जगदेव राणा पिता भूगली राणा , गणपति राणा, महेन्द्र राणा, अरूण राणा पिता स्व0 मीठु राणा वो मुलिया देवी, डोमनी देवी, मो0 नगीया पिता स्व0 जागो राणा, वो शिवलाल राणा पिता स्व0 गुना बड़ही साकिन देह। | प्लॉट–1193 | प्लॉट–1195 | प्लॉट–1192 | प्लॉट–1198 |
| 1206 | 38 | 1195 | नीज | धान–III | 0.1200 | श्रीकान्त निराला वो इन्द्रनाथ महतो वो सिकन्दर कुमार दांगी वो विनोद कुमार दांगी पिता रामदयाल महतो निवास ग्राम गोन्दलपुरा | प्लॉट–1194 | प्लॉट–1196 | प्लॉट–1192 | प्लॉट–1198 |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतू अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेंगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त सह समुचित सरकार,
हजारीबाग

PR 305832 Land Reforms (23-24)_D

NEWS इन ब्रीफ

### मारवाड़ी सहायक समिति का साधारण सभा व नये सत्र का चुनाव एक अक्टूबर को

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया की अध्यक्षता में मारवाड़ी भवन के समिति कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मारवाड़ी सहायक समिति रांची की साधारण सभा एवं समिति की निर्वाचन सत्र-2023-25 का चुनाव 1 अक्टूबर को मारवाड़ी भवन में होगा। इस चुनाव हेतु कमल कुमार केडिया को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। श्री केडिया ने निर्वाचन सहयोगी के रूप में राजेंद्र केडिया पवन शर्मा एवं विनोद जैन को नियुक्त किया है। समिति के सचिव कौशल राजगढ़िया ने बताया कि मारवाड़ी सहायक समिति के चुनाव में सत्र 2023 - 25 के लिए संस्था के पदाधिकारीयों मे अध्यक्ष-एक, उपाध्यक्ष दो, उप सचिव दो, कोषाध्यक्ष एक, एवं बीस कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन होगा। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### राधा-कृष्ण बाल रूप प्रतियोगिता छह को

**रांची।** श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर न्यास समिति डोरंडा के तत्वावधान में होने वाले श्री कृष्ण जन्माष्टमी छह सितंबर को मनाई जाएगी। न्यास समिति की ओर से मंगलवार को बताया गया कि इसी दिन भगवान का जन्मोत्सव होगा और श्री राधा कृष्ण बाल रूप प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। यह तीन ग्रुपों में होगा। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता शाम सात बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता के लिए फॉर्म ,मंदिर परिसर और श्री राम-भरत मिलाप समिति के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। सात सितंबर को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मेले का भी आयोजन किया गया है।

### श्री श्याम मंदिर में 65 वां कार्यक्रम धूमधाम से हुआ संपन्न

# बजरंगबली की उद्घोष से गूंजा मंदिर परिसर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दीन दयाल विरुद्ध संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी जो यह पढ़े हनुमान चालीसा हुए सिद्धि साखी गौरी सा तुलसीदास सदा हरि चेरा की जै नाथ हृदय मह डेरा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 65 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 65 वां कार्यक्रम आज धूमधाम से संपन्न हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने हनुमान जी महाराज की दिव्या अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना मौसमी फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल ननोर्ली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित की। रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन करके श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुल्तान के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैंकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महा आरती की गई। सभी भक्तजनों को केसरिया पेड़ा चना गुड़ केला फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्र विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

#### शनिवार को श्री श्याम भंडारा

2 सितंबर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 77 व श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा । अमरेश गुप्ता व प्रमोद गुप्ता भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों का आमंत्रित किया है । उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### अर्जुन मुंडा ने एलपीजी गैस की कीमत कम करने पर पीएम का जताया अभार

**रांची/दिल्ली।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री का रक्षाबंधन उपहार के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत का ऐलान किया है। सभी एलपीजी उपभोक्ताओं (कुल 33 करोड़) के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कमी की गई। यानी अब एक सिलेंडर 1100 की जगह 900 रुपये का मिलेगा। पीएम उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को मार्च 2023 में प्रदान की गई 200 रुपये की सब्सिडी के अलावा यह 200 रुपये की राहत मिलेगी। इस प्रकार, लगभग 10 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थियों को 700 रुपये में सिलेंडर मिलेगा।

इसके साथ ही मोदी सरकार ने अतिरिक्त 75 लाख उज्ज्वला कनेक्शन को भी मंजूरी दे दी है, जिससे पीएमयूवाई के तहत कुल लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी।

### फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसो. ने मनाया सावन मिलन समारोह

# मीनू पांडियन चुनी गईं सावन क्वीन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। फॉरेस्ट ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन ने सावन मिलन समारोह बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में मीनू पांडियन ने सावन क्वीन का खिताब जीता। सभी सदस्य हरे और लाल रंग की पारंपरिक पोशाक, मेहंदी और रंग-बिरंगी चूड़ियों से सजे हुए थे। फैशन शो का भी आयोजन किया गया, जहां मेंबर्स ने रैंप पर स्टाइल में वॉक किया। कलावती पांडे, रेखा राजपुरोहित, दीप्ति, विशाखा, रमिता, भावना और अल्पना द्वारा मनमोहक नृत्य और युगल प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन सदस्यों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रुचि उपाध्याय, संयुक्त सचिव सुनंदिता दास, कोषाध्यक्ष मीनू पांडियन, रंजना सामंत, अंजू सिंह, सीमा कुमार, अंजना, सुनीता, एवं सीनियर मेंबर्स उषा सिन्हा, प्रोमिला सिंह, राज्यश्री, सबिता मिश्रा, मुक्ता श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद थीं।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने केक काटकर मनाया जन्मदिन

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस भवन रांची में मंगलवार को केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के लोगों का प्यार हमारे लिए बहुमूल्य है। जन्मदिन को आम से खास बनाने के लिए उन्होंने कांग्रेस नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आप लोगों का प्यार ही हमारी ताकत है और जब तक आप लोगों का प्यार हमारे साथ रहेगा हम लगातार पार्टी और संगठन को बुलंदियों तक पहुंचाने का काम करते रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर के कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दो वर्षों का कार्यकाल बेमिसाल रहा। कार्यकर्ताओं का गौरव बढ़ा और आज कार्यकर्ता अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस, महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष नेतृत्व में पूरी पार्टी एकजुटता के साथ खड़ी है। इनका सरल व्यक्तित्व कार्यकर्ताओं को कार्य करने का प्रेरणा देता है। प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष नेतृत्व में पंचायत से लेकर प्रदेश तक के कार्यकर्ताओं को सम्मान मिला है। यह हम कार्यकताओं के लिए गौरव की बात है।

### शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

# वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान केंद्रों पर रखी जाएगी निगरानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि 33 डुमरी विधान सभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निर्भीक मतदान कराने के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा सभी आवश्यक उपाय किये जा रहें है। इस दिशा में राजनीतिक दलों की भी सकारात्मक भूमिका अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष मतदान के लिए आधुनिक तकनीकों की मदद से पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा केंद्र, राज्य एवं जिला स्तर पर निगरानी रखी जायेगी। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर बाहर की ओर भी एक कैमरा अधिष्ठापित किया जाएगा, जिससे मतदान परिसर में होने वाली गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मंगलवार को धुर्वा स्थित कार्यालय के सभागार में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को



#### मतगणना के लिए 16 काउंटिंग टेबल पर कुल 24 राउंड की मतगणना की जानी है

33 डुमरी विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों से अवगत कराया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान एवं मतगणना के लिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। पांच सितंबर मंगलवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान के लिए समय निर्धारित है। के. रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं द्वारा मतदाता पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बैंक/पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी किए गए पासबुक, श्रम विभाग द्वारा जारी किए गए हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पास्पोर्ट, पेंशन के कागज, केंद्र/राज्य/पीएसयू/पब्लिक लिमिटिड कंपनी के सर्विस आईडी कार्ड, एमपी/एमएलए/एमएलसी द्वारा जारी किए गए ऑफिसियल आईडी कार्ड, यूडीआईडी कार्ड का वैकल्पिक पहचान पत्र के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत निकाली गयी रैली

**रांची।** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत मंगलवार को राजकीय नेत्र अधिकोष, क्षेत्रीय नेत्र संस्थान और रिम्स की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के सामने से निदेशक प्रो डॉ राजीव कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली रिम्स इमरजेंसी पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में पोस्टर, बैनर के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गई कि मरणोपरांत भी आपकी आंखें बहुमुल्य है और इसे दान करने से कार्निया अंधापन से ग्रसित दो दृष्टिहीनों को रौशनी मिल सकती है। मृत्यु के चार से छह घंटे के भीतर नेत्र दान की प्रक्रिया पूरी की जाती है। रैली में रिम्स के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ शिव प्रिये, चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, नेत्र विभाग के डॉ एम दीपक लकड़ा, डॉ सुनील कुमार, सीनियर व जुनियर रजिडेंट सहित अन्य शामिल थे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया होंगे सम्मानित: हिमांशु शेखर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आगामी 09 दिसम्बर, झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य के सभी जिलों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के सफल क्रियान्वयन और निगरानी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी आज खाद्य आयोग के अध्यक्ष, हिमांशु शेखर चौधरी ने आयोग कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने बताया कि जिलों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु मुखियाओं के चयन के लिए मापदण्ड निर्धारित किए जाएंगे। श्री चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 से आच्छादित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और उसके बेहतर निगरानी में मुखिया की अहम भूमिका है। राज्य के सभी



मुखिया को अपने दायित्वों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ही खाद्य आयोग ने राज्य के सभी जिलों के मुखिया को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। बैठक में विस्तृत विचार विमर्श के उपरांत उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया के चयन के लिए कुल-08 मापदण्ड तय किये गये। इन मापदंडों के आधार पर ही जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले मुखिया का चयन किया जाना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि अक्टूबर, 2022 से सितम्बर, 2023 के बीच की अवधि में मुखिया द्वारा किये गये कार्यों के आधार पर जिला स्तरीय चयन समिति उत्कृष्ट तीन मुखिया का चयन करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि मुखिया को सम्मानित करने हेतु निर्धारित मापदण्ड के आधार पर अंक प्रदान करने हेतु सभी जिलों में एक चयन समिति का गठन किया जाएगा।

# झारखंड में अपराधी बेखौफ और जनता डरी हुई है : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को डुमरी उप चुनाव में ऊपर घाट मंडल में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि जनता भगवान है और कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी हैं। उन्होंने सम्मेलन में बूथ जीतो-चुनाव जीतो मंत्र को सिद्ध करने का आह्वान किया।



उन्होंने कहा कि झामुमो बता नहीं पा रहा कि आखिर उनके प्रत्याशी को वोट क्यों दिया जाए। आखिर हेमंत सोरेन की सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में राज्य को जो लूट, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, बलात्कार, हत्या, चोरी, डकैती, अपहरण, बेरोजगारी का उपहार दिया है, उसके लिए लिए वोट दिया जाए। राज्य सरकार ने गरीबों के अनाज लूटवाए।

मरांडी ने कहा कि आज राज्य की स्थिति भयावह है। अपराधी बेलगाम, बेखौफ हैं और जनता डरी-सहमी हुई है। अपराधी व्यापारियों को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर रंगदारी मांग रहे। हेमंत है तो अपराधियों को हिम्मत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून का राज स्थापित करने के लिए हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना आवश्यक है। डुमरी उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत के बाद झारखंड नई करवट लेगा।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी पैसे लिए जा रहे। पदाधिकारी कर्मचारी घूस मांगने की हिम्मत कर रहे क्योंकि, राज्य का मुखिया ही भ्रष्टाचार में शामिल है। महंगे वकील रखकर अपराधियों को बचाने के लिए कोर्ट जा रहे।

उन्होंने कहा कि जब कोई गलती नहीं की तो फिर ईडी को जवाब देने क्यों नहीं जा रहे। आखिर क्यों डर रहे।उन्होंने कहा कि यह सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों का मुंह केस मुकदमों से बंद करना चाहती है। उनके खिलाफ छह जिलों में मुकदमे दर्ज हुए हैं लेकिन वे डरने वाले नहीं। सरकार चाहे तो सभी जिलों में उनके ऊपर मुकदमा करे। उन्हें जांच कराकर कार्रवाई करने से कौन रोक रहा है। वे तो जांच में पूरी मदद करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि ऑफिसर राज्य सरकार के टूल की तरह उपयोग हो रहे। उन्होंने ऐसे पदाधिकारियों को जो विधि विरुद्ध काम कर रहे उन्हें सचेत किया। बहुत जल्द उन्हें हिसाब चुकता करना पड़ेगा। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री ने देश से भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण को समाप्त करने का आह्वान किया है। जनता उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कार्यकताओं से घर-घर जाकर हेमंत सरकार की नाकामियों, वादा खिलाफी, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, लूट झूठ की बातों को बताने का आह्वान किया।

#### प्रधानमंत्री ने रक्षा बंधन पर बहनों को दिया बड़ा उपहार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का झारखंड प्रदेश की जनता एवम माताओं बहनों की ओर से आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जन भावनाओं के अनुरूप गैस सिलिंडर के दाम में 200रूपए की कमी करके रक्षा बंधन के अवसर पर बहनों को बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि देश में 35करोड़ बहनों को तथा उज्जवला योजना से जुड़ी 10.35 करोड़ बहनों को 400 रूपए का लाभ मिलेगा। कहा कि केंद्र सरकार 75लाख और बहनों को उज्जवला योजना से जोड़ने केलिए संकल्पित है।

### बीएयू में कांउसेलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से विशेष व्याख्यान का आयोजन

# बानस (अमुल) एशिया का सबसे बड़ा डेयरी उद्योग है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर बीएयू स्टूडेंट कांउसेलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से प्लेसमेंट कार्यक्रम एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके तहत मंगलवार को कृषि संकाय के आरएसी सभागार में डेयरी उद्योग क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषयक व्याख्यान आयोजित की गयी। व्याख्यान में बानस डेयरी (अमुल) - ओडिशा एवं झारखंड के विशेष कार्य पदाधिकारी (क्रय) जेएन पटेल ने बताया कि पूरे विश्व में भारत का डेयरी व्यवसाय क्षेत्र सबसे व्यापक और बड़ा है। गुजरात का बानस डेयरी (अमूल) एशिया का सबसे बड़ा डेयरी उद्योग है, जो देश के 8 राज्यों से जुड़ी है और प्रतिदिन करीब 90 लाख लीटर दूध एवं



अन्य दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति करती है। इससे देश के 60 हजार गांव तथा करीब 50 लाख कृषक जुड़े हैं। कंपनी अद्यतन तकनीकी के सुधारात्मक प्रयासों को आगे बढ़ा रही है। झारखंड राज्य में बानस डेयरी (अमूल) अपना दूसरा प्लांट हजारीबाग में स्थापित करने जा रही है। बताया कि डेयरी उद्योग क्षेत्र में कृषि, कृषि प्रबंधन, कृषि अभियांत्रिकी, वेटनरी एवं डेयरी टेक्नोलॉजी विषयों के स्नातकों की जरुरत होती है। रिक्तियों को कंपनी के वेबसाईट में प्रकाशित किया जाता है। कंपनी को ईमानदार, मेहनती एवं तकनीकी दक्ष छात्रों की जरुरत है। उन्होंने विवि के छात्रों के तकनीकी अभिवर्धन के लिए लखनऊ एवं गुजरात के डेयरी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन करने की बात कही। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा सोमवार को विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट अभियान चलाया गया। इस अभियान में कृषि एवं कृषि प्रबंधन विषयों के छात्र शामिल हुए। छात्रों का फील्ड सुपरवाइजर पद के लिए चयन किया गया है, जिसके परिणाम जल्द जारी किये जायेंगे। कंपनी शीघ्र ही फ्रेश एग्रीकल्चर ग्रेजुएट के लिए प्लेसमेंट अभियान आयोजित करेगी। कार्यकारी सहायक मुक्ति प्रसाद ने बताया कि इस उद्योग का सफल संचालन एक विस्तृत एवं मजबूत दल की श्रृंखला के माध्यम से होती है। इस व्यवसाय में कृषि प्रबंधन, पशु चिकित्सा और पशु पोषण, खाद्य प्रसंस्करण, खाद्य प्रौद्योगिकी, गुणवत्ता नियंत्रण विशेषज्ञ, पैकेजिंग विशेषज्ञ, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, विपणन और बिक्री जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता वाले व्यक्ति और इंजीनियर और तकनीशियन की आवश्यकता होती हैं। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने डेयरी उद्योग को नियमित आय का स्रोत बताया। जो आय के जोखिम को कम करता है।

### ट्रक ड्राइवरों के लिए मोबिल का नया अभियान लॉन्च

**रांची।** मोबिल ने अपना नया अभियान ट्रकिंग इज हार्ड; चूजिंग इंजन ऑयल शूडन्ट बी, लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य ट्रक ड्राइवरों को अपने ट्रक के लिए सही गुणवत्ता वाले इंजन ऑयल चुनने में मदद करना है। अपने ट्रक की जरूरतों एवं उसकी उम्र के आधार पर खरीदारी करने का निर्णय लेने में ट्रक ड्राइवरों को पहले स्थान पर रख कर मोबिल उनकी मदद कर रहा है। मोबिल ने इस अभियान के हिस्से के रूप में अपने उत्पादों का नाम बदलने के बाद उत्पाद के लेबल को बहुत सरल बनाया है। आइकन का उपयोग किया है एवं दावा की भाषा को आसान किया है। अपने व्यवसाय को जवाबदेह और सतत तरीके से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध मोबिल ने हाल ही में इंजन ऑयल के लिए अपने 50% पोस्ट-कंज्यूमर रिसाइकिल्ड प्लास्टिक पेल के साथ टिकाऊ पैकेजिंग को प्रोत्साहित करने की एक पहल को शुरू किया है।

# विक्षिप्त अनाथ मनीषा पोद्दार पंचतत्व में विलीन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मंगलवार को निर्मल हृदय रांची में प्रातः 44 वर्षीय अनाथ विक्षिप्त हिंदू महिला मनीषा पोद्दार का प्राकृतिक कारणों से देहावसान हो गया। आज हरमू घाट रांची पर दोपहर 4 बजे स्व। मनीषा पोद्दार के पार्थिव शरीर को विश्व हिंदू परिषद के रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी द्वारा विधिवत कर्मकांड और रीति रिवाज से मुखाग्नि देकर पंचतत्व में समर्पित किया। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि अखिल भारतीय नारनौली महासभा के कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल द्वारा शवदाह की सारी व्यवस्था की गई। उनके साथ विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांत सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, रांची विभाग सेवा प्रमुख राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा, राजेश अग्रवाल, संजीत अग्रवाल, मनीष कुमार के अतिरिक्त रांची शोभा (डोम समाज) समिति के के सदस्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कल्लू मिंज, आशीष मिंज,विजय मिंज के साथ-साथ कैलाश केसरी के साथ आए सभी विश्व हिंदू परिषद कार्यकताओं ने भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किये। शोभा समिति (डोम समाज) रांची जो राजा हरीशचन्द्र के वंशज डोम समाज से हैं, के वरिष्ठ सदस्य राजदेव ने बताया कि घाट पर अनाथ हिन्दुओं के शवदाह में बढ़चढ़ कर सहयोग देने का समिति के सदस्यों ने प्रण किया है।

## आरएल सर्राफ उच्च विद्यालय में पांच दिवसीय मल्टीमिडिया प्रदर्शनी का समापन कल

# प्यार और शांति से ही रास्ता मिलेगा : स्वामी



**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो दुमका/रांची की ओर से देवघर में जारी मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के चौथे दिन के कार्यक्रमों में पत्र सूचना कार्यालय तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा तथा रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ के प्राचार्य स्वामी दिव्यसुधानंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों ही अतिथियों का प्रोटोकॉल से एनसीसी के कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद उन्होंने प्रदर्शनी स्थल पर लगे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा तथा विजय स्तंभ के रिप्लिका पर माल्यार्पण किया। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों के सत्कार में स्वागत गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई और पेंटिंग तथा क्विज के विजेताओं को दीवार-घड़ी, टिफिन, बैग से अतिथियों के कर कमलों से पुरस्कृत किया गया। अपर महानिदेशक पीआईबी सीबीसी, रांची अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश पर हमारे विभाग द्वारा लगाई गई यह एक अनूठी प्रदर्शनी है, उम्मीद है सभी लोग खास कर छात्र छात्राएं इसका पूरा लाभ उठाएंगे। झारखंड के वीरों की जीवनगाथा और संघर्षों पर खास ध्यान दिया गया है, उसे सभी को जरूर देखना चाहिए। रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ के प्राचार्य स्वामी दिव्यसुधानंद ने अपने संबोधन में प्रदर्शनी की तारीफ करते हुए कहा कि यह अद्भुत है। उन्होंने सभी को स्वामी विवेकानंद के बारे में पढ़ने तथा उनके विचारों को अपने जीवन में समाहित करने की बात कही। भारत के बारे में विवेकानंद के विचारों को रखते हुए उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता भारत की असली शक्ति है, इसी के बल पर भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा। प्यार और शांति से ही यह रास्ता मिलेगा ना कि युद्ध से। प्राचार्य महोदय ने गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर से जुड़े एक वाक्य का भी उन्होंने जिक्र किया, जब गुरुदेव ने एक विदेशी महिला को भारत के बारे में जानने के लिए स्वामी विवेकानंद को पढ़ने की सलाह दी, क्योंकि उसमें उन्हें भारत के बारे में सब कुछ सकारात्मक ही मिलेगा, कुछ भी नकारात्मक नहीं। इससे पूर्व विषय प्रवेश कराते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने प्रदर्शनी के उद्देश्य के बारे में बताया, और पिछले चार दिनों में हुई विभिन्न गतिविधियों को जानकारी दी। आर.एल. सर्राफ उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजीव कपूर भी अतिथियों के साथ मंचासीन हुए। अपने संबोधन में उन्होंने केंद्रीय संचार ब्यूरो का धन्यवाद किया कि इस विशेष प्रदर्शनी के लिए उनके विद्यालय परिसर का चयन किया गया। आज मेरी माटी मेरा देश पर सर्राफ विद्यालय के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे अतिथियों ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन 26 अगस्त 2023 को देवघर की मशहूर समाजसेवी रीता चौरसिया ने किया था। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है, साथ ही साथ चंद्रयान-3 पर सेल्फी प्वाइंट , मेरी माटी मेरा देश, एवं अमृत महोत्सव इत्यादि विषयों पर रोचक जानकारियां दी जा रही हैं, जिसका लाभ यहां मौजूद छात्र छात्राएं उठा रहे हैं। विजय स्तंभ का रेप्लिका, पीएम मोदी अपने हाथों में मिट्टी कलश लिए हुए मेरी माटी मेरा देश सेल्फी प्वाइंट, झारखंड के वीर सपूतों पर विशेष खंड, और मशहूर सेनानियों की आदम कद फोटो रेप्लिका, आदि इस प्रदर्शनी के आकर्षण बिंदु हैं। प्रदर्शनी के आयोजन, संचालन एवं समन्वय में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी शाहिद रहमान और ओंकार नाथ पाण्डेय, सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सफीक आलम, राज किशोर पासवान, खुर्शीद आलम की महती भूमिका रही है। सी.बी.सी. रांची कार्यालय के कर्मी श्रीकांत मोदी तथा दुल्लम पांडेय, संजय कुमार व सुरेश उरांव भी प्रदर्शनी के आयोजन में अपना सहयोग दे रहे हैं। आज विभाग से जुड़े सांस्कृतिक दल किशोर बबुआ कला परिषद के सदस्यों द्वारा देशभक्ति गीत का मंचन किया गया। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार की रांची तथा दुमका इकाई द्वारा संयुक्त रूप से देवघर के आर एल सराफ विद्यालय परिसर में 26 अगस्त 2023 से चल रही पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का कल 30 अगस्त 2023 को समापन है। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से मेरी माटी मेरा देश आदि पर अगली दो दिवसीय प्रदर्शनी आगामी 31 अगस्त से रामगढ़ के पतरातू ब्लॉक में लगाई जा रही है।









# डीपीएस में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वप्न और सामर्थ्य को साकार स्वरूप देने के लिए कठिन परिश्रम में विश्वास करने वाला शैक्षणिक संस्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल, राँची अपनी प्राथमिकताओं में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सर्वोपरी रखता है। इसी कड़ी में दिनांक 29.08.2023 को विद्यालय के विवेकानंद सभागार में कुशल प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रबोनहेयर - उत्सव की ओर के अंतर्गत कक्षा 1 तथा 2 के विद्यार्थियों द्वारा पौराणिक, ऐतिहासिक तथा प्रेरणास्पद चरित्रों की जीवनी द्वारा सतत प्रयास एवं समर्पण को सफलता की नींव बताते हुए अर्जित आनंद की अभिव्यक्ति के लिए मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत तथा तमसो मा ज्योतिर्गमय की भावना से अभिभूत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । कार्यक्रम में नृत्य, नुक्कड़ नाटक तथा अन्य विधाओं के माध्यम से कक्षा 1 के विद्यार्थियों ने ए.पी.जे.अब्दुल कलाम, हेमा दास तथा आनंद सर जैसे व्यक्तित्वों के उदाहरणों द्वारा विद्यार्थियों में कुछ कर गुजरने के मनोबल को सशक्त किया वहीं कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने सर्व धर्म समभाव से होते हुए राष्ट्रधर्म की भावना को अपनी कला के माध्यम से प्रस्तुत कर कठिन परिश्रम के बाद उत्पन्न उल्लास और अनंत आनंद के चिर सत्य को प्रकट किया । कार्यक्रम की शोभा तथा विशिष्टता बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आई ए एस मनोज कुमार; पर्यटन,कला,संस्कृति,खेल तथा युवा गतिविधियाँ विभाग, आई ए एस राहुल सिन्हा, डिप्टी कमिश्नर, आई पी एस श्री किशोर कौशल; वरिष्ठ पुलिस अधिकारी; झारखंड, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यगण, अभिभावकगण, शिक्षकवृन्द, विद्यार्थीगण तथा प्रेस और मिडिया जन उपस्थित थे। सभी महनीय सदस्यों का स्वागत करते हुए संस्थान के आधार स्तंभ, प्राचार्य डॉक्टर राम सिंह जी ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि विद्यालय का मूल उद्देश्य न केवल एक शिक्षित वरण नीतिपरक व्यक्तित्व का निर्माण करना भी है, जो राष्ट्रीय, साथ ही साथ अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपनी तेजस्विता का परचम लहरा सके।



PR No. 305847 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

## मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन को लेकर डीसी ने की बैठक

# निर्वाचन संबंधित कार्यों में सहभागिता जरूरी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि लोकतंत्र के सफल संचालन हेतु राजनीतिक दलों/प्रतिनिधियों की लोकतांत्रिक कार्यों व निर्वाचन संबंधित कार्यों में सहभागिता बेहद जरूरी है। मौके पर उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्वाचन संबंधित कार्यों में नियमित रूप से भाग लेने की अपील की। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में वर्तमान में 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन से संबंधित कुल 25 मतदान केंद्रों के प्रस्ताव की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने वैसे मतदान केंद्रों जिनका नाम वर्तमान में बदल गया हो, किसी एक भवन में संचालित ऐसे दो मतदान केंद्रों जिनमे मतदाताओं की संख्या 1300 से कम हो उन्हें उसी भवन के एक मतदान केंद्र के साथ मर्ज करने संबंधित प्रस्ताव की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उपरोक्त प्रस्ताव पर बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के क्रम में प्रस्ताव के अनुमोदन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## संकल्प यात्रा को लेकर पूर्व विधायक की मैराथन बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** आगामी चार सितंबर को प्रखंड मैदान बरही में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह प्रथम सीएम बाबूलाल मरांडी की होने वाली संकल्प सभा की सफलता को लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की मैराथन बैठक जारी है. उनके निर्देशन में कार्यकर्ता विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर पूर्व सीएम के कार्यक्रम की जानकारी दे रहे हैं. मंगलवार को धनवार एवं करियातपुर पंचायत के ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक ने एक महत्वपूर्ण बैठक कर लोगो से पूर्व सीएम की सभा में पहुंच कर उनकी बातों को सुनने की अपील किया. धनवार की बैठक मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित किया गया. जिसमे नरेश कुशवाहा, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया. वही करियातपुर पंचायत उप मुखिया संतोष प्रजापति के नेतृत्व में आयोजित की गई. जिसमे कमलेश कुशवाहा, चंदन केसरी, राहुल प्रजापति, कैलाश प्रसाद केसरी, मोहन पंडित, किरण वर्मा, गणेश मंडल, लक्ष्मण पाण्डेय, अजय भगत, बिरजू ठाकुर, पवन केसरी, धर्मेंद्र प्रजापति, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। सबों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में बरही ब्लॉक मैदान में उपस्थित होकर संकल्प यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया.

## शिलाडीह में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू, कीर्तन में तीन टीम शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाडीह में मंगलवार को पूर्वाहन 11 बजे से 24 घंटे के लिए अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक अशोक राणा की टीम, लगनवां की टीम तथा शिलाड़ीह की टीम के द्वारा 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन आरंभ किया गया है। वहीं कार्यक्रम स्थल को आकर्षक लाइट और डीजे से सजाया गया है। वहीं ग्रामीण हरे रामा हरे कृष्णा का भजन पर थिरकते नजर आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिलाडीह ग्राम के अलावे अन्य स्थानों से लोग आकर हरि कीर्तन में शामिल हो रहे हैं। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने बताया कि हरि कीर्तन से इंद्र देवता खुश होते हैं तथा बारिश ठीक से होने की संभावना बढ़ जाती है ।कहा कि इससे वातावरण शुद्ध होता है तथा मन में पवित्रता एवं शांति मिलती है ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील पांडेय, भीम मंडल, शिवलाल यादव, मुकेश पांडेय, राजकुमार गिरी, सूरज देव प्रजापति, भोला प्रजापति, प्रमोद पंडित, सूरज सिंह, कुंदन सिंह ,चंदन सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला में रक्षाबंधन मना



**रामगढ़।** न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला के बच्चों ने मंगलवार को रक्षाबंधन मनाया। मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें शिशु,बाल एवं किशोर वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । बच्चों के बीच राखी निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक राखी का निर्माण कर अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा का परिचय दिया । मौके पर विद्यालय के संस्थापक मोहम्मद शाहबान खान ने कहा इस प्रकार की प्रतियोगिता से बच्चों के अंदर कौशल क्षमता का विकास होता है एवं अपनी सभ्यता संस्कृति से जुड़े हुए त्योहारों के बारे में भी जानने का मौका मिलता है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षकों ने सहयोग किया।

## डीएवी में स्वास्थ्य व समृद्धि विषय पर दो दिवसीय वर्कशॉप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सीबीएसई के तत्वावधान में डीएवी बरकाकाना में विद्यालय स्वास्थ्य एवं समृद्धि विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला (वर्कशॉप) का आयोजन किया गया. इस वर्कशॉप में 62 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया. संसाधक के रूप में सेंट जोसेफ स्कूल सिवान (बिहार) के डॉ पुष्कर गिरी और एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस, जमशेदपुर की प्रिंसिपल मौसमी दास मौजूद रही. दोनों संसाधकों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के ज्ञान को परिमार्जित करने का काम किया. रामगढ़ । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र रामगढ़ द्वारा आगामी 2 सितंबर 2023 को हुहुवा रामगढ़ स्थित महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन के सेमिनार हॉल में अमृत काल इंडिया @2047 के लिए पंच प्रण पर आधारित जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन होना तय हुआ है। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रुद्रशेखर ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी होंगी। कार्यक्रम में पांच स्पधाओं पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंगलवार को रामगढ़ जिले में जिला स्तरीय (बालक/बालिका) खेल प्रतिस्पर्धा (यथा- एथलेटिक फुटबॉल,कबड्डी, हॉकी एवं मटका फोड़) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान बालक फुटबॉल डे बोर्डिंग सेंटर रामगढ़ बनाम गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय, रामगढ़ के बीच खेला गया जिसमे रामगढ़ डे बोर्डिंग सेंटर 1-0 से विजयी रहा एवं बालिका हॉकी में पवन क्रूस उच्च विद्यालय, भुरकुंडा सीनियर टीम 2-0 से विजयी रही। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में के.बी.+2 उच्च विद्यालय विजयी रही। एथलेटिक्स में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें बालक वर्ग 6 किलोमीटर दौड़ में प्रथम सनराज कुमार, द्वितीय पवन कुमार, तृतीय भरत भूषण और बालिका वर्ग 4 किलोमीटर दौड़ में प्रथम निशा कुमारी, द्वितीय शिवानी कुमारी, तृतीय भारती कुमारी को ट्रॉफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। डे बोर्डिंग फुटबॉल क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र रामगढ़ के प्रशिक्षु मो0 आतिफ एवं प्रेम कुमार जो राष्ट्रीय स्तर पर सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता- 2023 में उपविजेता टीम खिलाड़ी थे। उन्हें भी कार्यक्रम के दौरान प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मोहम्मद कमरुद्दीन, डे बोर्डिंग फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र रामगढ़, भोला नाथ महली, सोनू करमाली, प्रकाश महतो, सूरज मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## उमवि. वरवां में एक दिवसीय योग कार्यक्रम संपन्न



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां में एक दिवसीय योग शिविर कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में डाक्टर साध्वी देव नीति हरिद्वार पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को कपालभाति,उदगीत,अनुलोम- विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार, करवाने के साथ-साथ इसके फायदे बताए गए ।साथ ही बच्चों का हाइट कैसे लंबा हो,बच्चे मानसिक रूप से कैसे स्वस्थ रहें तथा बच्चों का सर्वांगीण विकास योग के माध्यम से कैसे हो आदि पर विस्तृत रुप से बताया गया। डॉक्टर साध्वी ने कहा योग करने से बुद्धि का विकास होता है। अभी के समय में हर बच्चों को योगा करना अति आवश्यक है। मौके पर प्रधानाध्यापक पवन कुमार ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में काफी उमंग व उत्साह का संचार होता है ।इस दौरान बच्चे योग करके काफी खुश थे। मौके पर योग शिक्षक महेंद्र प्रसाद,शिक्षक अरुण कुमार, गोपेश्वर साव के अलावे सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## संकल्प यात्रा और मेरा मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** हाथमारा फोरलेन स्थित भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री सह संकल्प यात्रा के संयोजक बालमुकुंद सहाय उपस्थित हुए। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की कार्यक्रम का विषय प्रवेश जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कराते हुए बताया की केंद्र सरकार द्वारा निर्देश कार्यक्रम मेरा मिट्टी मेरा देश और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में चल रहे संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु सभी मंडल अध्यक्षों को जिम्मेवारी दी गई है। संकल्प यात्रा के निमित्त सभी मंडलों के प्रभारियों की भी नियुक्ति की जा चुकी है। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त करने के बाद मुख्य अतिथि बालमुकुंद सहाय ने कहा की मेरा मिट्टी मेरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। जिसके तहत सभी जिले के सभी प्रखंडों से स्वतंत्रता सेनानियों के गांव की चुटकी भर मिट्टी संकलित किया जा रहा है । अतः ऐसे कार्यक्रमों में सभी भाजपा कार्यकताओं को बढ़ चढ़ कर उनका सहयोग करना है । क्योंकि इस मिट्टी को कलश में इकट्ठा कर दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में अपना आकार ले रहें कर्तव्य पथ पर निर्मित होने वाले अमृत वाटिका में उपयोग किया जाएगा। साथ हीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी द्वारा जारी संकल्प यात्रा 9 सितंबर और 11 सितंबर को रामगढ़ में होना तय हुआ है। जिसके अंतर्गत 9 सितंबर को भुरकुंडा के मकातमा चौक पर कार्यकताओं द्वारा स्वागत के बाद रिवर साइड भुरकुंडा में जनसभा आयोजित किया जाना है। जिसके बाद बाबूलाल जी रांची लौट जाएंगे। 11 सितंबर को रांची से आने के क्रम में 10:30 बजे पटेल चौक पर बाबूलाल मरांडी का कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत के बाद रोड शो करते हुए कारवां छावनी मैदान पहुंचेगी।

## आईलेक्स पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने बांधी राखी

**बरही ।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल के मुख्य शाखा पंचमाधव, बड़कागांव, गौरियाकरमा आदि विभिन्न शाखाओं में रक्षा बंधन का त्योहार मनाए गए. जहां छात्राओं ने अपने भाई स्वरूप सहपाठियों को स्वनिर्मित राखी बांधकर प्रेम और विश्वास के बंधन को सुरक्षित रखने की अपील किया. वही भाई स्वरूप सहपाठियों ने अपने बहनों की हर संभव रक्षा करने का संकल्प लिया. इसके साथ ही शिक्षको ने भी अपने सहकर्मियों को भी राखी बांधकर आपसी संबंध को अटूट और स्नेहमयी बनाने का काम किया. उपस्थित बच्चो को निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि रक्षा बंधन रेशमी और रंग बिरंगी धागों का एक मात्र बंधन नहीं ही नही बल्कि अटूट संबंध, अगाध प्यार और विश्वास का त्योहार है. इस मयार्दा को बचाना हम सबों का परम कर्तव्य है. अंत में उन्होंने सभी को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम समाप्ति को घोषणा किया.

## अखंड हरि कीर्तन में शामिल हुए पूर्व विधायक, अमन चैन की मांगी दुआएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत गयपहाडी के ग्राम झिंगीबराय में आयोजित चौबीस घंटे का अखंड हरि कीर्तन के समापन के मौके पर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सम्मिलित होकर ग्रामीणों के साथ हरे रामा हरे कृष्णा का भजन करते हुए क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। वहीं विधायक यादव महाप्रसाद वितरण समारोह के मौके पर झींगिबराय ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरि का महिमा अपरंपार है। हरि का नाम लेकर मनुष्य भव सागर को पार कर लेता है। मौके पर मुखिया कलावती देवी, यमुना प्रसाद, मनोहर चौधरी, महेंद्र प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, उपेंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, किशुन राम, किशुन पंडित, भोला प्रसाद, राजेश साव, छोटीलाल रविदास, कौलेश्वर सिंह, भोपुल सिंह, सहदेव प्रसाद, राजू सिंह, दिनेश सिंह, रणधीर पंडित छोटीलाल पंडित, परमेश्वर सिंह, तूफानी सिंह, धनंजय राविदास, लखन रविदास, राजकुमार रविदास, किशुन सिंह, जुगेंद्र रविदास, आनंद रविदास, बालगोविंद रविदास समेत अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में खेल दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रेस में सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान सचिन कुमार, द्वितीय स्थान आर्यन कुमार, तृतीय स्थान आशीष कुमार, जूनियर ग्रुप से प्रथम शमशेर आलम, द्वितीय साजन कुमार तथा तृतीय स्थान सत्यम कुमार ने प्राप्त किया। वहीं गर्ल्स टीम में प्रथम स्थान रंजना कुमारी ,द्वितीय स्थान शिवानी कुमारी ,तथा तृतीय स्थान पर कृति कुमारी ने प्राप्त की। स्लो साइकिल रेस में प्रथम स्थान सूरज राणा, द्वितीय स्थान रंजन कुमार, तृतीय स्थान प्रिंस कुमार ने प्राप्त किया। कबड्डी में राधा ग्रुप ने मुस्कान ग्रुप को 11 अंक से पराजित किया। क्रिकेट में हसनैन ग्रुप ने सूरज राणा ग्रुप को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया। खेल दिवस के अवसर पर निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है तथा बच्चों में अनुशासन विकसित होता है। संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने बच्चों को बताया कि प्रत्येक वर्ष मेजर ध्यानचंद जिन्हे हॉकी के जादूगर कहा जाता था, के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर 29 अगस्त को भारत में खेल दिवस मनाया जाता है। प्रतियोगिता खेल शिक्षक नंदेव कुमार के देखरेख में संपन्न कराया गया। प्रतियोगिता आयोजित कराने में संस्था के सभी शिक्षक,शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मन मोहा
## दिव्य महाआरती में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़, सदर विधायक समेत कई लोग हुए शामिल

# बुढ़ा महादेव में भक्ति जागरण में झूमे भक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** बुढ़वा महादेव हजारीबाग में आयोजित भक्ति जागरण में सोमवार की देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे. एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सृजिता फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से पवित्र श्रावण मास की अंतिम सोमवारी पर शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित प्रांगण में भव्य जागरण एवं दिव्य महाआरती का आयोजन किया गया था. कलाकारों ने भक्ति जागरण कार्यक्रम में समां बांध दिया. इसका शुभारंभ एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्मिला देवी और सदर विधायक मनीष जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. हजारीबाग के लोकप्रिय व चर्चित गायक-गायिकाएं एवं गीत-संगीत में जुटे कलाकारों ने भक्ति आधारित सुमधुर गीतों से उमड़े शिवभक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया. कलाकारों ने एक से बढकर एक भक्ति गीत-संगीत की प्रस्तुति दी. बीच में हर हर महादेव का जयकारा लगता रहा. भगवान शिव एवं माता पार्वती पर आधारित गीतों को सिलसिला देर रात तक चलता रहा. दर्शक दीर्घा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने जागरण का जमकर आनंद लिया. जागरण कार्यक्रम खत्म होने के बाद गंगा आरती के तर्ज पर दिव्य महाआरती प्रारंभ हुई. एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता एवं सृजिता फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कमलेश सिंह के नेतृत्व में गंगा आरती करते पीयूष पाठक को अंगवस्त्र देकर स्वागत व अभिनंदन किया. पीयूष पाठक ने महाआरती कर शिवभक्तों को आत्मविभोर कर दिया. फिर भगवान शिव को चढाया गया महाप्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता उदयभान सिंह, भाजपा बटेश्वर प्रसाद मेहता, सांसद प्रतिनिधि आनंद देव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, अजय सिन्हा एवं रिंकी सोनी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए. मौके पर विशेष रूप से ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष पूर्वी गुप्ता, फाउंडेशन की सचिव पूजा कुमारी, सहकोषाध्यक्ष अमन गुप्ता, संस्थापक सदस्य ऋषभ ऋषि, ज्योति कुमारी, सतीश कुमार, मनोज गोयल, फतेहचंद्र अग्रवाल, विवेक सिंह, शंभू अग्रवाल, अनुपन सिन्हा, मुद्रीका शर्मा, अमन कुमार, शशि केशरी, रूद्रराज, जेपी जैन, सतीश चंद्र प्रसाद, अजय वर्मा, अजय दास, पंकज सिंह, सुरेश ठाकुर, इंद्रजीत अग्रवाल, पवन सिंह, विजय पाठक, मोहित कुमार, सागर कुमार, रंजन चौधरी, संचालक मणीक चक्रवर्ती, स्मीता गुप्ता, मनीषा गुप्ता, राज नंदनी, प्रियानंदनी, राजलक्ष्मी, उदय राज, प्रियम कुमार एवं मानस गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे.



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर डीएवी में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन



**बरही।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल के द्वारा विद्यालय परिसर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसके तहत विद्यार्थियों के बीच खो खो, वॉलीबॉल , गतका, शतरंज आदि कई इंडोर और आउटडोर गेम आयोजित किए गए. प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का हौसलावर्द्धन करते हुए खेलकूद को भी जीवन में अनिवार्य शिक्षा बताया. उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नियमित खेलकूद अति आवश्यक है. राष्ट्रीय खेल दिवस की महता पर चर्चा किया. सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्म दिन के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरूआत की गई. आज पूरे देश में उनका जन्मदिन मनाया जा रहा है. इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम सफल बनाने में खेल शिक्षक राजेश कुमार सिंह, रविंद्र कुमार पांडे और ललन कुमार यादव सहित विद्यालय के सभी सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया.

# आजादी से लेकर अब तक बुनियादी सुविधाओं से वंचित कैरोबेड़ा गांव





**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत एक ऐसा गांव जहां आजादी से लेकर अब तक बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत डोमटोली पंचायत के कैरोबेड़ा गांव में ना तो सड़क, ना ही पीने का पानी, ना ही नदी पर पुल और ना ही बिजली है। आज हमारा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है आजादी का 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। आज सरकार कहती है सभी क्षेत्रों में विकास की गति का काम काफी तेजी से हो रहा है, हर पंचायत, हर गांव, हर टोला में पानी, बिजली और सड़क बन गई है। घर घर जल और घर घर बिजली का दावा करती है लेकिन यह गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। आज भी लोग नदी का पानी पीने में मजबूर हैं। लेकिन उस गांव में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी पीने के पानी का सुविधा उपल्ब्ध नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव में आज तक ना ही कुआं है और ना ही चापाकाल,और ना ही घर घर जल नल योजना। लोग नदी का पानी पीने को मजबूर हैं और नदी का पानी पीने से कई तरह की बीमारियों से लोग लड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नदी में पानी भर जाता है तो लोग गांव के अंदर ही किसी तरह गुजर बसर करते हैं। महीनों का राशन वर्षात से पहले ही घर में लाकर रख लेते हैं जिससे उनकी जीविका चलती है। इस गांव में लगभग 16 से 18 घर है। इस गांव में आज तक बिजली नहीं गई है लोग अंधेरे की रात में जीते हैं। किरोसिन तेल भी मात्र 1 लीटर मिलती है जिससे किसी तरह रात्रि गुजर जाती है और मिट्टी तेल खत्म हो जाता है तो अंधेरे में रात गुजारनी पड़ती है। इन सारी समस्याओं को बिजली विभाग, गांव की मुखिया को भी अवगत कराया गया लेकिन आज तक यह गांव जैसे का तैसे ही रह गया, मिला तो मिला सिर्फ. और सिर्फ.आश्वाशन । इन सभी बातों का जैसे ही प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा अखिलेश कुमार को पता चला तो उन्होंने स्वयं उस गांव का निरीक्षण किया जिसमे उन्होंने पाया कि कैरोटोली गांव के ग्रामीण नदी में पक्का पुल नही होने पर आज भी ग्रामीणों के द्वारा निर्मित लकड़ी के पुल से आना जाना करते हैं। इन सभी बातों से अवगत होने के बाद उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत जल्द इस गांव में बिजली, पीने का पानी के लिए चापाकल एवं कुआं और नदी पार करने के लिए पुलिया निर्माण का कार्य किया जाएगा। लोगों को मूलभूत सरकारी सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कैरोबेड़ा के बुजुर्ग ग्रामीणों से वृद्धा पेंशन के बारे में पूछा जिसमें पता चला कि वहां के बुजुर्गों को वृद्धा पेंशन मिलता है कुछ ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ मिला है। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि आप ग्रामीणों को हर संभव सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का कोशिश करूंगा।

## सिमडेगा में भाजपा की हुई बैठक

# संकल्प यात्रा की सफलता के लिए बांटी गई जम्मेवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला सिमडेगा की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के अध्यक्षता में पूर्व मंत्र विमला प्रधान के आवास में संपन्न हुआ। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के तहत 20 सितंबर को कोलेबिरा विधानसभा 21 सितंबर 2023 को सिमडेगा विधानसभा में आना सुनिश्चित हुआ है। इस बैठक में सिमडेगा विधानसभा का संकल्प यात्रा को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए रणनीति बनाया गया और पार्टी के पदाधिकारीओ को विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदारी सौप गया गया। स्वागत के लिए दुर्ग विजय सिंह देव एवं सत्य ठाकुर रात्रि विश्राम संजय ठाकुर एवं नवीन सिंह भोजन व्यवस्था लाल साहू अशोक रजक मनोज चौबे सतीश पांडे मीडिया सम्पर्क कवरेज एवं प्रेसवार्ता रवि गुप्ता सोशल मीडिया कृष्णा ठाकुर सामाजिक सहभागिता श्यामलाल शर्मा एवं दुर्ग विजय सिंह देव जनसभा प्रमुख विमला प्रधान निर्मल निर्मल बेसरा सुशील श्रीवास्तव ओम प्रकाश साहू विधानसभा स्तरीय जनता की समस्या को चिह्नित करना दीपक पुरी एवं संजय ठाकुर मंच संचालन दीपक पुरी मंच साज सज्जा अनूप प्रसाद एवं राकेश रविकांत सभा स्थल में बैठने की व्यवस्था महिला मोर्चा सावित्री देवी के नेतृत्व में स्वच्छता एवं पेयजल के लिए सतनारायण प्रसाद तपेश्वर बडाईक प्रचार प्रसार अजय सिंह अनिरुद्ध सिंह प्रशासनिक समन्वय तुलसी कुमार साहू एवं संजय शर्मा वातावरण निर्माण प्रणव कुमार मनोज साय श्रद्धानंद बेसरा बूथ समिति सूचना सभी मंडल अध्यक्ष सुरक्षा व्यवस्था युवा मोर्चा किसान मोर्चा २३ मोर्चा चिकित्सा व्यवस्था सतीश पांडे पार्किंग व्यवस्था ओबीसी मोर्चा एससी मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा को जिम्मेदारी दी गई। माननीय प्रदेश अध्यक्ष पूरे प्रदेश में संकल्प यात्रा के तहत हर विधानसभा में जाना सुनिश्चित हुआ है। इस संकल्प यात्रा में राज्य की भ्रष्टाचार ठग बंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार चौपट विधि व्यवस्था को जनता को बताने के लिए संकल्प यात्रा के तहत सिमडेगा जिले में आना सुनिश्चित हुआ है। इस राज्य की महागठबंधन के नेतृत्व में हेमंत सोरेन की सरकार में विधि व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है राज्य की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। राज्य की जनता को कोई देखने वाला नहीं है राज्य में बिजली पानी सड़क चिकित्सा रोजगार पलायन जैसे मूलभूत सुविधाओं को लेकर राज्य की हेमंत सोरेन के सरकार के द्वारा लोगों को बरगला कर झूठ बोलकर सत्ता में काबिज किया गया था है। जनता जान चुकी है आने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में यहां की आम जानता इसका मुंह तोड़ जवाब देगी।

# सावन पूर्णिमा को लेकर निकाली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत स्थित टाभाडीह सरना महादेव मंदिर में सावन पूर्णिमा के मौके पर होने वाले 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन से पूर्व मंगलवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया कलश यात्रा की शुरूआत पालामाड़ा नदी से हुई जहां पर सैकड़ो की संख्या में महिला एवं युवतियां गेरुआ वस्त्र धारण करते हुए नदी से जल संकल्प करते हुए कलश यात्रा किया इधर समस्त धार्मिक अनुष्ठान आचार्य प्रकाश दास गोस्वामी के द्वारा संपन्न कराया गया। कलश यात्रा नदी से निकलकर हर हर महादेव जय श्री राम बोल बम के जय घोष के साथ मुख्य पथ होते हुए सरना मंदिर पहुंची जहां पर समापन हुआ। जानकारी देते हुए मंदिर के मुख्य सेवक आचार्य प्रकाश दास गोस्वामी के द्वारा बताया गया कि सावन पूर्णिमा के मौके पर होने वाले 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन हुआ आज दिन बुधवार को अधिवास पूजन के साथ 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ होगा। इस कीर्तन में तामड़ा, टाभाडीह, भेलवाडीह, सिकरियाटांड, बीरु, घाघरा, सहित आसपास के कई कीर्तन मंडलियों को बुलाया गया है। वहीं 24 घंटे तक अखंड हरी कीर्तन के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया है बताया गया की कीर्तन के पूणार्हुति के दिन हवन पूजन दधिभांजन के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में आसपास के तमाम सनातनी लोगो को आमंत्रित किया गया है। इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की भूमिका है।

## कोडरमा : अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान, हाइवा जब्त

**कोडरमा।** अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. कोडरमा के वसुंधरा पेट्रोल पंप के समीप वाहन चेकिंग अभियान चला. इस दौरान बिना लाइसेंस, बिना माइनिंग चालान, ओवर लोडिंग समेत कई कागजातों की जांच की गयी. जांच में 4 ट्रक और 2 ट्रैक्टर बिना माइनिंग चालान के पाये गये और दो हाइवा फ्लाई ऐश ओवर लोड पाये गये. ओवर लोडिंग फ्लाई ऐश से लदे वाहनों को जब्त किया गया और बिना चालान वाले वाहनों पर जुर्माना लगाया गया. अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि सभी प्रकार के कागजातों के साथ वाहन चलायें और ओवर लोडिंग वाहन बिल्कुल न चलाएं. इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है. अनुमंडल पदाधिकारी ने यह भी कहा कि कोडरमा जिले में आये दिन हो रहे सड़क हादसों की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा बहुत जरूरी है.

## कोडरमा : खेल दिवस पर डीसी ने उत्कृष्ट पांच खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**कोडरमा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड की ओर से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची द्वारा संचालित आवासीय एवं डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र के उत्कृष्ट पांच खिलाड़ियों को डीसी ने सम्मानित किया. उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रशस्ति पत्र देकर खिलाड़ी रोजी परवीन, काम्या कुमारी, अनुष्का कुमारी, तनु श्री और पायल कुमारी को सम्मानित किया. उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं. इसी तरह आगे खेलते रहें और आगे बढ़ते रहे. इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम मौजूद थे.

## हॉकी स्टार ब्यूटी डुंगडुंग के पिता के निधन पर विधायक भूषण बाड़ा ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग के पिता अमरुस डुंगडुंग के निधन पर विधायक भूषण बाड़ा ने गहरी शोक संवेदना ब्यक्त किया है। विधायक ने शोक ब्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत के आत्मा को शांति दे। साथ ही इस दुःख की घड़ी में दिवंगत के परिजनों को दुःख सहने की शक्ति दे। उन्होंने कहा कि अमरुस भी एक बेहतरीन खिलाड़ी थे। जिन्होंने राज्य स्तर पर आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में भाग ले चुके थे। वे किनकेल में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन में भी सराहनीय योगदान निभाते रहे हैं और इस प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने में हर सम्भव मदद किया करते थे। गांव के छोटे छोटे बच्चों के लिए वे गुरु भी बन जाया करते थे और उन्हें हॉकी खेलने की भी टिप्स दिया करते थे। आज सिमडेगा की धरती ने एक अच्छे खिलाड़ी को खो दिया। इनकी कमी हमेशा सिमडेगा वासियों को खासकर किनकेल वासियों को खलेगी। अमरुस स्वयं अंतराष्ट्रीय स्तर का मैच नहीं खेल सके। पर उन्होंने अपनी बेटी को हॉकी सीखा देश को हॉकी के बेहतरीन खिलाड़ी दिए।विधायक भूषण बाड़ा मंगलवार को रांची में स्थित अस्पताल में पैसे कम होने के सूचना पर अमरुस के परिजनों को आर्थिक सहयोग भी दिया। इसके अलावे अस्पताल से शव को घर ले जाने के लिए एम्बुलेंस की भी व्यवस्था कराई।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुलेल प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के दिशा निर्देश पर स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल कूद विभाग, सिमडेगा के द्वारा सिमडेगा जिला के गांव-गांव में खेले जाने वाले गुलेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम परिसर में किया गया। जिसमें बालक वर्ग में 72 और बालिका वर्ग में 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला मुख्यालय में पहली बार स्थानीय खेल के आयोजन से खिलाड़ियों में काफी उत्साह था। केरसई प्रखंड के गोरवाइर जोर के देवनंद प्रधान ने कहा कि हमलोग गांव में जो खेल खेलते है उसे अब सरकार के द्वारा भी कराया जा रहा है जिससे हमलोग को काफी मजा आया, इसका आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर भी होना चाहिए जिससे गांव हर बच्चों द्वारा खेले जाने वाले खेल को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, आम मारने से लेकर बेर मारने के लिए गुलेल का उपयोग होता है। बालक वर्ग में प्रथम स्थान- नेलसन टोप्पो (चामू टोली), राहुल प्रधान- और तृतीय स्थान साहिल लुगुन प्राप्त किया। बालिका वर्ग प्रथम स्थान- जुनिका टोप्पो सेवई द्वितीय स्थान- मीना बारला बरकिछापर और तृतीय स्थान प्रियंका डांग बरपानी ने प्राप्त की।आयोजन में उपस्थित हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कहा कि खेलकूद विभाग द्वारा स्वदेशी खेलो को आगे बढ़ाने के लिए जो सुदुर्वती गांवों में खेले जाने वाले गुलेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना बहुत ही सराहनीय है।

## रक्षाबंधन समारोह का आयोजन, बांधी गई राखियां



**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के पिपराही (बेहराय) स्थित संजीवनी अकादमी में मंगलवार को रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर विद्यालय निदेशक संजीव कुमार ने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व के बारे में बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन पर्व भाई-बहन के अटूट प्यार का त्योहार है. भारत में अनेकों त्योहार मनाया जाता है जिसमें रक्षाबंधन का अपना एक अलग ही महत्व है. इस दिन सभी बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र (राखी) बांध कर अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती है. भाई भी अपने बहन की रक्षा करने का वचन देता है. मौके पर लड़कियों ने लड़कों की कलाई पर राखी बांधकर लंबी उम्र की कामना की और मिठाई खिलाई. मौके पर शिक्षक बिनोद कुमार, निधि कुमारी, छात्रा विनिता कुमारी,नंदनी कुमारी,राधा कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी, सृष्टि ,संध्या,खुशी प्रवीन, सुहानी प्रवीण, गौरी कुमारी,शिवानीआदि छात्र रितेश, अन्वित, शिवम, आर्यन, सूरज,शिवम ,सागर,शिवानंद, अनुभव, बंटी, आदि मौजूद थे.

**सम्मानित**

## तामड़ा हाई स्कूल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट महाकुंभ का आयोजन, पूर्व मंत्री बोले

# सिमडेगा हमेशा से खेल के क्षेत्र में आगे रहा है



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत की जनता उच्च विद्यालय मैदान में फुटबॉल महासंग्राम 2023 का आयोजन किया गया कार्यक्रम का फाइनल मैच खेला गया फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पूर्व मंत्री का आयोजन समिति की ओर से फूलमाला एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया इस दौरान पूरे मैदान झारखंड पार्टी जिंदाबाद एनोस एक्का जिंदाबाद के नारे से गूंज उठा। वही खेल की शुरूआत अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया गया। जहां पर मैंनाबेड़ा बनाम ग्रीन गार्डन की टीम फाइनल मैच खेला जहां पर शानदार पारी खेलते हुए मैना बेडा की। टीम जीत दर्ज की जहां पर प्रथम विजेता को बड़ा खस्सी एवं द्वितीय विजेता को छोटा खस्सी देकर सम्मानित किया ।वही मैन ऑफ द मैच एवं ट्रॉफी देकर भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि सिमडेगा हमेशा से खेल के क्षेत्र में आगे रहा है और यहां के खिलाड़ी बाहर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं वैसे खिलाड़ी जिनके अंदर प्रतिभा छूपी हुए उन्हें बाहर लाने का काम करेगी। झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने संबोधित करते हुए युवा समाज में बदलाव ला सकते हैं और इस प्रकार का खेल आयोजन करने से आसपास के खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलता है उन्होंने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का आयोजन करने के बाद कई जहां झारखंड पार्टी हर संभव मदद देगी। मौके पर नुवेल हेरेंज,रवि बड़ाईक, आशीष कुमार सिंह मौजूद रहे। वहीं आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष लाल महतो सचिन कुबेर कैथवार, संदीप डुंगडुंग, उपसचिव संतोष साहू, राहुल मिश्रा,कोषाध्यक्ष छोटा साहू मुकेश गोप, ब्रजनाथ कैथवार,अरविंद कैथवार,विकास साहू, अमन मिश्रा सहित आयोजन कमेटी के सदस्यों की भूमिका रही।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रितेश सुरोजित और महिमा हुए पुरस्कृत



**सिमडेगा।** विद्या वनस्थली शिक्षा समिति सिमडेगा द्वारा संचालित एवं लीड द्वारा निर्देशित जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा मैं आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच म्यूजिकल चेयर रेस खेल का आयोजन किया गया ।खेलकूद प्रतियोगिता के बाद बच्चों की सभा को संबोधित करते हुए शिक्षकों ने खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज का दिन मेजर ध्यानचंद जी का जन्म दिवस है जिन्हें हम हॉकी के जादूगर के रूप में भी जानते हैं। मेजर ध्यानचंद हॉकी के इतने कुशल खिलाड़ी थे, कि जब वो खेलते तो गेंद उनके हॉकी स्टिक से चिपक जाती और लोगो को शक रहता की इन्होंने अपनी स्टिक में कुछ लगा रखा है। उनके इसी हॉकी खेलने के अंदाज से लोग इनको हॉकी का जादूगर कहते थे। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित म्यूजिकल चेयर रेस में रितेश महतो, सुरोजित महतो और महिमा कुमारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## दूसरे प्रदेशों की राखी कलाई की बढ़ाएगी शोभा

# रक्षाबंधन कल, बाजार में हुई खरीददारी



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
भाई बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन का त्योहार गुरुवार को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर बाजार में जमकर खरीदारी हुई। त्योहार को लेकर बहन व भाइयों में उत्साह है। रक्षाबंधन को लेकर बहनों ने सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली है। सावन पूर्णिमा के अवसर पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधेगी। रक्षा बंधन को ले सोमवार को ही युवतियों और महिलाओं ने राखी की खरीदारी कर ली है। रक्षाबंधन को लेकर कई घरों में घर पर ही मिठाई भी तैयार की जा रही है। बाजार में राखी की दुकानें सजी हुई हैं। बहनों ने अपने भाइयों के लिए राखी की खरीद की। बाजार में विभिन्न प्रकार की आकर्षक राखियां बिक रही हैं। पांच रुपये प्रति पीस से लेकर 2000 रुपये प्रति पीस तक राखी बाजार में बिक रही है। महिलाएं पसंद के अनुसार राखी की खरीददारी करती दिखीं। जिला मुख्यालय में विभिन्न चौक-चौराहों और बाजार में राखी की दुकानें सजाई गई है। रंका मोड़, सहिजना मोड़, पुरानी बाजार, मझिआंव मोड़, मेन रोड में जगह-जगह पर राखी की दुकानें सजाई गई है। वहीं सरार्फा दुकानों में भी चांदी की राखी की बिक्री हो रही है। राखी को लेकर चौक-चौराहों पर राखी की दुकानें सजी हुई हैं। दूसरे प्रदेशों से आई राखी ही भाइयों की कलाई की शोभा बढ़ाएगी। राखी विक्रेता पंकज कुमार ने बताया कि गढ़वा में बनारस, कोलकाता और दिल्ली से राखी लाई गई है। उन्होंने कहा कि स्टोन और नग वाली राखी की डिमांड सबसे ज्यादा है। वहीं बच्चों के बीच कार्टून वाली राखी भी पसंद की जा रही है।

**राखी पर खूब बिकी मिठाइयां :** भाई-बहनों के प्यार का त्योहार रक्षाबंधन का उत्सव पर मिठाइयों का बाजार भी उत्साह जनक रहा। जिला मुख्यालय के होटल, चौक-चौराहों के साथ-साथ ठेले पर मिठाई की दुकान सजी हुई है। जयसवाल स्वीट के मालिक प्रवीण जयसवाल ने बताया कि राखी को लेकर जिला मुख्यालय के सभी होटलों में मिठाई की स्पेशल तैयारी की गई है। उन्होंने बताया कि पूरे जिले में राखी पर लगभग पांच करोड़ मिठाई का कारोबार होता है। कई दुकानदार तो दूसरे प्रदेशों से भी मिठाई लाकर बिक्री करते हैं। उन्होंने बताया कि मिठाई 140 रुपये से लेकर 1200 प्रति किलो बिक रही है। जिला मुख्यालय में दो करोड़ से ज्यादा की मिठाई की बिक्री होने का अनुमान है।

## बस स्टैंड पर मिठाइयों राखी की दुकानें सजीं

**मेराल।** रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर मेराल बस स्टैंड पर मिठाईयां एवं राखी की दुकानें सज गई है मिठाई एवं राखी के व्यवसाई हर वर्ष की भांति इस वर्ष अधिक मिठाइयां एवं राखी दुकान पर सजाया है अभी से ही लोग राखी की दुकान पर भीड़ लगाने लगे हैं। पांच रुपये से लेकर 200 रुपये तक की राखी उपलब्ध हैं। राज स्वीट्स के संचालक कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष तरह-तरह की अधिक मिठाइयां बनाई जा रही है। कई मूल्य के मिठाइयां बनाई गई है तथा शुद्ध एवं स्वादिष्ट मिठाइयां रक्षाबंधन पर्व के लिए बनाया गया है। वहीं राखी व्यवसाई संतोष सोनी, कृष्णा प्रसाद, सनोज राम ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर राखी की दुकानें सजाई गई हैं। इस बार अधिक से अधिक राखी बिकने की संभावना है। व्यवसायों ने कहा कि इस बार हर तरह की रखी बाजार उपलब्ध है।

## राखी बंधन कार्यक्रम का किया आयोजन

**मेराल।** प्रखंड स्थित डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल लातदाग में रक्षाबंधन पर मंगलवार को राखी बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। इस मौके पर सभी बहनों ने बड़े ही स्नेह से थाल सजाकर भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधी और उनके सुख - समृद्धि की कामना की और भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा करने के लिए संकल्प दोहराया। वहीं विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा सभी बच्चों को रक्षाबंधन की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी। सभी बच्चों को भाई बहन के इस पवित्र त्यौहार को बड़े हीं प्रेम पूर्वक हंसी खुशी और उल्लास के साथ मानाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि राखी का पवित्र त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार है। यह त्यौहार भाई-बहन के आपसी प्रेम को बढ़ता है यहां पढ़ने वाला प्रत्येक छात्र छात्रा भाई बहन होते है मौके पर विद्यालय के शिक्षक रिजवान अंसारी, नागेंद्र प्रसाद ठाकुर, सुफिया नाहिद, प्रियंका कुमारी, रेनू कुमारी, अमिता कुमारी, नागवंति कुमारी, सफाई कर्मी अंजू कुमारी बलराम शर्मा शामिल थे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर कबड्डी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
स्टेशन रोड स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन, श्रावण और कबड्डी खेल का मंगलवार को आयोजन किया गया। श्रावण और रक्षाबंधन का उत्सव मनाया गया साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में विद्यालय निदेशक डॉ अभिमन्यु सिंह, प्रिंसिपल डॉ रे रोज एवं कोऑर्डिनेटर कृषाणु परुआ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह ने कहा की रक्षाबंधन का त्योहार हम कब से और किस लिए मनाते हैं। कंचन गुप्ता ने कहा कहा कि श्रावण मास हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर एमके इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा अंतर स्कूल दोस्ताना प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें एमके इंटरनेशनल स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों के बीच कबड्डी खेल का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रेफरी सौरभ सर (खेल प्रशिक्षक), जितेंद्र, विजय, राजेश, हरेंद्र सर एवं अन्य प्रशिक्षक गणों ने मुख्य भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त

### बारिश कम होने से किसानों की उम्मीद टूटी

**डंडई।** अगस्त माह का महीना समाप्ति की ओर है लेकिन अभी तक प्रखंड क्षेत्र में अपेक्षा अनुकूल बारिश नहीं हुई है जिससे किसानों की उम्मीद भी टूटने लगी है। वहीं उनके द्वारा किसी तरह खेत में रोपनी किए धान के पौधे भी सूखने लगे हैं। अगस्त माह तक इससे पूर्व 280 मिमी बारिश हो जाती थी लेकिन इस वर्ष मात्र 132.5 मिमी ही बारिश हो पाई है। बारिश मौसम का का मध्य महीना कहलाने वाला अगस्त मे भी अपेक्षा के अनुकूल बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि अगर इस वर्ष कहीं खेती धोखा दिया तो हम सभी किसान बेमौत मारे जाएंगे, क्योंकि पिछले दो वर्षों से हम लोगों के साथ प्रकृति यही खेल खेलती आई है। प्रकृति की उम्मीद पर ही हम सभी इससे पूर्व अपने-अपने खेतों में धान की रोकने करते आ रहे थे। वहीं रुक रुक कर कमोबेश बारिश होते रहने से हम सबों को खाने पीने के लिए धान की पैदावार हो जाती थी। लेकिन इस वर्ष अभी तक जिस तरह प्रकृति ने धोखा दिया है उससे नहीं लगता है कि हम सभी की खेती इस वर्ष हो पाएगी। उन्होंने कहा कि अगस्त माह के शुरुआती दौर में अच्छी बारिश हुई थी जिसका कृषि वैज्ञानिक ग्राफ 280 मिमी था। इस दौरान आनन फानन में प्रखंड क्षेत्र के मात्र दो प्रतिशत किसान ही धान की रोपनी कर पाए थे। उसके बाद से बारिश में सुधार होता देख हम सभी अच्छी बारिश की उम्मीद लगा डीजल पंप मोटर सहित कई तरह के संसाधन के बदौलत अपने-अपने खेतों में धान की रोपनी करना शुरू कर दिए जिससे उसका ग्राफ 2 प्रतिशत से बढ़ कर 30 से 35 प्रतिशत तक पहुंचा दिए। परिस्थिति बस हम सभी बीच में ही धान रोपनी का कार्य बंद कर दिए। उन्होंने कहा जिस खेत में धान की रोपनी किये थे अब वह धूप की वजह से सूखने लगी। जगह-जगह पर खेतों में बड़े-बड़े आकार की दरार भी खुलनी शुरू हो गयी।

### आंगनबाड़ी में सहायिका पद पर रेणु का चयन

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के लोहरगाडा.पंचायत के हुरका गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी सहायिका का चयन को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में रेणु देवी का चयन किया गया। इस आम सभा में तीन अभ्यार्थी सुनीता देवी, सुषमा देवी और रेणु देवी ने दावेदारी किया। लेकिन इसमें योग्यता के अनुसार रेणु देवी का चयन किया गया। इस आंगनबाड़ी केंद्र में सेवारत सहायिका विंध्याचल कुंवर का 62 वर्ष सेवानिवृत्त होने के कारण सहायिका का पद रिक्त हो गया था। इस मौके पर सीडीपीओ जयपाल महतो, केतार बीडीओ मुकेश मछुआ ने नवचयनित सहायिका रेणु देवी को प्रमाण पत्र सौंपा। मौके पर आंगनबाड़ी प्रयवेक्षिका रिंकी कुमारी, मुखिया नीलम देवी, मुखिया प्रतिनिधि सीता राम शर्मा, आंगनबाड़ी सेविका रीमा देवी मौजूद थे।

### बसपा की दो दिवसीय सेक्टर समीक्षा बैठक



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय सेक्टर कमेटी संगठन समीक्षा बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर, रामबाबू चिरगाइयां, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह, गढ़वा जिला कमेटी से जिला अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम, जिला प्रभारी नंदा पासवान, जिला प्रभारी जितेंद्र चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुमार कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रिका सिंह, जिला महासचिव सुदेश्वर राज, जिला महासचिव शिव शंकर मेहता, जिला सचिव गरीबुलाह अंसारी, बसपा नेता रामचंद्र राम, विधानसभा प्रभारी चुनमुन चौधरी, विधानसभा प्रभारी जोगिंदर राम, विधानसभा अध्यक्ष आशीष चौबे, विधानसभा उपाध्यक्ष बैजनाथ आर्या, महासचिव वजीर अंसारी, कोषाध्यक्ष रामेश्वर पासवान के साथ-साथ भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के 10 प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सारे सेक्टर के पदाधिकारी, बामसेफ पदाधिकारी नथुनी राम, बहुजन समाज पार्टी के पूर्व एवं वर्तमान तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

### पैक्स प्रत्याशी ने की पुनर्मतगणना की मांग

**केतार।** केतार पंचायत पैक्स अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रवि कुमार रवि ने निवार्ची पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता को आवेदन देकर पुनर्मतगणना की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के मत पत्रों में की गणना करते समय मुहर की जगह स्याही या अंगुठा लगे निशान की भी गिनती कर ली गई है, जो नियमानुकूल नहीं है। उन्होंने आपत्ति व्यक्त करते हुए निवार्ची पदाधिकारी से मांग की है कि सिर्फ मुहर लगे मतपत्रों की गणना की जाये। 22 अगस्त को केतार पैक्स अध्यक्ष के लिए चुनाव हुआ है, जहां निर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा मतों की गणना के बाद दोनों प्रत्याशियों को 97-97 मत मिलने की बात कही। इससे अध्यक्ष पद का निर्णय नहीं हो सका। अब निवार्ची पदाधिकारी ने पैक्स अध्यक्ष के चयन के लिए लॉटरी से 31 अगस्त की तिथि तय की है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट +2 स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर हुयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल शिक्षक अजय कुमार के साथ-साथ शिक्षक मुकेश भारती, खुर्शीद आलम, आलोक सिन्हा, नरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, निलम कुमारी, सुनिता, सरिता, रिजवाना शाहीन, सुषमा, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही। खेलों में जिला स्तर, राज्यस्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को गोल्ड,सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल तथा पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें विजेता भारती (गोल्ड), मुस्कान तिवारी (गोल्ड), पवल किशोर (गोल्ड), नमन, अविनाश को सिल्वर वहीं राजीव नयन, अजित, आर्या, संस्कार, कुणाल, रणवीर, सीटू, पीयूष और अमर शामिल रहे।

## देसी शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान एक गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना के सशस्त्र बल द्वारा ग्राम जहर सराय टोला परसाखाड़ थाना मझिआंव जिला गढ़वा में अवैध देसी महुआ शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें प्रेमनाथ सिंह उर्फ रोवन सिंह उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय गणेश सिंह को अवैध महुआ देसी शराब बनाने के विरोध में गिरफ्तार किया गया है। इसमें ग्राम जाहरसराइ टोला परसाखाड़ थाना मझिआंव जिला गढ़वा के घर के पीछे चटवा नाला के पास से एक अलमुनियम का शराब बनाने का उपकरण व लगभग 15 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। मझिआंव थाना कांड संख्या 99/2023 दिनांक 29/8/ 23 धारा 272/ 273 भादवी एवं 47 एक्साइज एक्ट दर्ज किया गया है। वहीं थाना प्रभारी विवेक कुमार पंडित ने कहा कि अवैध रूप से कार्य करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा उन पर नकेल कसी जाएगी।

## राइजिंग सन व व्हाइट लायनेस की जीत



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एसडी मेमोरियल एकेडमी में बालक एवं बालिका वर्ग में अलग-अलग कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालक वर्ग में राइजिंग सन तथा व्हाइट लायंस के बीच एवं बालिका वर्ग में राइजिंग सन तथा व्हाइट लायनेस के बीच कबड्डी खेली गई, जिसमें बालक वर्ग से राइजिंग सन तथा बालिका वर्ग में व्हाइट लायनेस की टीम विजेता रही। बालिका वर्ग में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई जिसमें मात्र एक अंक से व्हाइट लायनेस मैच को जीतने में सफल रही। बालक वर्ग में भी व्हाइट लायंस तथा राइजिंग सन के बीच जोरदार मुकाबला हुआ जिसमें राइजिंग सन ने तीन अंक से व्हाइट लाइंस को पराजित कर मैच को जीत लिया। मौके पर उपस्थित भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय भगत समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता बिरझन राम, सुरकेश बैठा विकास कुमार इत्यादि द्वारा विजेता तथा उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। अतिथियों ने कहा कि खेलकूद से अनुशासन की सीख के साथ-साथ तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहता है। बालिका वर्ग व्हाइट लाइंस की ओर से कप्तान चंदा कुमारी चुनमुन कुमारी रिया कुमारी रिजवी परवीन वंदना कुमारी महिमा कुमारी, नूरी, रोशन, तारा कशिश, सना, अंजलि सपना, निशा, राइजिंग सन की ओर से रानी तनु प्रिया रानी कुमारी अनुष्का कप्तान समरीना, सब्बा, अनुराधा, सुहाना, शबनम फैजाना नाज तथा रागिनी कुमारी ने खेल में हिस्सा लिया। वहीं बालक वर्ग में राइजिंग सन की ओर से, कप्तान पवन रजक आदित्य कुमार अमन विश्वकर्मा गौतम चौधरी आयुष गुप्ता गुलाम गौस अनिकेत कुमार अजमेरुल हक, शुभम सोनी अभिजीत सिंह, ठाकरे आलम दुर्गा दत्त प्रजापति हिमांशु रजक तथा व्हाइट लाइंस की ओर से कप्तान सानू जैसवाल आरिफ राजा आशू कुमार रवि रंजन प्रिंस फंटूश आयुष राजकिशोर राजेश सुमित पुरुषोत्तम उज्जवल कुमार शिवम कुमार शशि कुमार शामिल थे। रेफरी की भूमिका गौतम कुमार तथा श्यामदेव पांडे द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं तथा दर्शक के रूप में काफी लोग उपस्थित थे।

## गलत स्थल में बनाया जा रहा जल मीनार, विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
प्रखंड क्षेत्र के बारियातु पंचायत स्थित भुइयां टोली के ग्रामीणों ने पेय जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बनाए जा रहे जल मीनार का विरोध किया है। जिसे ले ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर गलत स्थल पर बनाए जा रहे जलमिनर की शिकायत दर्ज करवाई है। आवेदन में कहा गया है कि जिस स्थल पर जल मीनार का निर्माण किया जा रहा है वहां सिर्फ एक घर है। जबकि भुइयां टोली में अनुसूचित जाति के करीब 35 घर की आबादी है। जहां प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम के साथ-साथ अन्य मौसम में पेयजल की भारी किल्लत रहती है। ग्रामीणों ने भुइयां टोली में जल मीनार बनाने की मांग किया है। मांग पूरी नहीं होने पर इसकी शिकायत उपायुक्त के साथ अन्य उच्च अधिकारियों से करने की बात कही है। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# तीन वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
पुलिस ने तीन लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। सदर थाना परिसर में आयोजित एप्रेसवार्ता में एसडीपीओ संतोष मिश्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर स्थायी और लाल वारंटियों के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस ने तीन लाल वारंटियों को दबोच लिया। वारंटियों में चंदन कुमार (36) तरवाडीह लातेहार, विरेंद्र सिंह उर्फ कुनू सिंह (38) नावाडीह, कुसुमटोला व रविंद्र राम (38) ग्राम शीशी के नाम शामिल है। एसडीपीओ ने कहा कि अन्य लाल और स्थायी वारंटियों की धर पकड़ जारी रहेगी। छापेमारी टीम में पुअनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि मो शाहरूख, राज रौशन सिन्हा, देवानंद कुमार, रविंद्र महली व नागेश्वर महतो समेत सदर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## चार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बारियातु।** बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के रहिया व मनातु में छापामारी अभियान चला कर फरार चल रहे चार अभियुक्त को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालुमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को गुप्त सुचना मिली थी के बारियातू थाना कांड संख्या 8/23 के एक अभियुक्त गुडन उर्फ मनोज गंझु, पिता सुदा गंझु ग्राम रहिया थाना बारियातू व थाना कांड संख्या 58/23 के तीनों अभियुक्त जिवलाल गंझु, पिता? स्वर्गीय? कमल गंझु, लाल कृष्ण गंझु, पिता जिवलाल गंझु, व कैलाश गंझु, पिता डेगन गंझु, ग्राम मनातु थाना बारियातु जिला लातेहार घर पर आया हुआ है सुचना पर थाना स्तरीय दो टीम गठित किया गया और छापामारी अभियान चला कर चारों आरोपियों को अपने अपने घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरिक्षक बिंन्देश्वर महतो, धर्मेंद्र कुमार लेंबु सहायक अवर निरिक्षक बालेश्वर गंझु, मिथलेश सिंह के अलावा थाना के कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## पहल उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक हुयी

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिला में सड़क हादसों को नियंत्रित करने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय गढ़वा के सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की गई।

इस दौरान उपायुक्त जमुआर ने सड़क सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में सड़क हादसों को कम करने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के अलावा आईआरएडी एप्प पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निदेश दिया। उन्होंने जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालीसिस करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावे उपायुक्त जमुआर ने शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा के दौरान ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया, ताकि ब्लैक स्पॉट वाली जगह हादसों में कमी लाई जा सके। जिले में अवस्थित मुख्य रूप से तीन ब्लैक स्पॉट यथा- अन्नराज घाटी, गुलरिया ढोड़ा तथा बुढ़ापरास का टेढ़ी पुल के कार्य प्रगति को लेकर भी चर्चा की गई। अन्नराज घाटी के कर्व को सीधा करने संबंधी जानकारी ली गई। एनएचएआई से संबंधित पथों पर ब्लैक स्पॉट एवं वल्नरेबल एक्सीडेंटल पॉइंट्स आदि पर विभिन्न आवश्यक सामग्रियों यथा- स्पीड ब्रेकर, कन्वैक्स मिरर तथा सोलर ब्लिंकर आदि को इंस्टॉल करा दिए जाने की जानकारी परियोजना निदेशक ठळअक के द्वारा दी गई। शहरी क्षेत्र के अलावा स्कूल, कॉलेज के आसपास छोटे व बड़े वाहनों द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपल लोडिंग, रैश ड्राइविंग एवं नियमों के उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी थानों में पुलिस कर्मियों को फर्स्ट एड से जुड़े कार्यों के प्रशिक्षण दिलाने के अलावा पीसीआर वाहनों में फर्स्ट एड कीट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह को दिया। साथ ही जिले में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ सभी अस्पतालों में इससे संबंधित बैनर-पोस्टर का अधिष्ठापन करने का निदेश दिया गया। जागरूकता के उद्देश्य से जिले में ब्लड डोनेशन कैम्प के आयोजन का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के नियमों के शत प्रतिशत अनुपालन कराने को लेकर बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही उपस्थित विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न बातों पर चर्चा की गई।। संबंधित कार्य की जिम्मेवारी मौके पर उपस्थित नगर परिषद गढ़वा के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार को दी गई। निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन कड़ाई से लागू कराते हुए जागरूकता सह वाहन जांच अभियान का आयोजन करते रहें।

# झारखंड की बेटियों का परचम

***झारखंड*** में लड़कियां हर खेल में आगे बढ़ रही हैं। यह इस राज्य के लिए गौरव की बात है कि देश-विदेश में अपना परचम लहरा रही हैं। इन्हीं खेल में फुटबॉल भी शामिल है, जिसमें लड़कियां गांव से निकल कर देश-विदेश के मैदान पर भी किक मार रही हैं। हालांकि लड़कियों के लिए यह सफर इतना आसान नहीं रहा। गांव-घर के ताने, खेल के लिए छोटे कपड़े की सोच रुकावट बन रही थी। बावजूद इन पाबंदियों को बुलंद इरादों से तोड़ते हुए सफलता की राह पर आगे बढ़ रही हैं। इसमें घर-परिवार का पूरा साथ मिल रहा है। राज्य के 24 जिलों में 3000 से अधिक महिला फुटबॉलर अपना नाम रौशन कर रही हैं। इसके साथ राज्य भी गौरव का अनुभव कर रहा है। खेल के प्रति आकर्षण का आलम यह है कि हर जिले में एक-दो क्लब खुल रहे हैं। जहां लड़कियां ट्रेनिंग ले रही हैं। बस जरूरत है इन्हें प्रोत्साहन की। साथ ही सरकार का भी यह कर्तव्य बनता है कि इन प्रतिभाओं को एक मंच दे। एक नाम जिस पर सब को गर्व होता है वह है अंशु कच्छप का। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी डाना कप की विजेता यह रह चुकी हैं। वह कहती हैं कि 2013 में फुटबॉल खेलना शुरू किया। उस वक्त परिवार का भी पूरा सहयोग नहीं था। बावजूद इसके फुटबॉल खेलती रही। काफी परेशानी हुई। गांव में छोटे कपड़े पहनकर फुटबॉल खेलना बड़ी बात थी। फब्तियां सुनने को मिलती। कभी-कभी तो जानबूझकर गांव के मनचले मैदान में ही डेरा जमा लेते। बावजूद हार नहीं मानी। उसी संघर्ष का परिणाम है कि डेनमार्क में आयोजित डाना कप में शामिल होने का मौका मिला। जीतकर वापस भी लौटी। आज 100 बच्चों खास कर लड़कियों को फुटबॉल की ट्रेनिंग दे रही हैं। खुद भी अभ्यास करती हैं। शाम चार से छह बजे तक गांव के ही एक छोटे से मैदान में ट्रेनिंग देती हैं। इस बाबत अंशु का कहना है कि सरकार से काफी सहायता की जरूरत है। अपना झारखंड खेल में काफी आगे जा सकता है। बात सौ प्रतिशत सच है। कारण यहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आज भी ऐसी कई प्रतिभायें गांव के मैदान में फटे हुए जूते पहनकर फुटबॉल खेलती हैं। लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। झारखंड के ही ओयना गांव की प्रिया कुमारी 2013 से फुटबॉल खेल रही हैं। वह कहती हैं कि गांव की दूसरी लड़कियों को खेलते देखकर अच्छा लगता था। इस कारण फुटबॉल खेलने की इच्छा बढ़ने लगी। लेकिन लड़कियों के लिए फुटबॉल खेलना आसान नहीं था। माता-पिता मजदूर हैं, जिस कारण आर्थिक परेशानी होती थी। फटे हुए जूते से खेलना पड़ा, क्योंकि मां-बाबा की कमाई घर के खर्च में ही खत्म हो जाती थी। वहीं गांव वालों का मानना था की लड़कियां सिर्फ घरों में ही अच्छी लगती हैं। छोटे पैंट पहन कर फुटबॉल खेलना बड़ी बात थी। गांव के कुछ लोग मां-बाबा को भड़काते भी थे, लेकिन उनका पूरा सहयोग मिला। यही कारण है कि कई राष्ट्रीय मुकाबला खेलने को मौका मिला। खेलो इंडिया यूथ गेम, सब जूनियर नेशनल गेम 2018, हीरो जूनियर गर्ल्स नेशनल चैंपियनशिप और सुब्रत मुखर्जी फुटबॉल चैंपियनशिप-2016 जैसे गेम्स खेल चुकी हैं। दूसरी तरफ प्रियंका इंग्लैंड में दमखम दिखाने के बावजूद दूसरे के खेतों में आज भी काम करने को मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में सरकार को चाहिए कि वह झारखंड की लड़कियों को प्रोफेशनल फुटबॉल के बारे में बताने के लिए जगह-जगह एक कमिटी का गठन करे। यह खेल उनका भविष्य संवार सकता है। कुछ जगहों पर सरकारी छात्रवृत्ति का भी लाभ मिल रहा है। यह अच्छी बात है। ऐसे में अगर लड़कियों को खेल की जानकारी मिलती रहे, तो और भी आगे बढ़ सकती हैं।

**राज्य के 24 जिलों में 3000 से अधिक महिला फुटबॉलर अपना नाम रौशन कर रही हैं। इसके साथ राज्य भी गौरव का अनुभव कर रहा है। खेल के प्रति आकर्षण का आलम यह है कि हर जिले में एक-दो क्लब खुल रहे हैं। जहां लड़कियां ट्रेनिंग ले रही हैं। बस जरूरत है इन्हें प्रोत्साहन की।**

# प्रधानमंत्री मोदी का व्यापक दृष्टिकोण- भारत का स्वर्ण युग



पीयूष गोयल

***लाल*** किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की प्रगति और समृद्धि से जुड़े लंबे समय तक चलने वाले स्वर्ण युग के संबंध में अपने व्यापक दृष्टिकोण को अभिव्यक्ति दी है, क्योंकि माँ भारती हजारों वर्षों की गुलामी, अधीनता और दरिद्रता के बाद, आत्मविश्वास के साथ फिर से गौरव प्राप्त कर रही है। नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ है। प्रधानमंत्री देश के भविष्य के प्रति बहुत आशान्वित हैं। उनका आत्मविश्वास पिछले नौ साल में प्रगति के लिए किये गये अथक परिश्रम के बाद हुई ठोस प्रगति पर आधारित है। 140 करोड़ देशवासियों के धर्म, क्षेत्र, लिंग, जाति, उम्र या जातीय पहचान के आधार पर बिना कोई भेदभाव किए ये प्रयास किये गये हैं। मोदी सरकार की प्रत्येक नीति उनके 'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव' के मंत्र को दर्शाती है, जो विशेष रूप से गरीबों और वंचितों को लाभान्वित कर रही है। इससे भारत को नौ वर्षों में दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान तक पहुंचने में मदद मिली है। भारतीय अर्थव्यवस्था, पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इस प्रगति को ठोस आर्थिक नीतियों, भ्रष्टाचार पर अंकुश, सरकारी खर्च में होने वाली चोरी को रोकने, शासन में दक्षता और पारदर्शिता की वृद्धि तथा उदार कल्याणकारी योजनाओं से गति मिली है। महिलाओं के नेतृत्व में होने वाला विकास बदलाव के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में है- भारत में महिलाओं के नेतृत्व में होने वाला विकास। जैसा कि पीएम ने कहा, भारत में किसी भी अन्य देश की तुलना में महिला पायलटों की संख्या अधिक है और वे चंद्रयान मिशन जैसे उच्च तकनीक कार्यक्रमों में भी सबसे आगे हैं। यह गर्व की बात है कि लड़कों की तुलना में ज्यादा लड़कियां विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) विषय का चयन कर रही हैं। पीएम का लक्ष्य गांवों में 2 करोड़ लाखपति-दीदी बनाना और ड्रोन के संचालन एवं मरम्मत के कार्य में महिलाओं को शामिल करना है। बदलाव की इस यात्रा में मोदी सरकार गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान के जीवन पर्यंत चलने वाले संघर्ष से मुक्ति दिला रही है। सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, लगभग 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न, राशन कार्डों की देशव्यापी वैधता, महिलाओं की गरिमा की रक्षा करने वाले शौचालय, प्रत्येक गांव में बिजली आपूर्ति, रसोई गैस, अच्छी सड़कें, स्वास्थ्य बीमा और किफायती इंटरनेट सेवा की सुविधाएं प्रदान की हैं। आवास उपलब्ध कराने और पाइप से पेयजल की आपूर्ति करने की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मोदी सरकार ने अन्य देशों की तुलना में या पिछली सरकारों की तुलना में मुद्रास्फीति को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया है, लेकिन जैसा कि पीएम ने कहा, इन प्रयासों के बावजूद सरकार आत्मसंतुष्ट नहीं है। देशवासियों पर महंगाई का बोझ कम करने के लिए सरकार विभिन्न कदम उठायेगी। प्रधानमंत्री की लोगों का ध्यान रखने वाली और उनके प्रति संवेदनशील नीतियों के कारण पिछले पांच वर्षों में (2021 तक) 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकलने में सफल रहे हैं और वे मध्यम वर्ग की श्रेणी में शामिल हो गये हैं। एक सहस्त्राब्दी तक दुःख झेलने के बाद, नया भारत आशा, आकांक्षा और महत्वाकांक्षा के केन्द्र के रूप में उभर रहा है। देश को बढ़ती युवा शक्ति, महिला शक्ति, मेहनती श्रमिकों और किसानों, प्रतिभाशाली कारीगरों और बुनकरों तथा एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की संपदा प्राप्त है, जिनके कारण हम दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहे हैं। भारत का आकांक्षी युवा, मांग और उद्यमशीलता की ऊर्जा पैदा कर रहा है। मोदी सरकार आम लोगों को आवास, स्वास्थ्य देखभाल और खाद्यान्न प्रदान करने और करोड़ों लोगों को निर्धनता की बेड़ियों से बाहर निकलने में सफल रही है, विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़ रही है। इससे हमारे लघु व्यवसायों और व्यापारियों के लिए नये अवसर पैदा हो रहे हैं। यह प्रतिभाशाली युवा पुरुषों और

## इन दिनों

महिलाओं को स्टार्ट-अप बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जो रोजगार की इच्छा रखने वालों को रोजगार प्रदाताओं में परिवर्तित कर रहा है। मोदी सरकार की मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत 8 करोड़ नये उद्यमियों को 23 लाख करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। इनमें से 70 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं और 51 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। 140 करोड़ लोगों की शक्ति और आकांक्षाओं पर आधारित भारत का रूपांतरण आज विश्व को दिखाई पड़ रहा है। आज, महामारी और यूक्रेन संकट के दोहरे आघात के बावजूद भारत को अशांत दुनिया में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में विश्व स्तर पर सराहा जा रहा है।

**घबराया हुआ विपक्ष :** अमृत काल के दौरान आशावाद के इस दौर में, जहां प्रधानमंत्री का दूरदर्शी नेतृत्व भारत को एक विकसित देश बनायेगा, कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घबराये हुए हैं।

**वे तीन बुराइयों :** भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण से लड़ने की प्रधानमंत्री की अपील से घबरा गये हैं। उनका डर समझा जा सकता है। सरकार ने प्रभावी कानून प्रवर्तन, प्रौद्योगिकी के उपयोग और पुराने कानूनों - जिनका दुरुपयोग लोगों को परेशान करने और रिश्वत वसूलने के लिए किया जाता था - को समाप्त करने के साथ भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए कई पहलें की हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी सुनिश्चित किया है कि अतीत में तुष्टीकरण की नीतियों के विपरीत, जिनसे सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा है, हर सरकारी पहल में सभी नागरिकों को समान समझा जाय। प्रधानमंत्री ने वंशवाद की राजनीति की बुराई को सही ढंग से उजागर किया है। राजनीति के इस ब्रांड में, एक विशेष परिवार के सदस्य, जिनके पास योग्यता हो या न हो, के बावजूद, एक राजनीतिक दल के शीर्ष पद पर बने रहते हैं, जबकि एक योग्य पार्टी सदस्य के लिए शीर्ष तक पहुंचने का कोई अवसर नहीं होता है। इन बुराइयों को समाप्?त करने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प ने जनता को प्रोत्साहित किया है, लेकिन कुछ विपक्षी दल उदास हैं। वे अपनी नकारात्मकता को छिपा नहीं सकते। इसमें आश्चर्य की बात नहीं है। घमंडिया गठबंधन, घोटालों से घिरे वंशवादियों का एक समूह है, जो नियमित रूप से तुष्टीकरण को चुनावी माध्यम के रूप में इस्तेमाल करता है। इनमें नकारात्मकता, सत्ता की लोलुपता और तीनों बुराइयों के विरूद्ध निर्णायक कार्रवाई के बारे में बढ़ते डर के अलावा कुछ भी समान नहीं है। जब ऐसी पार्टी ने गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया, तो उसे नियमित रूप से लाखों करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन से जुड़े भ्रष्टाचार के घोटालों का सामना करना पड़ा। इस गठबंधन के प्रधानमंत्री ने एक बार कहा था कि यह गठबंधन की राजनीति की विवशता है। इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति नहीं हो सकती कि एक प्रधानमंत्री ईमानदार प्रशासन देने में असमर्थ हो, क्योंकि उसे गठबंधन को बरकरार रखना है। पार्टी को चलाने वाले परिवार ने एक ऐसी व्यवस्था बनाई, जिसने उसे बिना किसी जवाबदेही के सत्ता सौंप दी। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए शासन; ईमानदारी, जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की ज्वलंत इच्छा से जुड़ा है। प्रधानमंत्री के लिए परिवार का मतलब भारत के सभी 140 करोड़ लोग हैं, जो उनके संवेदनशील नेतृत्व पर भरोसा करते हैं। यही भरोसा उनको भारत का सबसे प्रभावी और सबसे लोकप्रिय प्रधान सेवक बनाता है।

**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री।**

**भारतीय अर्थव्यवस्था, पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। इस प्रगति को ठोस आर्थिक नीतियों, भ्रष्टाचार पर अंकुश, सरकारी खर्च में होने वाली चोरी को रोकने, शासन में दक्षता और पारदर्शिता की वृद्धि तथा उदार कल्याणकारी योजनाओं से गति मिली है।**

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा राम भक्त जामवंत जी की

***सृष्टि*** के आदि में प्रसंग संकल्प के सतयुग में जामवंत जी उत्पन्न हुए थे जामवंत ने अपने सामने ही वामन अवतार को देखा था। वह राजा बलि के काल में भी थे राजा बलि से तीन पग धरती माँगकर भगवान वामन ने बली को चिरंजीवी होने का वरदान देकर पाताल लोक का राजा बना दिया गया था। वामन अवतार के समय जामवंत जी अपनी युवावस्था में थे जामवंत को चिरंजीवीओं में शामिल किया गया है जो कलयुग के अंत तक रहेंगे। राम यूग यानी त्रेता युग में जामवंत जी बूढ़े हो चले थे, राम के काल में उन्होंने भगवान श्रीराम की सहायता भी की थी कहते हैं कि जामवंत जी समुद्र को लांघने में सक्षम थे लेकिन त्रेता युग में वह बूढ़े हो चले थे इसीलिए उन्होंने हनुमान जी से इसके लिए विनती कि आप ही समुद्र लांघिये यानि की रामायण युद्ध कांड में जामवंत का नाम विशेष उल्लेखनीय है। जब हनुमान जी अपने शक्तियों को भूल जाते हैं तो जामवंत जी ही उनको यह उनको याद दिलाते हैं। माना जाता है कि जामवंत जी का आकार प्रकार कुंभकर्ण से तनिक सा ही छोटा था। जामवंत को परम ज्ञानी और अनुभवी माना जाता है उन्होंने ही हनुमान जी को हिमालय में प्राप्त होने वाले चार दुर्लभ औषधियों का वर्णन किया था जिसमें से एक संजीवनी थी। राम रावण के युद्ध में जामवंत जी राम सेना के सेनापति थे युद्ध की समाप्ति के बाद जब भगवान राम विदा होकर अयोध्या लौटने लगे तो जामवंत जी ने उनसे कहा कि प्रभु इतना बड़ा युद्ध हुआ मगर मुझे पसीने की एक बूंद नहीं आई तो समय प्रभु श्री राम मुस्कुरा दिये और चुप रह गये श्री राम समझ गये थे एक जामवंत जी के भीतर अहंकार प्रवेश कर गया है।

*(क्रमशः)*

# टिकाऊ विकास, हिमालय की आस



कुलभूषण उपमन्यु

***हिमाचल*** प्रदेश में बाढ़-भूस्खलन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और चंबा जिले बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा तबाही कांगड़ा में हुई है। वैसे तो पूरा हिमाचल प्रदेश ही तबाही की चपेट में है। सब कोई हैरान है कि आखिर यह हो क्या रहा है। गांव के गांव तबाह हो रहे हैं। जहां सोच भी नहीं सकते, वहां भी तबाही के बादल छाये हैं। 369 से ज्यादा अमूल्य जीवन इस आपदा में काल का असमय ग्रास बन चुके हैं और 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति नष्ट हो चुकी है। लगभग दो हजार घर पूरे तबाह हो चुके हैं। लगभग नौ हजार घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। बादल फटने की घटनाओं से प्रदेश दहल गया है। भारी बारिश और बादल फटने की घटना में तकनीकी रूप से कुछ अंतर होता है। जब एक छोटे 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या इससे ज्यादा बारिश हो जाय तो उसे बादल फटना कहते हैं। हालांकि बादल फटने की पूर्व चेतावनी पूरी तरह से संभव नहीं है। फिर भी 12 घंटे पहले तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी संभव हो गई है। यह चेतावनी एक बड़े क्षेत्र के लिए होती है। सटीक स्थल की पहचान न होने के कारण मोटी सावधानी तो ली जा सकती है किन्तु घर के अंदर बैठे-बिठाए मुसीबत सिर पर आ जाए तो बचना कितना कठिन होता है इसका अंदाजा भी लगाया नहीं जा सकता है। हम वैश्विक तापमान वृद्धि के दौर से दो-चार हो चुके हैं। इसके कारण जलवायु में अभूतपूर्व बदलाव आ रहे हैं। बारिश का तरीका भी बहुत बदल गया है। कभी सूखा और कभी भारी बारिश। थोड़े समय में इतना पानी गिर जाता है जिसके बारे में सोच भी नहीं सकते। जुलाई की 255.9 मिलीमीटर औसत वर्षा के मुकाबले प्रदेश में 437 मिलीमीटर बारिश हुई। सिरमौर में सबसे ज्यादा 1097.5 मिलीमीटर बारिश हुई। किन्नौर में 199 प्रतिशत से औसत से ज्यादा बारिश हुई। कुल्लू में 476 मिलीमीटर, मंडी में 546 मिलीमीटर, शिमला में 584.6 मिलीमीटर और सोलन में 735.7 मिलीमीटर वर्षा जुलाई मास में रिकार्ड की गई। अधिकांश जिलों में यह आज तक का अधिकतम है। लाहुल स्पीति और कांगड़ा को छोड़कर सभी जिलों में औसत से अत्यधिक बारिश हुई। हालांकि अगस्त में कांगड़ा में भी भारी बारिश में कई जगह बादल फटने जैसे हालात बने। विधानसभा सीट ज्वाली के कोटला में गांव के ऊपर बादल फटने से बीस-पच्चीस घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हिमालय जैसी नाजुक और विकट पर्वत श्रृंखला में बहुत ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। खासकर बांध, सड़क निर्माण और भवन निर्माण में बहुत सावधानी की जरूरत है। किन्तु हो इससे उलटा रहा है। मनमर्जी से हर कहीं घर बनाये जा रहे हैं। बांध निर्माण में हर नदी-नाले का पूरी तरह से दोहन करने की होड़ लगी है और सड़क निर्माण में हर घर तक सड़क पहुंचाने के प्रयास हो रहे हैं। आवागमन की सुविधा हर नागरिक का अधिकार है, किन्तु हिमालय में सावधानी पूर्वक यह देखा जाना जरूरी है कि भूगर्भीय दृष्टि से यह कहां संभव नहीं है। जहां सडकें बनाई जा रही हैं वहां भूगर्भीय कारकों का कोई ध्यान

## भूस्खलन


नहीं रखा जाता है। सड़क निर्माण के लिए पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उपयुक्त तकनीक क्या हो इस दिशा में भी कोई ध्यान नहीं है। हर कहीं मनमर्जी से मलबा फेंक दिया जाता है। 90 डिग्री पर कटिंग की जा रही है जब कि कटाई 'एंगल ऑफ रिपोज' पर की जानी चाहिए। जहां तक संभव हो सड़क निर्माण 'कट ऐंड फिल' तकनीक से किया जाना चाहिए। जहां-जहां फोरलेन का काम चल रहा है या जहां ग्रामीण सड़कों के लिए मनमानी डंपिंग की गई है वहां ही ज्यादा तबाही देखने को मिली है। फोरलेन के चक्कर में कुल्लू-मनाली क्षेत्र तो पूरी तरह आवागमन से वंचित हो गया है।

**भारी बारिश और बादल फटने की घटना में तकनीकी रूप से कुछ अंतर होता है। जब एक छोटे 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या इससे ज्यादा बारिश हो जाय तो उसे बादल फटना कहते हैं।**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# महकती रहें यह राखियां सदा



योगेश कुमार गोयल

***रक्षाबंधन*** का पर्व रक्षा के तात्पर्य से बांधने वाला एक ऐसा सूत्र है, जिसमें बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर जीवन के हर संघर्ष तथा मोर्चे पर उनके सफल होने तथा निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की ईश्वर से प्रार्थना करती हैं तथा उनके सुखद जीवन के लिए मंगलकामना करती हैं। भाई इस कच्चे धागे के बदले अपनी बहनों की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का वचन देते हैं और उनके शील एवं मर्यादा की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। वास्तव में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन स्नेह, सौहार्द एवं सद्भावना का एक ऐसा पर्व है, जो उन्हें अटूट एकता के सूत्र में बांध देता है। रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 30 अगस्त को मनाया जा रहा है। श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाये जाने वाले रक्षाबंधन पर्व की भारतीय समाज और संस्कृति में कितनी महत्ता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बहनों के हाथ अपने भाइयों यों की कलाइयों पर राखियां बांधने के लिए मचल उठते हैं और कलाई पर बांधे जाने वाले मामूली से दिखने वाले इन्हीं कच्चे धागों से पक्के रिश्ते बनते हैं। पवित्रता तथा स्नेह का सूचक यह पर्व भाई-बहन को पवित्र स्नेह के बंधन में बांधने का पवित्र एवं यादगार दिवस है। इस पर्व को भारत के कई हिस्सों में श्रावणी के नाम से जाना जाता है। पश्चिम बंगाल में 'गुरु महापूर्णिमा', दक्षिण भारत में 'नारियल पूर्णिमा' तथा नेपाल में इसे 'जनेऊ पूर्णिमा' के नाम से जाना जाता है। रक्षाबंधन का पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों में उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि जब देवराज इन्द्र बार-बार राक्षसों से परास्त होते रहे और हर बार राक्षसों के हाथों देवताओं की हार से निराश हो गये तो इन्द्राणी ने बहुत कठिन तपस्या की और अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया। यह रक्षासूत्र इन्द्राणी ने देवराज इन्द्र की कलाई पर बांधा। तपोबल से युक्त इस रक्षासूत्र के प्रभाव से देवराज इन्द्र राक्षसों को परास्त करने में सफल हुए। तभी से रक्षाबंधन पर्व की शुरूआत हुई। एक उल्लेख यह भी मिलता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया, तब उन्होंने एक ब्राह्मण वेश धारण कर अपनी दानशील प्रवृत्ति के लिए तीनों लोकों में प्रसिद्ध राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और बलि द्वारा उनकी मांग स्वीकार कर लिए जाने पर भगवान वामन ने अपने पग से सम्पूर्ण पृथ्वी को नापते हुए बलि को पाताल लोक भेज दिया। कहा जाता है कि उसी की याद में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। रक्षाबंधन पर्व से कई ऐतिहासिक प्रसंग भी जुड़े हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से इस पर्व की शुरूआत मध्यकालीन युग से मानी जाती है। भारतीय इतिहास ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है, जब राजपूत योद्धा अपनी जान की बाजी लगाकर युद्ध के मैदान में जाते थे तो उनके देश की बेटियां उन वीर सैनिकों की आरती उतारकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा करती थी तथा वीर रस के गीत गाकर उनकी हौसला आफजाई करते हुए उनसे राष्ट्र की रक्षा का प्रण भी कराती थी। कहा जाता है कि उस जमाने में अधिकांश मुस्लिम शासक हिन्दू युवतियों का बलपूर्वक अपहरण करके उन्हें अपने हरम की शोभा बनाने का प्रयास किया करते थे और ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए राजपूत कन्याओं ने बलशाली

## राखी

राजाओं को राखियां भेजकर उनके साथ भ्रातृत्व संबंध स्थापित कर अपने शील की रक्षा करनी आरंभ कर दी थी। उसी परम्परा ने बाद में रक्षाबंधन पर्व का रूप ले लिया। चितौड़ की महारानी कर्मावती का प्रसंग तो इस संबंध में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। कहते हैं जब गुजरात के शासक बहादुरशाह ने चितौड़ पर आक्रमण कर दिया तो चितौड़ की महारानी कर्मावती घबरा गई। उन्हें चितौड़ के साथ-साथ स्वयं की तथा चितौड़ की अन्य राजपूत बालाओं की सुरक्षा का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था।

**वास्तव में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन स्नेह, सौहार्द एवं सद्भावना का एक ऐसा पर्व है, जो उन्हें अटूट एकता के सूत्र में बांध देता है। रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 30 अगस्त को मनाया जा रहा है।**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### मप्र एटीएस की गिरफ्त में आया नक्सलियों का सहयोगी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश एटीएस ने नक्सलियों के सहयोगी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपित समय-समय पर नक्सलियों को नगदी, खाने-पीने की चीजें, उनके द्वारा बताए गए कार्य एवं उनसे संबंधित सूचनाएं पहुंचाता रहा है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ जारी है। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी आशीष शर्मा ने मंगलवार को प्रेस नोट के माध्यम से दी।

उन्होंने बताया कि गत 21 अगस्त को विश्वस्त मुखबिर की सूचना पर अशोक रेड्डी उर्फ बलदेव तथा उसकी महिला साथी कुमारी पोटाई उर्फ रैमती को जबलपुर से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नक्सली साहित्य, हथियार आदि जप्त किया गया था। आरोपित अशोक रेड्डी से पूछताछ के आधार पर 25 अगस्त को मप्र एटीएस की टीम ने धन सिंह पुंगाटी निवासी जिला कांकेर (छत्तीसगढ़) को अपनी बोलेरो गाड़ी से जबलपुर से मण्डला जाते समय कालपी के पास पकड़ा था। इसके बाद 26 अगस्त को आरोपित धन सिंह को एनआईए कोर्ट जबलपुर में पेश किया गया, जहां से उसे 31 अगस्त तक पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपित ने पूछताछ में बताया कि वह 25-30 वर्ष से नक्सलियों से जुड़ा हुआ है तथा समय-समय पर उन्हें नगदी, खाने-पीने की चीजें, उनके द्वारा बताए गए कार्य एवं उनसे संबंधित सूचनाएं पहुंचाता रहा है। आरोपित धन सिंह ने बताया कि वह दलम के नक्सली विजय से पूर्व से परिचित रहा है तथा उसी ने अशोक रेड्डी से इसका परिचय करवाया था। नक्सली विजय के कहने पर ही वह नक्सलियों के लिए कार्य करता था तथा विजय के कहने पर ही अपनी बोलेरो गाड़ी से अशोक रेड्डी को जबलपुर ले गया था तथा अन्य व्यवस्थाएं भी करवाई थी।

### एनएच फोरलेन पर सड़क हादसे में शिक्षक सहित दो की मौत, दो घायल

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय उच्च पथ (एनएच-31) फोरलेन के जीरोमाइल-बेगूसराय खंड पर मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में एक शिक्षक सहित दो की मौत हो गई। जबकि शिक्षक पुत्र सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

मृतक उत्क्रमित मध्य विद्यालय आशिकपुर गढ़हारा के शिक्षक लाखो निवासी धर्मेन्द्र सिंह एवं लाखो निवासी बैकुंठ सिंह के पुत्र गोपाल कुमार है।

बताया जा रहा है कि धर्मेन्द्र सिंह बीते गुरुवार को पुत्र एवं दो अन्य ग्रामीणों के साथ ऑटो से देवघर गए थे। देवघर में पूजा-अर्चना के बाद यह लोग अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान एनएच पर सुबह करीब 3:15 बजे सिंघौल सहायक के समीप किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। स्थानीय लोगों द्वारा सभी को बगल के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने धर्मेन्द्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि धर्मेन्द्र सिंह के पुत्र शिवम कुमार, लाखो पंचायत वार्ड संख्या-11 के सदस्य संतोष सिंह एवं गोपाल कुमार का इलाज शुरू किया गया। लेकिन इलाज के दौरान गोपाल कुमार की भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा पुलिस पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप कर मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, एक साथ दो लोगों की मौत से गांव में जहां मातमी सन्नाटा पसरा है।

### छत्तीसगढ़ के 116 एएसआई बने एसआई, आदेश जारी

**रायपुर।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू ) ने छत्तीसगढ़ के 116 एएसआई को एसआई के पद पर पदोन्नत किया है। इनमें राजधानी के पांच शामिल हैं। फिलहाल उन्हें वर्तमान स्थल पर ही पदस्थ रखा गया है। इनकी नई पोस्टिंग बाद में की जाएगी। यह आदेश सोमवार की देर शाम को छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक कुलदीप जुनेजा ने जारी किया है।

# समय से पहले भी हो सकता है लोकसभा चुनाव : नीतीश

**एजेंसी। बिहारशरीफ**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि समय से पहले भी लोकसभा चुनाव हो सकता है। एक कार्यक्रम में नालंदा आए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव कभी भी हो सकता है।

उन्होंने कहा कि यह कोई जरूरी नहीं है कि चुनाव समय पर हो, केंद्र वाले पहले भी करा सकते हैं। यह बात हम सात-आठ महीने से कह रहे हैं कि यह लोग पहले भी चुनाव कर सकते हैं, इसलिए विपक्ष को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने एक बार फिर कहा कि मेरी कोई व्यक्तिगत इच्छा नहीं है। हमारा मकसद है कि सब लोग एकजुट हों। विपक्षी दलों के गठबंधन की मुंबई में होने वाली बैठक में नए दलों के शामिल होने के संबंध में नीतीश कुमार ने कहा कि अभी कुछ नहीं कहेंगे। जब लोग आवेंगे तो सबकुछ पता चल जाएगा।



बिहार में जातीय गणना को लेकर केंद्र सरकार के सर्वोच्च न्यायालय में दिए हलफनामा के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना कराने का अधिकार केंद्र को है, हम लोग तो यहां गणना करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि करीब-करीब काम पूरा हो गया है। हमलोग बराबर यह मांग कर रहे थे, सभी दल के लोग जाकर मिले भी थे, जब केंद्र ने नहीं किया तब हमने बिहार में शुरू करवाया।

उन्होंने आगे कहा कि यह अच्छा काम हो रहा है, अब कोई इसको रोक रहा हो तो हम लोग क्या करेंगे। उन्होंने कहा कि जाति गणना के साथ-साथ लोगों की आर्थिक स्थिति का भी जाना जा रहा है, हर जाति के विकास के लिए योजना बनाने में मदद मिलेगी। यह सबके हित में है। बता दें कि विपक्षी गठबंधन की मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को बैठक होनी है। इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। इसके साथ ही गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीट शेयरिंग के फॉमूले पर भी बातचीत होगी। एनडीए को घेरने के लिए किस प्रकार इंडिया गठबंधन आगे बढ़ेगा। इसके लिए ठोस कार्यक्रम तय किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार गठबंधन के झंडे को लेकर भी चर्चा हो सकती है।

### मतांतरण के आरोप में जर्मन नागरिक सहित 12 गिरफ्तार

**कुशीनगर।** कुशीनगर जिले के कसया थाना क्षेत्र के कुड़वा दिलीप नगर गांव में सोमवार की शाम मतांतरण के आरोप में तीन महिला सहित बारह लोग गिरफ्तार किए गए। इनमें दो इसाई मिशनरी से जुड़े लोग भी शामिल हैं। तहरीर के आभाव में पुलिस ने देर शाम शांति भंग की धारा में सभी आरोपितों को चालान किया।

संघ के जिला संघचालक डॉ चंद्रशेखर सिंह एवं जिला कार्यवाह देवेंद्र सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि गांव के बाहर हरिजन बस्ती से समीप कुछ लोग बहला फुसलाकर गरीबों का मतांतरण करा रहे हैं। पुलिस पहुंची तो बाहरी सहित गांव के 30 से ज्यादा लोग बैठे हुए थे। बीच में एक मोमबत्ती जल रही थी। फोर्स पहुंचने पर गांव के लोग तो भाग गए, पर बाहरी लोग पकड़ लिए गए। पुलिस ने पूछताछ की तो एक व्यक्ति जर्मनी के क्लेमेंन व दूसरी महिला शीना केरल की निवासी निकली व एक व्यक्ति चेन्नई, कुछ लोग गोरखपुर के निवासी निकले।

### हाईकोर्ट ने ईडी से मांगी रिपोर्ट

# नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में जांच पर पूछा सवाल

**एजेंसी। कोलकाता**

राज्य के बहुचर्चित शिक्षक नियुक भ्रष्टाचार के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने ईडी से पूछा कि तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के खिलाफ जांच में क्या प्रगति हुई है? जस्टिस अमृता सिन्हा ने यह भी सवाल उठाया कि अभिषेक को समन भेजकर दोबारा क्यों नहीं बुलाया गया? कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अमृता सिन्हा ने निर्देश दिया कि ईडी 14 सितंबर को अभिषेक के खिलाफ जांच की प्रगति पर रिपोर्ट दे।

उल्लेखनीय है कि ईडी की 23 अगस्त की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, "लिप्स एंड बाउंड्स" कंपनी के पूर्व सीओओ (चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर) सुजयकृष्ण भद्र को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिसूचना में उस कंपनी के "सीईओ" के रूप में तृणमूल सांसद अभिषेक के नाम



का उल्लेख है। संयोग से, अभिषेक बनर्जी ने स्वीकार भी कर लिया है कि वह कंपनी उनकी है और इसके ठिकाने प्रगति सोमवार को ईडी ने 18 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया था। सोमवार को भर्ती भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की वकील फिरदौस शमीम ने सुजयकृष्ण को "लीप्स एंड बाउंड्स" संस्था का निदेशक बताया। उन्होंने हाई कोर्ट का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि सुजयकृष्ण को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन ईडी की प्रेस रिलीज के मुताबिक अभिषेक अभी भी कंपनी के सीईओ हैं। उन्हें एक बार केंद्रीय जांच एजेंसी ने समन भेजा था।

# देश की दिशा और दशा तय करेगा घोसी विस उपचुनाव : अखिलेश

**एजेंसी। मऊ**

घोसी विधानसभा सीट के उपचुनाव में एक तरफ आपके बीच का आपका बेटा, आपका नेता इस चुनावी मैदान में खड़ा है, तो दूसरी तरफ एक ऐसा शख्स है जो केवल अपने स्वार्थ के लिए आपको छोड़कर पलायन कर गया। वह दगाबाज और धोखेबाज नेता है। ऐसे में घोसी की जनता समझदार है, जो उस स्वार्थी नेता को सबक सिखाएगी। यह बातें मंगलवार को मऊ जनपद के घोसी विधानसभा उपचुनाव में प्रचार के दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही।

घोसी विधानसभा क्षेत्र के कोपागंज में जनसभा को संबोधित करते हुए



अखिलेश यादव ने कहा कि घोसी की जनता द्वारा स्वार्थी और धोखेबाज नेता को सबक सिखाने का निर्णय ले लिया गया है। इससे घबराकर उत्तर प्रदेश सरकार के सभी मंत्री घोसी क्षेत्र में घूमने लगे हैं। ऐसा कोई मंत्री नहीं है जो इस समय घोसी में नहीं घूम रहा हो। यही नहीं, अब जब वह नेता लगभग चुनावी मैदान से हार चुका है, ऐसे में चुनाव में अब आगे प्रशासन भी आ सकता है।


उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सपा के कार्यकर्ता किसी से डरने वाले नहीं है। इस चुनाव में किसी भी मशीनरी का डटकर मुकाबला करेंगे। जो लोग दूर-दूर से चलकर घोसी आए हैं उनकी भाषा आपने सुनी होगी। विरोधी न जाने क्या-क्या कहने लगे हैं। वहीं कुछ और नेता कुछ और ही इंतजाम में लगे हुए हैं। अकेले में जाकर कुछ और इंतजाम कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव से पहले जनता के बीच चुनाव हार गई है। घोसी का चुनाव परिणाम का संदेश केवल प्रदेश नहीं बल्कि देश में जाएगा।

# सीएम बघेल का पीएम मोदी को खत, ओबीसी को अलग से कोड देकर जनगणना कराने की मांग

**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अन्य पिछड़ा वर्गों हेतु पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध किया, साथ ही उन्होंने स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद से जगदलपुर स्थानान्तरित करने का भी आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में कहा है, अन्य पिछड़ा वर्गों के आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय पर और विलम्ब न करते हुए आवश्यक पहल कर शीघ्र अतिशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने



का कष्ट करें। बघेल ने पत्र में लिखा है कि, मेरे द्वारा अप्रैल 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिये जाने तथा इस विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने का आपसे अनुरोध किया गया था, आप सहमत होंगे कि सदियों से सामाजिक-राजनीतिक अधिकारों से वंचित बड़ी आबादी को संविधान प्रदत्त समानता एवं सामाजिक न्याय की भावना के अनुरूप आरक्षण का लाभ दिया जाना आवश्यक है।बघेल ने लिखा है - राज्य विधानसभा द्वारा दिसंबर 2022 में सर्वसम्मति से पारित विधेयक में राज्य में अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों तथा ई.डब्ल्यू.एस. के लोगों के लिये क्रमशः 32, 13, 27 एवं 4 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक पारित किया गया था। दुर्भाग्य से वह विधेयक अभी तक राजभवन में अनुमोदन हेतु लंबित है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा है- समाज की बड़ी आबादी को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखने से उनके मन में रोष व्याप्त होना स्वाभाविक है। राज्य सरकार के सभी प्रयासों के बाद भी अन्य पिछड़ा वर्गों के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ न मिल पाना समझ से परे है।

# कमलनाथ ने भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा पर कसा तंज, बताया - टुकड़े-टुकड़े यात्रा

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए भारतीय जनता पार्टी राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के मकसद से पांच स्थानों से जन आशीर्वाद यात्राएं निकालने जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा पर निशाना साधा है। उन्होंने आशीर्वाद यात्रा टुकड़े-टुकड़े यात्रा बताते हुए तंज कसा है। कमलनाथ ने मंगलवार को ट्वीट कर जनआशीर्वाद यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्य प्रदेश



में भारतीय जनता पार्टी काठ की हांडी को बार-बार चढ़ाने की कोशिश कर रही है। 2018 में विधानसभा चुनाव से पहले शिवराज जी ने जन आशीर्वाद यात्रा निकाली थी, जिसका स्वागत मध्य प्रदेश की जनता ने पत्थर फेंक कर किया था। जनता ने आशीर्वाद की जगह ऐसा अभिशाप दिया कि यात्रा को बीच रास्ते में ही बंद करना पड़ा था। कमलनाथ ने कहा कि इस बार दिल्ली के शाहों ने खुद ही यात्रा को पांच हिस्सों में बांटकर इसका पंचनामा कर दिया है। इस तरह यह आशीर्वाद यात्रा टुकड़े-टुकड़े यात्रा में बदल गई है और जनता जल्द ही इसे आशीर्वाद की जगह बर्बाद यात्रा में बदल देगी। बता दें कि इससे पहले भी कमलनाथ ने जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर सरकार को जमकर घेरा था। कमलनाथ ने कहा था कि भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा का नाम गुमराह यात्रा होना चाहिए, क्योंकि भाजपा न जनता को आशीर्वाद दे सकती है और न जनता से आशीर्वाद ले सकती है।

# जातीय गणना से केंद्र सरकार की बेचैनी साफ दिख रही : विजय चौधरी

**एजेंसी। पटना**

संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को कहा कि बिहार में हो रहे जातीय गणना से केंद्र सरकार की बेचैनी साफ है।

उच्चतम न्यायालय में बिना बुलाए स्वयं पहुंचकर कहती है कि वह न इसके पक्ष में है, न ही विपक्ष में। फिर उसे इस मामले में अचानक कूदने की क्या जरूरत पड़ी। कोई भाजपा नेता नहीं बता पा रहे हैं। बदहवासी का आलम यह है कि गृह मंत्रालय को दायर शपथ-पत्र को कुछ ही घंटों में अपनी असावधानी एवं चूक स्वीकारते हुए वापस लेकर संशोधन करना




पड़ा। हालांकि, संशोधित हलफनामा के माध्यम से भी केंद्र सरकार कहना क्या चाहती है, अस्पष्ट ही है। उन्होंने कहा कि तारीफ यह भी है कि बिहार के भाजपा नेता गण केंद्र की इस बदहवासी को भी अंध भक्ति में प्रशंसनीय ही मानते हैं। हलफनामे के किस पंक्ति का अर्थ यह लगा लिया गया कि केंद्र सरकार जातीय गणना के विरोध में नहीं है ? पूरे हलफनामे का तात्पर्य बिहार सरकार के कार्य को अनाधिकृत बताकर रोकना ही है। अकबकाहट में भाजपा नेता स्वयं दिग्भ्रमित हैं। जातीय गणना की सफलता से केंद्र सरकार एवं भाजपा की यह बेचैनी एवं बदहवासी आने वाले चुनावों तक चलने वाली है।

**अनूठी पहल** — मप्र के भिण्ड में बन रही दुनिया की सबसे लम्बी राखी

# विश्व रिकॉर्ड बनाने की हो रही तैयारी

**राखी एक हजार फीट लंबी है, जिसके बीच में 25 फीट का आर्टिफीशियल फूल लगाया जाएगा।**

**एजेंसी। भिण्ड/भोपाल**

इन दिनों पूरे देश में रक्षाबंधन पर्व की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसी बीच मध्य प्रदेश के भिंड जिले में वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की तैयारी चल रही है। यहां एक हजार फीट लंबी राखी बांधी जाएगी। आयोजकों का दावा है कि यह विश्व की सबसे बड़ी राखी होगी। इस दौरान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी मौजूद रहेगी। दिल्ली और ग्वालियर के कारीगर पिछले 15 दिनों से इसे बनाने में जुटे हैं। जिले के भाजपा नेता अशोक भारद्वाज द्वारा यह राखी बनवाई जा रही है। इसे मेहगांव में तैयार किया जा



रहा है। राखी एक हजार फीट लंबी है, जिसके बीच में 25 फीट का आर्टिफीशियल फूल लगाया जाएगा।

भाजपा नेता अशोक भारद्वाज ने बताया कि कुछ दिनों पहले कार्यकर्ता के बीच प्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना पर चर्चा चल रही थी। हमने रक्षाबंधन पर कुछ अलग करने के बारे में सोचा। इसी दौरान सबसे बड़ी राखी बनाने का विचार आया। फिर इस पर काम शुरू कर दिया। इंटरनेट पर देखा तो पता चला कि पिछले साल पटना में विश्व की सबसे बड़ी राखी 808 फीट की बनाई गई थी। इसी से प्रेरित होकर एक हजार फीट की राखी बनाना तय किया। इस राखी का नाम गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह राखी प्लायवुड के ऊपर फोम लगाकर तैयार की जा रही है। फोम को कलर करके उस पर मोती, सितारे व अन्य सामग्री से राखी को डिजाइन कर लुक दिया जाएगा। राखी का धागा साफा को गूंथकर तैयार किया जा रहा है। धागे की लंबाई कई फीट रहेगी। इसका अंतिम छोर इतना पतला होगा कि जिसे कलाई पर बांधा जा सकेगा। राखी का सबसे बड़ा फूल 25 फीट का गोलाकार होगा। इसके बाद 20 फीट, 15 फीट, 10 फीट, पांच फीट समेत अन्य गोलाकार फूलों का आकार होगा। इसको बनवाने में 5 से 7 लाख रुपये का खर्च आ रहा है।

भाजपा नेता भारद्वाज ने दावा किया कि दुनिया की सबसे बड़ी राखी का कीर्तिमान तोड़कर मेहगांव में नया इतिहास बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को रक्षाबंधन का कार्यक्रम उनके निवास पर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह विशालकाय राखी आयोजन स्थल की स्टेज पर पीछे लगाई जाएगी। राखी के दोनों छोर बहनें उनके हाथों में बांधेंगी। कार्यक्रम के लिए क्षेत्र की बहनों को भी बुलाया गया है। इस दौरान बहनों को तोहफे भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### बसपा सांसद अतुल राय को गैंगस्टर मामले में राहत, जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट से बसपा के घोसी लोकसभा सीट से सांसद अतुल राय को गैंगस्टर मामले में राहत मिल गई है। हाई कोर्ट ने जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। कोर्ट ने कहा कि याची को निजी मुचलके और दो प्रतिभूतियों के साथ रिहा किया जाय।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने अतुल राय की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया। याची की ओर से कहा गया कि वह पिछले चार साल से नैनी जेल में बंद है। इनके खिलाफ वाराणसी के लंका थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

याची का कहना था कि गैंगस्टर केस में दो मुकदमों का जिक्र किया गया है। उनमें से एक में वह बरी हो चुके हैं और दूसरे में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगी हुई है। याची का यह भी कहना है, उनके खिलाफ कुल 24 मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें से 12 मुकदमों में बरी किया जा चुका है। शेष अन्य में वह जमानत पर हैं। वर्तमान केस राजनीतिक साजिश के तहत झूठे तथ्यों पर दर्ज कराया गया है।

# प्रणय करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचे, सिंधु 14वें स्थान पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विश्व चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर, शीर्ष भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल की, क्योंकि वह बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा मंगलवार को जारी नवीनतम चार्ट में छठे नंबर पर पहुंच गए। हाल ही में कोपेनहेगन में विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतने के बाद, प्रणय पुरुष एकल वर्ग में 72437 अंकों के साथ अपने करियर की नई उच्चतम रैंक हासिल करने के लिए तीन स्थान ऊपर चढ़े। विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन को हराने वाले प्रणय पुरुष एकल सूची में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। 31 वर्षीय खिलाड़ी इस साल दो फाइनल में पहुंचे। उन्होंने इस मई में मलेशिया मास्टर्स में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता और इस महीने की शुरूआत में चीन के वेंग होंग यांग के खिलाफ तीन गेम की रोमांचक लड़ाई के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन में उपविजेता रहे।

अन्य भारतीय शटलरों में, लक्ष्य सेन विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दौर में बाहर होने के बाद एक स्थान गिरकर 12वें नंबर पर आ गए, जबकि किदांबी श्रीकांत विश्व चैंपियनशिप में जल्दी बाहर होने के बावजूद 20वें स्थान पर बने रहे। महिला एकल में पूर्व विश्व चैंपियन पी.वी. सिंधु विश्व चैंपियनशिप के पहले दौर में बाहर होने के बाद एक स्थान ऊपर 14वें स्थान पर पहुंच गईं।

# विश्व एथलेटिक्स में अमेरिका की बड़ी जीत, चमके सितारे

**एजेंसी। बुडापेस्ट**



धावक नूह लायल्स और पोल वाल्टर आर्मंड डुप्लांटिस और लंबी दूरी की धावक फेथ किपयेगॉन जैसे सितारों ने रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के समापन पर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा विजेता बनकर उभरा।

49 स्पर्धाओं वाला यह टूर्नामेंट बुडापेस्ट में नौ कठिन दिनों तक चला। अमेरिकी टीम ने 12 स्वर्ण सहित प्रभावशाली 29 पदक हासिल किए। उनका प्रभुत्व स्प्रिंट दौड़ से भी आगे बढ़ गया, क्योंकि थ्रो स्पधाओं पर भी उनकी मजबूत पकड़ थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को पुरुषों की 4X100 मीटर रिले फाइनल में, 26 वर्षीय लायल्स ने सनसनीखेज चौथे चरण की दौड़ में तीन स्वर्ण पदक जीते और चैंपियनशिप के सबसे शानदार एथलीट के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। शुक्रवार को, लायल्स ने 200 मीटर स्पर्धा में अपना लगातार तीसरा विश्व खिताब जीता, 2015 में जमैका के दिग्गज यूसेन बोल्ट के बाद विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर और 200 मीटर डबल हासिल करने वाले पहले व्यक्ति बन गए।

**लायल्स के साथी खिलाड़ी भी चमके :** रयान क्राउसर ने पुरुषों के शॉट पुट में अपने खिताब का बचाव किया, जबकि चेज एली ने महिलाओं की स्पर्धा में यह उपलब्धि हासिल की। लाउलाउगा औसागा ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ में चार मीटर से अधिक सुधार करके महिलाओं की डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक हासिल करके सभी को चौंका दिया। लायल्स ने खुले तौर पर एथलेटिक्स की लोकप्रियता बढ़ाने की अपनी महत्वाकांक्षा को साझा किया, यह मानते हुए कि महानता हासिल करना उनके व्यापक लक्ष्यों को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है। डुप्लांटिस, लायल्स के लिए एक आदर्श, एक ताकत बने रहे। 23 वर्षीय स्वेड ने चार साल तक अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। बुडापेस्ट में, उन्होंने अपने ओलंपिक खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और 6.22 मीटर के अपने ही विश्व रिकॉर्ड को लगातार चुनौती दी।

पहले प्रयास में छह बार ऊंचाई पार करने वाले डुप्लांटिस ने कहा, मैं अपने लिए सीमाएं और बाधाएं तय नहीं करने की कोशिश करता हूं। हालाँकि उन्होंने 6.10 मीटर पर अपना विश्व खिताब बरकरार रखा, लेकिन तीन प्रयासों के बाद भी वह 6.23 मीटर को पार करने से चूक गए।

युलिमार रोजस ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। महिलाओं की ट्रिपल जंप फाइनल में 14.33 मीटर की छलांग के साथ शुरूआत में आठवें स्थान पर होने के बावजूद, विश्व रिकॉर्ड धारक और ओलंपिक चैंपियन ने 15.08 मीटर की अंतिम छलांग के साथ अपना जादू दिखाया और अपना लगातार चौथा विश्व खिताब हासिल किया। लंबी दूरी की दौड़ में, केन्या की फेथ किपयेगॉन ने महिलाओं की 1,500 मीटर और 5,000 मीटर दोनों में जीत हासिल की। स्पेन के अल्वारो मार्टिन और मारिया पेरेज दोनों ने रेस-वॉकिंग स्पधाओं में दोहरी जीत हासिल की, जिससे स्पेन सभी चार खिताब जीतने में सफल रहा। भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने 88.17 मीटर की थ्रो के साथ पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा जीतकर विश्व चैंपियनशिप का पहला स्वर्ण पदक अपनी सूची में शामिल कर लिया।

## NEWS इन ब्रीफ

### वर्ल्ड कप से पहले बुमराह की वापसी से खुश हैं द्रविड़



**बेंगलुरु।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पीठ की चोट के कारण 11 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की है। 'किंग ऑफ स्विंग' जसप्रीत बुमराह के लौटने से जहां एकतरफ टीम इंडिया को राहत मिली है। वहीं, विरोधी टीमों की टेंशन बढ़ गई है। आयरलैंड के खिलाफ बुमराह की सटीक गेंदबाजी से उन्होंने अपनी वापसी का बिगुल बजा दिया है। उनकी वापसी से कोच राहुल द्रविड़ भी खुश हैं क्योंकि बुमराह के बिना टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी काफी कमजोर हो चुकी थी। टीम इंडिया एशिया कप के लिए श्रीलंका रवाना होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अलुर में प्रशिक्षण के अंतिम दिन, द्रविड़ ने राहुल की चोट पर अपडेट दिया और टीम में बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की।

### अमेरिका फीबा विश्व कप में अंतिम-16 में पहुंचा, चीन को झटका



**मनीला।** अमेरिका ने ग्रुप सी मुकाबले में ग्रीस पर 109-81 की शानदार जीत के साथ फीबा विश्व कप के राउंड 16 में जगह पक्की कर ली, जबकि चीन को एक और झटका लगा, उसे दक्षिणी सूडान से 89-69 से हार का सामना करना पड़ा। पिछले शनिवार को अपने पहले गेम में, अमेरिका ने 10 अंकों की कमी को पार करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ 99-72 की आसान जीत हासिल की। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रीस ने भी जॉर्डन को 92-71 से हराकर आसान जीत हासिल की।

### ऋषभ पंत शामिल हुए भारतीय प्रशिक्षण शिविर में



**कर्नाटक।** भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एशिया कप 2023 से पहले कर्नाटक के अलूर में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर में अचानक पहुंच गए। पिछले साल दिसंबर में हुई घातक कार दुर्घटना के बाद पंत रिकवरी की राह पर हैं। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी एशिया कप की तैयारी में अपने साथियों के साथ शामिल होने के लिए बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपनी रिकवरी से ब्रेक लिया। भारतीय क्रिकेट टीम के इंस्टाग्राम हैंडल द्वारा साझा किया गया वीडियो जिसमें पंत को अपने साथियों के साथ बातचीत करते और प्रदर्शन के लिए उत्साह बढ़ाते देखा जा सकता है। वह अपने प्रशंसकों और साथियों के साथ जो प्रेरणा साझा करते हैं वह निस्संदेह उनके स्वभाव के अनुरूप है।

# एशिया कप : भारत-पाक के बीच हो सकते हैं तीन मैच

**एजेंसी। कोलंबो**



मुल्तान में बुधवार से शुरू होने वाले एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बेताब दर्शकों को दोनों देशों के बीच तीन ह्यहाई वोल्टेज' मुकाबले देखने को मिल सकते हैं जबकि पांच टीमों को विश्व कप से पहले अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखने अंतिम मौका भी मिलेगा। यह ऐसा टूर्नामेंट है जो अकसर पिछले एक दशक में द्विपक्षीय मुकाबलों की बढ़ती संख्या और टी20 क्रिकेट की घटती लोकप्रियता में प्रासंगिक बनने के लिए जूझता रहा है। लेकिन इस बार यह सभी टीम के 'थिंक टैंक' का अहम हिस्सा दिख रहा है।

विश्व कप पांच अक्टूबर से शुरू हो रहा है जिससे पहले यह नेपाल को छोड़कर अन्य पांच टीमों के पास खिलाड़ियों को लेकर चल रहे कुछ सवालों के जवाब ढूंढने का अंतिम मौका होगा। निश्चित रूप से वैश्विक टूर्नामेंट से पहले कुछ द्विपक्षीय और अभ्यास मैच कराये जायेंगे। लेकिन श्रीलंका और पाकिस्तान में खेले जाने वाले एशिया कप से सभी टीम को कई देशों के टूर्नामेंट का माहौल मिलेगा जो करीब करीब विश्व कप जैसा होगा। भारतीय टीम सात बार के चैम्पियन के तौर पर एशिया कप में उतरेगी जो किसी भी टीम के सर्वाधिक खिताब हैं लेकिन टीम की प्राथमिकता आठवां खिताब अपनी झोली में डालने की नहीं होगी बल्कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा विश्व कप से पहले बल्लेबाजी क्रम के कुछ स्थानों पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखना चाहेंगे। अगर टीम ट्राफी जीत लेती है तो यह खिलाड़ियों के मनोबल के लिए फायदेमंद रहेगा। केएल राहुल पहले दो मैचों में नहीं खेलेंगे जिन्हें भारतीय टीम में अतिरिक्त शर्त के साथ शामिल किया गया है। राहुल ने सर्जरी के बाद उबरने की प्रक्रिया के बाद बल्लेबाजी स्तर में प्रगति दिखायी है लेकिन विकेटकीपिंग की तैयारी को लेकर अब भी कुछ चिंतायें हैं क्योंकि उन्हें एक हल्की सी चोट विकेटकीपिंग अभ्यास के दौरान लग गयी। एशिया कप के दौरान राहुल के प्रदर्शन पर निगाहें लगी रहेंगी क्योंकि उनकी मौजूदगी से भारतीय मध्यक्रम में मजबूती और लचीलापन मिलता है।

भारत दो सितंबर पालेकेले में पाकिस्तान से भिड़ेगा जिसमें श्रेयस अय्यर के मैदान पर उतरने की उम्मीद है। श्रेयस ने नेट पर काफी 'ड्रिल्स' की हैं और एशिया कप टीम में अपने चयन से पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में 'मैच सिम्युलेशन' (मैच की परिस्थितियों के हिसाब से अभ्यास) भी किया। लेकिन टीम प्रबंधन यह देखने के लिए बेताब होगा कि दायें हाथ का बल्लेबाज असली मैच परिस्थितियों में किस तरह से खेलता है।

जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा को लेकर भी इसी तरह की चिंता होगी। दोनों गेंदबाजों ने चोट के कारण लंबे समय से बाहर रहने के बाद इस महीने के शुरू में आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम में वापसी की जिसमें उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी की। लेकिन वनडे क्रिकेट की जरूरतें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से काफी अलग होती हैं क्योंकि उन्हें 10 ओवरों तक गेंदबाजी करने के अलावा 50 ओवर तक क्षेत्ररक्षण भी करना होगा। भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका की उमस भरी परिस्थितियों में इस अतिरिक्त कार्यभार पर इन दोनों की प्रतिक्रिया देखना चाहेगा।

एशिया कप में भारत सबसे मजबूत दावेदार रहता है लेकिन पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान भी अपनी ताकत दिखाने के लिए आतुर होंगे। श्रीलंका की टीम छह बार एशिया कप जीत चुकी है लेकिन अभी वह पूरी टीम जुटाने में जूझ रही है क्योंकि दुश्मंता चामीरा, वानिंदु हसारंगा, लाहिरू कुमारा और दिलशान मधुशनाका चोटिल हैं।

# मैं 50 ओवर के प्रारूप को समझने की कोशिश करूंगा : सूर्यकुमार

**एजेंसी। बेंगलुरु**



भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह आगामी एशिया कप से पहले 50 ओवर के प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ बातचीत कर रहे हैं और इस संबंध में कप्तान रोहित शर्मा और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली भी शामिल हैं।

शीर्ष क्रम के टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार ने 26 एकदिवसीय मैच खेले हैं और 101.38 के स्ट्राइक-रेट के साथ उनका औसत केवल 24.33 है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया वनडे में 19, 24 और 35 के स्कोर बनाए और इससे पहले, वह मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार तीन पहली गेंद पर शून्य पर आउट हुए थे।

सूर्यकुमार ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे लगता है कि जो भूमिका मुझे दी जाएगी, मैं उस भूमिका को बनाए रखने की कोशिश करूंगा, और अगर यह कोई बदली हुई भूमिका है तो मैं कोशिश करूंगा और वह करूंगा। लेकिन हां, यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। हर कोई कह रहा है कि 'टी20 मेरे लिए अच्छा चल रहा है, दोनों सफेद गेंद का क्रिकेट है लेकिन मैं 50 ओवर के प्रारूप में कोड को क्रैक क्यों नहीं कर पा रहा हूं।' लेकिन, मैं अपना अभ्यास कर रहा हूं क्योंकि मेरे अनुसार, यह प्रारूप सबसे चुनौतीपूर्ण है। इसके पीछे कारण यह है कि यहां आपको बाकी 3 फॉर्मेट की तरह ही खेलना होता है। सबसे पहले शांति और धैर्य के साथ स्थापित होकर, फिर स्ट्राइक को अच्छी तरह से घुमाकर, इसके बाद अंत में टी20 गेमप्ले।

उन्होंने आगे कहा, तो, इस प्रारूप में संतुलन बहुत महत्वपूर्ण है, और इसी कारण से, मैं बहुत अभ्यास कर रहा हूं और राहुल सर, रोहित भाई और विराट भाई के साथ इस संबंध में बातचीत भी कर रहा हूं। उम्मीद है, इस टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ, मैं इस फॉर्मेट में बेहतर प्रदर्शन करूंगा।

दाएं हाथ के बल्लेबाज को उम्मीद है कि बेंगलुरु में चल रहे कैंप में उनकी कड़ी मेहनत उन्हें एशिया कप में वनडे कोड हासिल करने में मदद करेगी।

मैं बस अपना इरादा बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं और कम से कम उसी दृष्टिकोण को अपनाने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि जब आप इस खेल को खेल रहे हों तो अपने दृष्टिकोण पर कायम रहना बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन मैं स्थिति के साथ खेलने की कोशिश कर रहा हूं।"

उदाहरण के लिए, अगर मैं 30वें ओवर में बल्लेबाजी करने जा रहा हूं और 20 ओवर बचे हैं, तो शुरू से ही मैं अपना खेल नहीं खेल सकता, जैसा कि मैं टी20 में खेलता हूं। इसलिए मुझे उस स्थिति से खेलना होगा। इसलिए मैं इस प्रारूप को डिकोड करने के लिए अपना अभ्यास कर रहा हूं और उम्मीद है कि मैं जिस तरह की तैयारी कर रहा हूं, उससे मैं इसे डिकोड कर पाऊंगा।" सूर्यकुमार ने कहा कि मैच में स्थिति चाहे जो भी हो, वह हमेशा किसी भी चीज के लिए तैयार रहते हैं।

# डॉक्टर स्नेहांशु साहा और यश किंगर बने प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची। 4 दिवसीय थर्ड रांची ओपन स्नूकर टूर्नामेंट गेमर्स गैरेज, बरियातू में खेले जा रहे टूर्नामेंट का आज समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में मास्टर स्नूकर के विजेता यश किंगर उपविजेता कशिश (हजारीबाग), स्नूकर 6 रेड स्नूकर में विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा (हजारीबाग), यश किंगर उपविजेता, मिनी स्नूकर विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा, उपविजेता कशिश, मिनी 6 सिक्स रेड विजेता प्रतीक लाल, उपविजेता चाहत एवं 9 बॉल्स के विजेता डॉक्टर स्नेहांशु साहा उपविजेता यश किंगर और तृतीय स्थान पर नीरज सिंह रहे। मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉक्टर मोहम्मद जाकिर और सबसे सीनियर खिलाड़ी विनोद कुमार उपाध्याय ने विजेताओं और उपविजेताओं को कैश एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किए। इस अवसर पर इंद्र, टीपू, जॉनसन, तनवीर, ऋग सेन गुप्ता, नील, नीरज, नितेश, मेजर, एजाज, आयुष राज, सुमित, सिद्धार्थ लाल सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

# इगोर स्टिमैक ने 49 वें किंग्स कप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत की सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने 7-10 सितंबर, 2023 तक चियांग माई, थाईलैंड में होने वाले 49वें किंग्स कप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। भारत (99वीं रैंकिंग) सेमीफाइनल में 7 सितंबर को भारतीय समयानुसार 16:00 बजे 700वीं वर्षगांठ स्टेडियम में इराक (70वीं रैंकिंग) से भिड़ेगा। उसी दिन 19:00 बजे दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान थाईलैंड (113वें स्थान पर) का मुकाबला लेबनान (100वें स्थान पर) से होगा। सेमीफाइनल के विजेता 10 सितंबर को फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**भारत की 23 सदस्यीय टीम**

**गोलकीपर :** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह।
**डिफेंडर :** आशीष राय, निखिल पुजारी, संदेश झिंगन, अनवर अली, मेहताब सिंह, लालचुंगनुंगा, आकाश मिश्रा, सुभाशीष बोस।
**मिडफील्डर :** जैक्सन सिंह थौनाओजम, सुरेश सिंह वांगजाम, ब्रैंडन फर्नांडिस, सहल अब्दुल समद, अनिरुद्ध थापा, रोहित कुमार, आशिक कुरुनियान, नाओरेम महेश सिंह, लालियानज़ुआला चांगटे।
**फॉरवर्ड :** मनवीर सिंह, रहीम अली, राहुल केपी।
**मुख्य कोच :** इगोर स्टिमैक।

## राष्ट्रीय खेल दिवस

# अनुराग ठाकुर ने मेजर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। अनुराग ठाकुर ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, लीजेंड, लिगेसी, लेसंश, राष्ट्रीय खेल दिवस पर नेशनल स्टेडियम, दिल्ली में भारतीय हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस विशेष अवसर पर, हम भारतीय खेलों पर प्रमुख पहल शुरू कर रहे हैं। तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, मेजर ध्यानचंद उस भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे जिसने ओलंपिक के 1928, 1932 और 1936 संस्करणों में स्वर्ण पदक जीता था। देश के लिए अपने 185 मैचों में उन्होंने के लिए 570 गोल किये।

## यूएस ओपन : जोकोविच ने की मुलर के खिलाफ शानदार वापसी

# विश्व रैंकिंग में फिर पहला स्थान हासिल किया

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



नोवाक जोकोविच ने 2021 के फाइनल में रूसी डेनियल मेदवेदेव द्वारा कैलेंडर ग्रैंड स्लैम से वंचित किए जाने के बाद यूएस ओपन में शानदार वापसी की।

सोमवार रात फ्रेंचमैन एलेक्जेंडर मुलर के खिलाफ अपने शुरूआती दौर के मुकाबले में जोकोविच ने आर्थर ऐश स्टेडियम में 6-2, 6-2, 6-3 स्कोर के साथ सीधे सेटों में आसानी से जीत हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया।

इस जीत के साथ, उन्होंने मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन कार्लोस अलकराज से एटीपी विश्व रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान दोबारा हासिल कर लिया। जोकोविच 11 सितंबर को रिकॉर्ड 390 वें सप्ताह रैंकिंग में शीर्ष पर की शुरूआत करेंगे। उन्होंने इस जीत का खुशी से जश्न मनाया और अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, पहले सेट में मैंने बॉक्स के बाहर बहुत अच्छी शुरूआत की। हमने काफी देर से शुरूआत की। जाहिर है, मैचों के बीच एक समारोह था और मुझे पता था कि हमारी शुरूआत देर से हो सकती है, लेकिन फिर भी मैं कोर्ट पर आने के लिए उत्साहित था।

कुछ साल हो गए हैं, और यहां आर्थर ऐश पर आप लोगों के सामने आना हमेशा सम्मान और खुशी की बात होती है!"

जोकोविच ने कोर्ट पर जो दबदबा दिखाया, वह सभी के लिए स्पष्ट था, खासकर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और प्रथम महिला मिशेल ओबामा के लिए, जिन्होंने अंत तक उनके खेल का आनंद लिया।

जोकोविच की नजर अपने 10वें प्रदर्शन में अपने चौथे यूएस ओपन खिताब पर होगी और साथ ही एक ही सीजन (2021 और 2015) के दौरान सभी चार स्लैम के फाइनल में अपने करियर की तीसरी उपस्थिति बनाने पर भी होगी। दुनिया के 76वें नंबर के स्पैनियार्ड बनार्बे जपाटा मिरालेस, जिन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका के एनसीएए चैंपियन एथन क्विन को 6-4, 6-4, 6-3 से हराया, दूसरे दौर में जोकोविच से भिड़ेंगे।



NEWS इन ब्रीफ

### टाइगर ग्लोबल ने जोमैटो में अपनी 1.8% हिस्सेदारी 1,412 करोड़ में बेची

**नई दिल्ली।** टाइबर ग्लोबल और अरबपति यूरी मिल्नर की डीएसटी ग्लोबल ने सोमवार को जोमैटो में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी खुले बाजार में लेनदेन के जरिए 1,412 करोड़ रुपए में बेच दी है। एक्सिस म्यूचुअल फंड, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, फाउंडर्स कलेक्टिव फंड, मॉर्गन स्टेनली एशिया सिंगापुर और सोसायटी जनरली ने ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने के सामान की आपूर्ति करने वाली कंपनी जोमैटो के शेयर खरीदे हैं। बीएसई और एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, टाइगर ग्लोबल ने बीएसई पर जोमैटो के 12,34,86,408 शेयर बेचे। यह 1.44 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। वहीं डीएसटी ग्लोबल ने अपनी निवेश इकाई अपोलेटो एशिया लि. के जरिये 3,19,80,447 शेयर बेचे, जो 0.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

### शेयर बाजार में फिर मजबूत शुरूआत सेंसेक्स 183 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को भी मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत हुई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 183.98 (0.28%) अंकों की बढ़त के साथ 65,180.58 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी में 46.50 (0.24%) अंकों की बढ़त के साथ 19,352.55 अंकों के लेवल पर ट्रेड होता दिखा। मंगलवार को बाजार की मजबूती में फार्मा सेक्टर के शेयर सबसे आगे रहे। सिप्ला का शेयर सवा फीसदी की मजबूती के साथ निफ्टी का टॉप गेनर रहा, जबकि जियो फाइनेंशियल का शेयर टॉप लूजर के रूप में कारोबार करता दिखा। हालांकि थोड़ी देर बाद इसके शेयरों में खरीदारी दिखने लगी। इससे पहले सोमवार को भारतीय बाजार दो दिन की गिरावट के बाद हरे निशान पर बंद हुए थे। बीएसई सेंसेक्स 110 अंक मजबूत होकर 65000 के पार पहुंचकर बंद हुआ था।

# बीपीसीएल पांच वर्षों में करेगी 1.5 लाख करोड़ का निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत पेट्रोलियम कॉर्प लिमिटेड (बीपीसीएल) ने अपनी पहल, प्रोजेक्ट एस्पायर पर अगले पांच वर्षों में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी। बीपीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक जी कृष्णकुमार ने सोमवार को कंपनी की 70 वीं वार्षिक आम बैठक में कहा कि प्रोजेक्ट एस्पायर के तहत ऑइल मार्किटिंग कंपनी केवल अपने तेल कारोबार को बढ़ाएगी। साथ ही अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो का भी विस्तार करेगी। कंपनी ने 2040 तक नेट-शून्य कार्बन एमिशन का लक्ष्य रखा है। कृष्णकुमार ने बैठक में कहा, कंपनी ने अगले पांच वर्षों में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए का नियोजित पूंजीगत व्यय निर्धारित किया है। यह




खर्च बीपीसीएल को भविष्य की पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को संरक्षित करते हुए हमारे हितधारकों के लिए लॉन्ग टर्म वेल्यू बनाने में सक्षम बनाएगा। कृष्णकुमार ने यह भी कहा कि बीपीसीएल ग्रीन हाइड्रोजन, कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) और एमिशन में कमी लाने के लिए एनर्जी एफिशियंसी में सुधार समेत परियोजनाओं के लिए अब से 2040 के बीच 1 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। बीपीसीएल अपनी 240,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) मुंबई रिफाइनरी और मध्य भारत में बीना रिफाइनरी के लिए 50 मेगावाट कैप्टिव पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश भी करेगी। कंपनी को 2025 तक 1 गीगावाट और 2040 तक 10 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने की उम्मीद है। कृष्णकुमार ने कहा कि बीपीसीएल के साथ भारत ओमान रिफाइनरीज के विलय ने कंपनी की रिफाइनिंग क्षमताओं को महत्वपूर्ण बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि बीपीसीएल अपनी बीना रिफाइनरी की क्षमता 7.8 एमएमटीपीए से बढ़ाकर 11 एमएमटीपीए कर रही है, जिससे उत्तरी और मध्य भारत में उसके बाजार सुरक्षित हो जाएंगे। विस्तार के बाद बीना रिफाइनरी की क्षमता लगभग 220,000 बैरल प्रति दिन (बीपीडी) हो जाएगी।

### आईटी सेवा क्षेत्र की आय वृद्धि 2023-24 में घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगी : इक्रा

**मुंबई।** भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र की आय वृद्धि चालू वित्त वर्ष में घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगी, जो पिछले वित्त वर्ष में 9.2 प्रतिशत थी। घरेलू रेटिंग कंपनी इक्रा रेटिंग्स ने मंगलवार को यह अनुमान जताया। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में क्षेत्र के मुनाफे में भी गिरावट होगी और परिचालन लाभ मार्जिन एक प्रतिशत तक कम होकर 20-21 प्रतिशत रह जाएगा। इक्रा ने मांग में नरमी को मंदी का कारण बताते हुए कहा कि आय वृद्धि वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज 9.2 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3-5 प्रतिशत रह जाएगी। एजेंसी के आईटी सेवा क्षेत्र के प्रमुख दीपक जोतवानी ने कहा कि आईटी कंपनियों के लिए प्रमुख बाजारों में "लगातार अनिश्चितता" बनी हुई है, जिसके चलते गैर-महत्वपूर्ण परियोजनाओं में रुकावट जारी है। उन्होंने बताया कि बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा, खुदरा, प्रौद्योगिकी तथा संचार जैसे प्रमुख क्षेत्रों द्वारा विवेकाधीन आईटी खर्च में कमी की गई है।

### फर्स्टक्राई के फाउंडर को इनकम टैक्स नोटिस पांच करोड़ डॉलर की टैक्स चोरी का आरोप




**नई दिल्ली।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट तीन भारतीय यूनिकॉर्न कंपनियों फर्स्टक्राई ग्लोबलबीज ब्रांड्स लिमिटेड और एक्सप्रेसबीज के फाउंडर द्वारा कथित तौर पर टैक्स चोरी को लेकर जांच कर रहा है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इन तीन यूनिकॉर्न कंपनियों के संस्थापक सुपम माहेश्वरी को इस संबंध में नोटिस भेजा है। विभाग ने नोटिस में पूछा है कि उन्होंने फर्स्टक्राई में किए गए इक्विटी लेनदेन पर 5 करोड़ डॉलर से ज्यादा के टैक्स का भुगतान क्यों नहीं किया। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, निजी इक्विटी फर्म क्रिसकैपिटल मैनेजमेंट कंपनी और सुनील भारती मित्तल के पारिवारिक कार्यालय सहित फर्स्टक्राई के कम से कम छह निवेशकों को भी इससे सम्बंधित मामले में नोटिस मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, माहेश्वरी जांच निपटाने के लिए टैक्स विभाग से बातचीत कर रहे हैं। बता दें कि कई वर्षों के घाटे के बाद फर्स्टक्राई 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष में मुनाफे में आई गई थी। मिडिया रिपोर्ट के अनुसार, ऑपरेशंस लेवल पर प्रॉफिट में आने के बाद यह कंपनी भारत के कुछ स्टार्टअप्स में से एक है जो आईपीओ बाजार में एंट्री करना चाहती है। इससे पहले पिछले सप्ताह ही फर्स्टक्राई में 29 फीसदी हिस्सेदारी रखने वाली निवेश फर्म २ङ्गाउुल्ल' ने इस यूनिकॉर्न में अपनी हिस्सेदारी करीब 1.5 से 2 फीसदी तक कम कर दी है।

### 19 सितंबर को लॉन्च होगा जियो एयर फाइबर



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने सोमवार को ऐलान किया कि जियो एयर फाइबर को 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर लॉन्च किया जाएगा, जिससे कंपनी को भारतीय होम सेगमेंट में ग्राहक मूल्य और राजस्व वृद्धि का एक और अवसर मिलेगा। अंबानी ने आरआईएल की 46वीं एजीएम में कहा, जियो एयर फाइबर लास्ट-मील फाइबर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमारे पैन-इंडिया 5जी नेटवर्क और एडवांस वायरलेस टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है। उन्होंने कहा, "ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से, हम वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 15,000 कनेक्शन को जोड़ सकते हैं। लेकिन जियो एयर फाइबर के साथ, हम प्रति दिन 150,000 कनेक्शन तक इस विस्तार को सुपरचार्ज कर सकते हैं, जो 10 गुना वृद्धि है, अगले तीन सालों में हम करीब 20 करोड़ घरों में इंटरनेट पहुंचाने की उम्मीद कर रहे हैं।" अंबानी ने कहा, "फिक्स्ड-मोबाइल कन्वर्जेंस के जरिए, हम भारतीय परिवारों, विशेष रूप से प्रीमियम घरों, जहां घरेलू ब्रॉडबैंड का उपयोग सबसे तेजी से बढ़ रहा है, के बीच अधिक कनेक्टिविटी को बढ़ावा दे सकते हैं। यह अलग-अलग स्मार्ट होम समाधानों को व्यापक रूप से अपनाने की नींव भी रखता है। अंबानी ने कहा कि जियो का ऑप्टिकल फाइबर इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे भारत में 1.5 मिलियन किमी तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा, ऑप्टिकल फाइबर के विस्तार में शामिल जटिलताओं और देरी के कारण लाखों संभावित ग्राहक होम ब्रॉडबैंड से वंचित रह जाते हैं, यहीं पर हमारी फिक्स्ड-वायरलेस ब्रॉडबैंड पेशकश जियो एयर फाइबर आती है।"

## फसल उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत : अमिताभ कांत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने नई अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के जरिए फसल उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन के प्रति स्मार्ट और अनुकूल बनाने के लिए ऐसा करना चाहिए। कांत यहां आयोजित जी20 इंडिया एग्री-टेक समिट 2023 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ऊंची आर्थिक वृद्धि के लिए भारत को कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है। इसकी उत्पादकता तेजी से बढ़नी चाहिए। इसका मतलब यह होगा कि हमें कई नई अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि कृषि का डिजिटलीकरण, कृषि क्षेत्र में तकनीकी परिवर्तन और नवाचार इस वर्ष जीसीओ में भारतीय अध्यक्षता में केंद्रीय प्राथमिकता रही है। कांत ने कहा, कृषि क्षेत्र को डेटा-संचालित, स्मार्ट और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनाना कृषि क्षेत्र के परिवर्तन का अभिन्न अंग है।" उन्होंने कहा कि इसके लिए खुली पहुंच वाले कृषि डेटा मंच और उन्हें वैश्विक सार्वजनिक सामान के रूप में मान्यता देने जैसे पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने किसानों, विशेषकर छोटे और सीमांत कृषकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों से स्टार्टअप और जिम्मेदार निवेश को शामिल करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कांत ने कहा कि यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि किसान इन प्रौद्योगिकियों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि कृषि में तकनीकी प्रगति वास्तव में महत्वपूर्ण है। इससे किसानों को वास्तविक समय में आंकड़े उपलब्ध कराने और फसल उत्पादन पूवार्नुमान मॉडल तैयार करने में मदद मिलेगी।

कैम्पा कोला को लेकर ईशा अंबानी की बड़ी तैयारी, कहा-

## एशिया और अफ्रीका से करेंगे शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता। नई दिल्ली**

घरेलू शीतल पेय ब्रांड कैम्पा कोला का पिछले साल अधिग्रहण करने के बाद से रिलायंस रिटेल इसका उत्पादन बढ़ाने में लगी है और उसकी एशिया एवं अफ्रीका समेत वैश्विक बाजारों में भी इसे पेश करने की योजना है। रिलायंस रिटेल ने पिछले साल 22 करोड़ रुपए में कैम्पा कोला ब्रांड का प्योर ड्रिंक्स ग्रुप से अधिग्रहण करने के बाद उसे नए सिरे से बाजार में उतारा है। अब यह शीतल पेय उत्पाद चुनिंदा बाजारों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने लगा है जहां उसका मुकाबला कोका-कोला और पेप्सिको जैसी वैश्विक कंपनियों से है। रिलायंस रिटेल की निदेशक ईशा अंबानी ने कहा, हमने कैम्पा कोला को भारतीय स्वाद के साथ पेश किया है और ग्राहकों ने पूरे दिल से इसे अपनाया है। हम भारतीय बाजार में इसका उत्पादन




बढ़ा रहे हैं और इसे वैश्विक बाजार में भी ले जाने पर काम कर रहे हैं। इसकी शुरूआत एशिया और अफ्रीका के साथ होगी।" रिलायंस रिटेल की एफएमसीजी इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने कैम्पा कोला के उत्पादन एवं पैकिंग के लिए साल की शुरूआत में श्रीलंका स्थित सीलोन बेवरेज इंटरनेशनल के साथ रणनीतिक साझेदारी की थी। कैम्पा कोला देश में कोका-कोला और पेप्सिको जैसी विदेशी कंपनियों के भारतीय बाजार में दस्तक देने के पहले एक लोकप्रिय शीतल पेय ब्रांड था लेकिन नब्बे के दशक में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ने के साथ यह अपनी चमक खोता चला गया।

## विदेश

### तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण इटली में तबाही

## गर्मी के बाद अब बारिश और भूस्खलन का कहर

**एजेंसी। रोम**

इटली के पर्वतीय क्षेत्रों में सोमवार को भूस्खलन के बाद दर्जनों लोगों को वहां से हटाया गया। एक विशाल चट्टान के खिसकने से सुरंगों तक पहुंच अवरुद्ध होने के कारण फ्रांस और इटली के बीच ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रचंड गर्मी के कुछ ही दिनों बाद, इटली में अब तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट देखी जा रही है, जिसके कारण भूस्खलन और बाढ़ की चेतावनी दी जा रही है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, भूस्खलन के कारण अल्पाइन शहर कॉर्टिना डी'अम्पेजो के पास लगभग 70 लोगों को निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा, और मिलान के उत्तर में लोम्बार्डी के वाल्टेलिना क्षेत्र



में बाढ़ के बाद एक दर्जन अन्य लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ा। सड़कें बंद कर दी गईं और जेनोआ, मिलान, ट्यूरिन और वेरोना शहरों सहित पूरे उत्तरी इटली में बाढ़ की चेतावनी जारी कर दी गई। वेनिस में, इस वर्ष एक उच्च तकनीक बाढ़-रोधी प्रणाली का उपयोग किया गया था, क्योंकि शहर को अगस्त में बाढ़ के खतरे का सामना करना पड़ा था। आम तौर पर, देश के उस हिस्से में बाढ़ का मौसम अक्टूबर में शुरू होता है। यह सब देश में गर्मियों की तीसरी बड़ी लू की समाप्ति के कुछ ही दिनों बाद आता है। पिछले शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा था कि देश के 27 सबसे बड़े शहरों में से 19 शहरों के लिए अत्यधिक गर्मी की चेतावनी जारी की गई है। उच्च तापमान से युवा और स्वस्थ व्यक्तियों के स्वास्थ्य को भी खतरा हो सकता है। सप्ताहांत में, ठंडी मौसम प्रणाली के कारण देश में तापमान कम हो गया। सोमवार को केवल एक शहर ₹रेड अलर्ट₹ के तहत था। दोनों देशों के ट्रेन ऑपरेटरों के अनुसार, इटली के पीडमोंट क्षेत्र को आल्प्स के पार फ्रांस के अल्पाइन सेवॉय क्षेत्र से जोड़ने वाली ट्रेन सेवा रविवार को फ्रांस की मौरिएन घाटी में चट्टान खिसकने के कारण बंद कर दी गई। यह कई दिनों या एक सप्ताह तक भी बंद रह सकती है। दक्षिणी इटली में सोमवार को तापमान गिर रहा था, लेकिन देश के बाकी हिस्सों में बारिश नहीं हुई।

### इंडोनेशिया में 6.1 तीव्रता का भूकंप से सहमे लोग

**जकार्ता।** मौसम, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने कहा कि मंगलवार को इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया है। हालांकि, भूकंप के कारण सुनामी नहीं आई है। एजेंसी ने शुरूआत में बताया था कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गई है, लेकिन बाद में इसे संशोधित किया गया। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप सुबह 11.34 बजे आया। भूकंप का केंद्र मालुकु तेंगाह (मध्य मालुकु) जिले से 279 किमी दक्षिण पूर्व में और समुद्र तल के नीचे 221 किमी की गहराई में था। एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की क्योंकि भूकंप के झटकों से संभावित रूप से विशाल लहरें नहीं उठीं। भूकंप के झटके निकटवर्ती प्रांत पश्चिमी पापुआ की राजधानी सोरोंग शहर में भी महसूस किए गए।

## पेज एक के शेष

### घरेलू गैस सिलेंडर ...

रुपये लिये उन्हें मुफ्त दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में गैस सिलेंडर की कीमत 1103 रुपये है। अब इसकी कीमत घटकर 903 रुपये हो जाएगी।

### राज्य की ...

खिलाफ जाकर स्थानीय जन भावनाओं की संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मांग की है कि झारखंड की पहचान एक खनिज संपदा बहुल राज्य के रूप में स्थापित हुई है और देश के विकास में इसका अहम योगदान है। खनिजों से प्राप्त राजस्व का बड़ा भाग कोयला खनिज से ही प्राप्त होता है, जिसका लगातार दोहन किया जा रहा है। अनुरोध है कि यहां के संस्कृति, परंपरा और इतिहास को उचित सम्मान दिया जाय।

### टीपीसी के दो ...

उग्रवादियों को पकड़ा, तब उसने कहा कि वे दोनों महिलाओं के नाम से सिम लेकर एरिया कमांडर विक्रम गंझू को दिए थे।

**साइट में तैनात गार्ड को पीटा, लाइट रूम में की तोड़फोड़ :** ग्रामीण एसपी ने बताया कि सोमवार को रंगदारी देने से इंकार करने पर पुल निर्माण स्थल के समीप बना साइट पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। साइट में तैनात गार्ड के साथ मारपीट की। इसके बाद लाइट रूम में तोड़फोड़ भी किया। गार्ड को धमकी दी कि निर्माण कार्य पर अविलंब रोको। ठेकेदार मुमताज अंसारी को तुरंत लेवी की रकम पहुंचाने की भी धमकी दी। अगर रंगदारी की रकम नहीं मिली तो ठेकेदार को जान से मार दिया जाएगा। घटना के बाद ठेकेदार ने चान्हो थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने दोनों उग्रवादियों को गिरफ्तार किया।

### महाराष्ट्र से दो...

रही है ताकि उसे पर भी नकेल कसा सजा सके।

जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि ठगी के पैसे 22 बैंक खातों के जरिए ठगों ने ट्रांसफर किए थे। 22 में से अधिकांश बैंक खाते विदेशों में है। ठगी के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप वर्चुअल नंबर के द्वारा बनाया गया था। इसके बाद ग्रुप के माध्यम से पीड़ित को जोड़ा गया ,जोड़ने के बाद निवेशक को निवेश में डबल और ट्रिपल मुनाफा का आश्वासन दिया गया था। पैसे के निवेश के लिए चाइनीज एप नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया था,साथ ही एप वास्तविक नजर आए इसके लिए एक फेक वेब पेज भी बनाया गया। लेकिन जैसे ही पैसे की ठगी हुई वेबसाइट भी बंद हो गया और व्हाट्सएप खाता भी।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(विकास शाखा)**
दूरभाष : 06553-261555(o) Email ID : dc-ramgarh@gov.in

**-:विज्ञापन:-**

सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड,राँची के पत्रांक JAP-IT/e-District/29-04/2011-12-601 दिनांक 26.03.2021 के आलोक में रामगढ़ जिले में e-District Manager के 01 पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए निम्नवत आवेदन आमंत्रित किया जाता है:-

| क्रं० | पद का नाम | रिक्ति की संख्या | मानदेय | योग्यता | वांछित कौशल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | e- District Manager | 01 | Rs. 23,500 Per Month | 1. Must be 21-35 Years old on 01st July 2023<br>2. BCA/BIT/B.Tech/MCA or Must be a graduate (any Discipline) With 1 Year Computer Diploma<br>3. Knowledge of English and Local Language of the State for Which the candidate has applied<br>4. Minimum of two (2) years of works experience preferably in IT/e-Governance related field. | 1. Prior Project management experience<br>2. Should be computer literate<br>3. Experience in the domain of IT Project, IT infrastructure deployment/software development, hardware, networking, security management in IT projects is preferred.<br>4. Good people management and communication skills.<br>5. Result oriented and self motivated.<br>6. Candidate should have the local knowledge of the State/District<br>7. Experience in computerization of organization/ departments will be an added benefit. |

- The application should be accepted through offline mode only. Application form can be downloaded from https://ramgarh.nic.in.
- The application form should be sent to DC-Cum-Chairman, DeGs, Ramgarh, Collectorate Block –B, Development Section, Ramgarh Pin-825101 through registered/Speed post only.
- The candidate will get all the information about this recruitment through https://ramgarh.nic.in
- Application should be submitted on or before 15-09-2023
- The list of shortlisted candidate will also available on https://ramgarh.nic.in.
- No TA/DA will be paid for attending interview or other selection procedure.

ह0/-
उपायुक्त, रामगढ़

PR 305796 District(23-24)#D


भगवान का करिश्मा — हैरान कर देगी अनोखे मिलन की कहानी

# अस्पताल से चुराया बेटा 42 साल बाद मां से मिला

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी देश में एक मां और उसके बेटे के 4 दशक बाद मिलन का भावुक करने वाला मामला सामने आया है। जिम्मी लिपर्ट थिडेन ने जब 42 साल पहले बिछड़ी अपनी मां से स्पेनिश में नमस्ते मां" कहा तो दोनों एक-दूसरे से लिपटकर फफक फफककर रो पड़े। 42 साल पहले मारिया एंजेलिका गोंजालेज ने अस्पताल में अपने बेटे को जन्म दिया था। अभी वह अपनी बांहों में लेकर उसे निहार ही रही थी कि अस्पताल के कर्मचारी उसके बेटे को ले गए। बाद में कर्मचारियों ने उसे बताया कि उसके बेटे की मौत हो गई है। लेकिन अब वह चिली के वाल्दिविया में अपने घर में अपने कलेजे के टुकड़े को सीने से लगा रही थीं। जिम्मी ने आंखों से लगातार बहते आंसुओं के बीच अपनी मां से कहा, मैं आपको बहुत



प्यार करता हूं। अपने बेटे को इतने सालों बाद फिर से अपने सीने से लगाने के बाद मारिया ने एक वीडियो कॉल में कहा, खुशी इतनी ज्यादा थी कि मेरी सांस थम गई। 42 साल मैं उससे दूर रही और अब जब वो मेरे सीने से लगा था तो मानो वक्त थम गया, मैंने उसे कस कर अपने सीने से लगा लिया, 42 सालों तक की भरपाई की कोशिश थी।" अपने जैविक परिवार को ढूंढने का जिम्मी का सफर इस साल अप्रैल में शुरू हुआ जब उसने चिली में जन्मे गोद लिए उन लोगों की कहानियां पढ़ना शुरू कि जिन्हें चिली के गैर लाभकारी संगठन नोस बुस्कामोस' (हम तलाशते हैं) की मदद से उनके जैविक माता-पिता से मिलाया गया था। पिछले नौ साल में नोस बुस्कामोस ने 450 से अधिक पुनर्मिलन कराए हैं। संगठन ने पता लगाया कि थिडेन की मां का चिली की राजधानी सैंटियागो के एक अस्पताल में समय से पूर्व प्रसव कराया गया था और थिडेन को उससे लेकर इन्क्यूबेटर में रख दिया गया था। गोंजालेज को अस्पताल से जाने को कहा गया था लेकिन जब वह लौटी तो उसे बताया गया कि उसके बच्चे की मौत हो चुकी है तथा उसका अंतिम संस्कार किया जा चुका है। नोस बुस्कामोस का अनुमान है कि 1970 और 1980 के दशक में चिली के परिवारों से हजारों बच्चों को छीन लिया गया था। बाल तस्करी के साथ मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाएं तब हुई थी जब जनरल अगस्तो पिनोशे ने 11 सितंबर 1973 को चिली के तत्कालीन राष्ट्रपति सल्वाडोर अलेंदे का तख्तापलट कर दिया था।

**मारिया एंजेलिका गोंजालेज के बच्चे को अस्पताल के कर्मचारी ले गए। बाद में कर्मचारियों ने उसे बताया कि उसके बेटे की मौत हो गई है**

**मां बेटे से 42 साल दूर रही और जब बेटे को सीने से लगाया तो मानो वक्त थम गया**

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व पीएम ने देशवासियों को ओणम की बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ओणम के शुभ अवसर पर देशवासियों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने एक्स (पूर्व ट्विटर) संदेश में कहा, ओणम पर सभी नागरिकों और केरल के भाइयों और बहनों को शुभकामनाएं! इस शुभ अवसर पर हम अनगिनत उपहारों के लिए प्रकृति मां के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। मेरी कामना है कि फसल का यह त्योहार सभी के बीच समृद्धि और सद्भाव की भावना लेकर आए। उपराष्ट्रपति ने एक्स संदेश में कहा, ओणम के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं! समुदायों को परंपराओं की डोर में बांधने वाला ओणम करुणा और बलिदान के शाश्वत मूल्यों की एक मार्मिक याद दिलाता है। यह हमारे कृषक समुदाय के अथक प्रयासों का सम्मान करने और प्रकृति की उदारता के लिए उसके प्रति आभार व्यक्त करने का भी अवसर है। ओणम की भावना सभी के जीवन में खुशियां और समृद्धि लाए। पीएम ने एक्स संदेश में कहा, सभी को ओणम की बधाई! आपके जीवन में अच्छे स्वास्थ्य, अद्वितीय आनंद और अपार समृद्धि की वर्षा हो।

### कांग्रेस नेता ए के एंटनी के बेटे बने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता



**नई दिल्ली।** देश के पूर्व रक्षा मंत्री एवं कांग्रेस नेता ए. के. एंटनी के बेटे अनिल एंटनी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। अनिल एंटनी को पिछले महीने ही राष्ट्रीय सचिव बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में शुमार ए.के. एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी एक समय में कांग्रेस के नेता थे और केरल कांग्रेस के चर्चित चेहरों में शामिल थे।

### खड़गे ने देशवासियों को दी राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देशवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई दी है। खड़गे ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि वह सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को हार्दिक बधाई देते हैं। खेल, चरित्र को उभारता है और हमारी जीवनशैली व व्यक्तित्व को बेहतर बनाता है।

### रसोई गैस सस्ता करने के मोदी सरकार के फैसले पर जेपी नड्डा ने कहा

# मोदी ने रक्षाबंधन पर दिया उपहार



**एजेंसी। नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एलपीजी सिलेंडर को सस्ता करने के मोदी सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से देश की नारी शक्ति को दिया गया उपहार करार दिया है। नड्डा ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय से देशभर में 33 करोड़ उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। जेपी नड्डा ने एक्स (पहले ट्विटर) कर रसोई गैस की कीमत कम करने को लेकर केंद्रीय कैबिनेट के फैसले पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज कैबिनेट द्वारा रसोई गैस की कीमत में भारी कटौती का निर्णय लेने के लिए हृदय से आभार। अब उज्जवला लाभार्थियों को रसोई गैस 700 रुपये में और अन्य सभी उपभोक्ताओं को रसोई गैस अब 900 रुपये में मिलेगी। नड्डा ने इसे रक्षाबंधन पर पीएम मोदी का उपहार बताते हुए आगे कहा कि, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर हमारी नारी शक्ति को यह प्रधानमंत्री मोदी का उपहार है और पीएम मोदी के इस निर्णय से देशभर में 33 करोड़ उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। भाजपा ने सरकार के इस फैसले को ओणम और रक्षाबंधन पर बहनों को मोदी सरकार का बड़ा उपहार करार दिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा पार्टी के अन्य नेता, मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर मोदी सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले का प्रचार-प्रसार करने में जुट गए हैं।

# भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर रोक बरकरार

### सुप्रीम कोर्ट ने दखल देने से किया इनकार




**एजेंसी। नई दिल्ली** भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर लगी रोक को हटाने की याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। 11 अगस्त को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर 28 अगस्त तक रोक लगा दी थी। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने याचिकाकर्ता, आंध्र प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ से अपनी शिकायतों के साथ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा है। 11 अगस्त को, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) द्वारा दायर एक याचिका पर अगले आदेश तक चुनाव रोक दिया गया था, जिसमें हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ को डब्ल्यूएफआई चुनावों में वोट डालने की अनुमति देने के कदम को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति विनोद एस भारद्वाज की पीठ ने यह देखने के बाद मामले को 28 अगस्त के लिए स्थगित कर दिया कि पार्टियों को भारतीय कुश्ती महासंघ की कार्यकारी समिति के चुनाव के लिए वोट डालने का महत्वपूर्ण अधिकार है, जो 12.08.2023 को होना था। ......उसे सुनवाई की अगली तारीख तक रोक लगाने का आदेश दिया जाता है। इससे पहले जुलाई में, शीर्ष अदालत ने एक याचिका पर डब्ल्यूएफआई चुनावों पर गुवाहाटी उच्च न्यायालय की रोक हटा दी थी।

# न्यूजीलैंड के कृषि मंत्री से मिले भारत के कृषि मंत्री




**एजेंसी। नई दिल्ली** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने दिल्ली में मंगलवार को न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निर्यात विकास, कृषि, जैव सुरक्षा, भूमि सूचना व ग्रामीण समुदाय मंत्री डेमियन ओ'कॉनर से मुलाकात की है। यह जानकारी कृषि मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी। मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच कृषि सहयोग एवं साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। न्यूजीलैंड के कृषि मंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तोमर ने भारत व न्यूजीलैंड के बीच संबंधों के महत्व और इसकी निरंतर प्रगति के बारे में उल्लेख किया। उन्होंने 14 वर्षों के अंतराल के बाद संयुक्त व्यापार समिति को पुनः आरंभ किए जाने के संबंध में प्रकाश डाला और इसकी संरचना के तहत कृषि उत्पादों के लिए बाजार पहुंच के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने, भारतीय अनार के दानों को बाजार तक पहुंच प्रदान करने और भारत में एमएसएएमबी वीएचटी सुविधा से आम के आयात पर रोक हटाने के लिए न्यूजीलैंड के मंत्री को धन्यवाद दिया। तोमर ने न्यूजीलैंड के मंत्री को वर्ष 2023 अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स (श्री अन्न) वर्ष के रूप में मनाने की भारत की पहल के बारे में जानकारी देते हुए श्री अन्न के स्वास्थ्य और अन्य लाभों को बढ़ावा देने में उनका सहयोग मांगा, जिस पर डेमियन ने सकारात्मक सहयोग की बात कही।

# चन्द्रयान मिशन : कैबिनेट ने की वैज्ञानिकों की सराहना



**एजेंसी। नई दिल्ली** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इसरो के चन्द्रयान मिशन की सफलता के लिए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की है और कहा है कि यह हमारी अंतरिक्ष एजेंसी की ही सफलता नहीं है बल्कि भारत की प्रगति और ग्लोबल स्टेज पर हमारी ताकत का भी प्रतीक है। कैबिनेट इस बात का स्वागत करती है कि अब 23 अगस्त को ह्यनेशनल स्पेस डेह्न के तौर पर मनाया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट इसरो के प्रयासों के लिए उसे बहुत-बहुत बधाई देती है। हमारे वैज्ञानिकों के निरंतर प्रयासों की वजह से भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रमा पर उतरना, वो भी पूर्व निर्धारित पैरामीटर्स पर पूरी तरह खरा उतरते हुए, अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। तमाम चुनौतियों को पार करते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरना इस भावना का प्रतीक है कि कैसे हमारे वैज्ञानिक ज्ञान की खोज के लिए हर सीमा के पार जाने के लिए तैयार रहते हैं। प्रज्ञान रोवर के द्वारा हमें जो जानकारियों का खजाना मिल रहा है, उससे हमारे ज्ञान में वृद्धि होगी, नई खोज का मार्ग बनेगा और चंद्रमा के रहस्यों को समझने और उसके भी पार जाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट का यह मानना है कि तेजी से बदलते तकनीक और इनोवेशन के दौर में हमारे वैज्ञानिक ज्ञान, समर्पण और विशेषज्ञता की मिसाल हैं। भारत के अंतरिक्ष प्रोग्राम में महिला वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कैबिनेट को गर्व है कि चंद्रयान-3 की सफलता में भी हमारी महिला वैज्ञानिकों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। यह सफलता आने वाले वर्षों में भी हमारी महिला वैज्ञानिकों को प्रेरित करती रहेगी। कैबिनेट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इंडियन स्पेस प्रोग्राम के प्रति उनके विजन और लीडरशिप के लिए बधाई देती है। उनके नेतृत्व में इंडियन स्पेस प्रोग्राम पूरी मानवता के कल्याण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के अटूट भरोसे ने हर बार हमारे वैज्ञानिकों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी है। कैबिनेट चंद्रयान मिशन से जुड़े दो महत्वपूर्ण बिन्दू का नाम तिरंगा (चंद्रयान-2 के पदचिह्न जहां पड़े) और ह्यशिवशक्तिह्न (चंद्रयान-3 जहां उतरा) रखने का भी स्वागत करती है। ये नाम हमारे गौरवशाली इतिहास और आधुनिकता की भावना दोनों के अनुरूप हैं। ये सिर्फ दो नाम नहीं हैं, बल्कि ये हमारी हजारों वर्ष पुरानी विरासत औ? आज की वैज्ञानिक आकांक्षाओं वाले भारत को एक सूत्र में पिरोती हैं। कैबिनेट चंद्रयान मिशन से जुड़े हर व्यक्ति के योगदान की सराहना करती है। चंद्रयान-3 की सफलता इस बात का प्रमाण है कि भारत अपने सामर्थ्य, अपने जज्बे और समर्पण के बल पर कुछ भी हासिल कर सकता है। कैबिनेट को विश्वास है कि चंद्रयान की सफलता के बाद जोश और गर्व से भरे हुए हमारे देश के लोग, मिलकर 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प को जरूर साकार करेंगे।

## दिल्ली में आईजीएल पाइपलाइन हादसे में तीन कर्मचारी झुलसे



**एजेंसी। नई दिल्ली** राष्ट्रीय राजधानी में आईजीएल पाइपलाइन पर काम करने के दौरान दुर्घटनावश पाइपलाइन से टकराने के बाद तीन कर्मचारी झुलस गए। सोमवार दोपहर 2.44 बजे पुलिस को सूचना मिली कि उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में आग लगने की घटना हुई है। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ करने पर पता चला कि सेफ सिटी परियोजना के लिए काम करने वाला ठेकेदार ट्रेंचलेस खुदाई करते समय गलती से आईजीएल पाइपलाइन से टकरा गया, जिससे कुछ क्षति हुई और तीन वेल्डिंग कर्मचारी झुलस गए। उनका अस्पताल में इलाज किया गया और मामूली चोटों के कारण उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्होंने कहा कि बाद में गैस आपूर्ति बहाल करने के लिए आईजीएल इंजीनियरों को मौके पर बुलाया गया। लेकिन तीन लोगों ने वर्करों को मरम्मत करने से रोक दिया और काम में बाधा पहुंचायी। मामले को सुलझाने के लिए पुलिस पार्टी भेजी गई।

## यूक्रेन सहित चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में एस्टोनिया, यूक्रेन, बुर्किना फासो और नॉर्वे के राजदूतों का परिचय पत्र स्वीकार किया। राष्ट्रपति भवन की विज्ञप्ति के अनुसार आज जिन लोगों ने अपना परिचय पत्र प्रस्तुत किया उनमें एस्टोनिया की राजदूत मार्जे लूप, यूक्रेन के राजदूत डॉ. ऑलेक्जेंडर पोलिशचुक, बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिजायर बोनिफेस सम और नॉर्वे साम्राज्य की राजदूत मे-एलिन स्टेनर शामिल हैं।




## काजोल ने मुंबई में अपने ऑफिस के लिए खरीदी नई जगह



**फिल्मी** सितारे अपने काम के साथ-साथ अपनी लाइफस्टाइल से भी हमेशा ध्यान खींचते रहते हैं। उनके ब्रांडेड कपड़े, महंगी कारें, आलीशान घर हमेशा चर्चा में रहते हैं। इन्हीं अभिनेत्रियों में से एक हैं काजोल। अजय देवगन और काजोल ऊपरी मंजिल पर प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं। तो अब काजोल ने मुंबई स्थित अपने ऑफिस के लिए जगह बना ली है। काजोल करोड़ों की मालकिन हैं। उनके कई जगहों पर घर हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने बारह करोड़ के दो घर खरीदे थे। उनके पति अजय देवगन ने भी हाल ही में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदी है। इसके बाद अब काजोल ने मुंबई में अपने नए ऑफिस के लिए नई जगह खरीदी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक काजोल ने ओशिवारा के सिग्नेचर बिल्डिंग में अपने नए ऑफिस के लिए जगह बुक की है। इसकी कीमत 7.60 करोड़ है। यह बिल्डिंग जहां काजोल का ऑफिस है, वह लोटस ग्रैंड्योर के ठीक बगल में है।

## आमिर खान 2024 में क्रिसमस रिलीज के साथ एक्टिंग में करेंगे वापसी



**बॉलीवुड** सुपरस्टार आमिर खान अन-टाइटल फिल्म के साथ एक्टिंग में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी फिल्म अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। यह अक्षय कुमार की 'वेलकम 3' के साथ टकराएगी। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने एक्स पर फिल्म की घोषणा की। उन्होंने साझा किया कि फिल्म का प्री-प्रोडक्शन चल रहा है और यह 20 जनवरी, 2024 को फ्लोर पर जाएगी। आदर्श ने एक्स पर लिखा, 'एक्सक्लूसिव' आमिर खान ने अगली फिल्म के लिए क्रिसमस 2024 को लॉक कर लिया है... आमिर खान प्रोडक्शंस के 'प्रोडक्शन नंबर 16' (अभी तक टाइटल तय नहीं), 20 दिसंबर 2024 क्रिसमस 2024 को रिलीज होगी। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन जारी है और फिल्म 20 जनवरी 2024 को फ्लोर पर जाएगी।


## फिल्म 'पंचकृति : फाइव एलीमेंट्स' की स्क्रीनिंग के दौरान हंगामा



**मुंबई** के प्रतिष्ठित मराठा मंदिर सिनेमा में बहुप्रतीक्षित फिल्म "पंचकृतिः फाइव एलीमेंट्स" की स्क्रीनिंग के दौरान हंगामा हो गया। इससे फिल्म देखने वाले और इंडस्ट्री के लोग दोनों हैरान रह गए। इस घटना ने बॉलीवुड माफिया और फिल्म के निमार्ताओं के बीच लंबे समय से चल रही अटकलों को सुर्खियों में ला दिया है।एक मैगजीन की खबर ने फिल्म इंडस्ट्री में तूफान ला दिया है। इस रिपोर्ट के अनुसार न केवल स्क्रीनिंग में गड़बड़ी हुई बल्कि यह दावा भी किया गया कि आर्टिकल का लेखक कोई और नहीं बल्कि तथाकथित "बॉलीवुड माफिया" का एक आदमी है। मराठा मंदिर सिनेमा में बॉलीवुड की कुछ क्लासिक फिल्मों को प्रदर्शित किया गया है, जिससे यह सिनेप्रेमियों के लिए एक बेहतरीन अड्डा बन गया है। "पंचकृतिः फाइव एलीमेंट्स" की स्क्रीनिंग के दौरान हुई गड़बड़ी ने पूरी इंडस्ट्री को हैरत में डाल दिया है, कई लोग इस घटना के पीछे के मकसद पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि लेखक की पहचान अज्ञात है, लेकिन लेख का समय और विषय इस बारे में सवाल खड़े होते हैं कि क्या यह खोजी पत्रकारिता का एक वास्तविक नमूना है या बॉलीवुड इंडस्ट्री के अंदर एक बड़े शक्ति प्रदर्शन का हिस्सा है।

### उपलब्धि | उपराष्ट्रपति करेंगे मझगांव डॉक के स्टील्थ फ्रिगेट शिप 'महेंद्रगिरि' को लॉन्च

# अत्याधुनिक हथियार, सेंसर से लैस है जहाज



**एजेंसी। मुंबई** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 1 सितंबर को मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा बनाए जा रहे प्रोजेक्ट-17 अल्फा के चौथे स्टील्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरि' को लॉन्च करेंगे। एक अधिकारी ने यहां मंगलवार को यह जानकारी दी। एमडीएल द्वारा बनाए जा रहे नीलगिरि श्रेणी के चौथे और अंतिम जहाज, 'महेंद्रगिरि' को भारतीय नौसेना के ब्यूरो ऑफ नेवल डिजाइन द्वारा डिजाइन किया गया है और इसे उन्नत अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर, संचार सुविधाओं तथा अन्य प्रणालियों से सुसज्जित किया जाएगा। "पी-17 अल्फा क्लास का पहला जहाज 'नीलगिरि' में सितंबर 2019 में लॉन्च किया गया था और 2024 के मध्य के आसपास इसका समुद्री परीक्षण शुरू होने की उम्मीद है। इसी श्रेणी में दूसरा जहाज 'उदयगिरि' मई 2022 में लॉन्च किया गया था जिसका समुद्री परीक्षण 2024 के उत्तरार्द्ध में होना तय है। तीसरा जहाज 'तारागिरी' सितंबर 2020 में लॉन्च किया गया था और डिलीवरी अगस्त 2025 तक होने की उम्मीद है। 'महेंद्रगिरि' की कील जून 2022 में रखी गई थी, और पिछले संस्करणों की तरह, इसे एकीकृत निर्माण पद्धति के साथ बनाया जा रहा है। पी-17ए श्रृंखला की कुल लागत 27,500 करोड़ रुपये है और एमडीएल मुंबई इस श्रेणी के सात जहाजों में से चार का निर्माण कर रहा है। 'महेंद्रगिरि' लगभग 149 मीटर लंबा और 16 मीटर चौड़ा होगा। इसका विस्थापन लगभग 6,600 टन का और अधिकतम गति 30 समुद्री मील प्रति घंटे की होगी। जहाज का हल बनाने में उपयोग किया जाने वाला स्टील स्वदेशी रूप से विकसित डीएमआर 249अ है, जो सेल द्वारा निर्मित एक निम्न-कार्बन माइक्रो-मिश्र धातु ग्रेड स्टील है। पी-17अल्फा जहाज भारतीय नौसेना द्वारा संचालित किसी भी अन्य युद्धपोत की तुलना में कहीं अधिक उन्नत हैं और शक्तिशाली हथियारों और सेंसर पैकेजों से लैस है जो तीन आयामों - हवा में, समुद्र की सतह पर और समुद्र में पानी के भीतर खतरों को बेअसर करने में सक्षम हैं। देश में डिजाइन किए गए 'महेंद्रगिरि' में अत्याधुनिक हथियार, सेंसर, उन्नत कार्रवाई सूचना प्रणाली, एकीकृत मंच प्रबंधन प्रणाली, विश्व स्तरीय मॉड्यूलर रहने की जगह, परिष्कृत बिजली वितरण प्रणाली और अन्य आधुनिक विशेषताएं होंगी। यह एक सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली से सुसज्जित होगा, और इसकी वायु रक्षा क्षमता दुश्मन के विमान खतरों और एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों का मुकाबला करने के लिए डिजाइन की गई है जो ऊर्ध्वाधर प्रक्षेपण और लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली के चारों ओर घूमेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुमू ने पिछले सप्ताह कोलकाता में पी-17ए का 'आईएनएस विंध्यगिरि' लॉन्च किया था।